सूर्योदय 5:48 सूर्यास्त 7:2

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 20.5 अधि |
| धर्मशाला | 18.5 न्यू | 25.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79705.91 |
| निफ्टी | 24367.50 |
| सोना 68,510 | चांदी 88,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ भारत में प्रतिस्पर्धा करना मेरा सपना

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 12 अगस्त 2024 | 28 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 236, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### मानहानि मामला: केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मानहानि मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। उन्होंने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी का वीडियो 'एक्स' पर साझा करने से संबंधित मानहानि मामले में जारी समन को बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। याचिका में केजरीवाल ने स्वीकार किया है कि मानहानिकारक वीडियो साझा करके उनसे गलती हुई है।

### रेफात अहमद बांग्लादेश के नए चीफ जस्टिस



**ढाका।** सैयद रेफात अहमद ने रविवार को बांग्लादेश के नए प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। इससे एक दिन पहले ओबैदुल हसन ने प्रधान न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दिया था। न्यायमूर्ति हसन के अलावा शीर्ष अदालत की अपीलीय डिवीजन के पांच न्यायाधीशों ने भी पद से इस्तीफा दे दिया था।

### मध्य प्रदेश में ट्रेनी विमान क्रैश, दो पायलट घायल


**गुना (मप्र)।** मध्य प्रदेश के गुना में एविएशन अकादमी का प्रशिक्षण विमान रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे दो पायलट घायल हो गए। गुना कैंट पुलिस थाने के प्रभारी दिलीप राजोरिया ने बताया कि दो सीट वाला सेसना 152 विमान दोपहर करीब डेढ़ बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि इंजन में खराबी के कारण हादसा हुआ। दुर्घटना से पहले उसने करीब 40 मिनट तक उड़ान भरी थी।

### ट्रंप का दावा, ईरान ने हमारी वेबसाइट की हैक



**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि चुनावी कैंपेन की वेबसाइट को ईरान सरकार ने हैक की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करना अच्छी बात नहीं है। वह केवल सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी प्राप्त करने में सक्षम थे, लेकिन फिर भी, उन्हें इस तरह का कुछ भी नहीं करना चाहिए।

### पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन



**नई दिल्ली।** लंबे समय से बीमार 93 वर्षीय पूर्व विदेश मंत्री के नटवर सिंह का शनिवार देर रात निधन हो गया। नटवर सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां वह पिछले कुछ हफ्तों से भर्ती थे। वहीं, पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। पीएम ने 'एक्स' पर कहा कि नटवर सिंह ने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में समृद्ध योगदान दिया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- करसोग की बेटियों को राज्य सरकार ने दिया 33 लाख शगुन -पेज 3
- पुलिस ने ठियोग से बरामद किया रैत की 4 वर्षीय बच्ची का शव -पेज 4
- अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की व्यावसायिक अवधि 4 दिन बढ़ी -पेज 7
- रूस में घुसकर हमला कर रही यूक्रेनी सेना: जेलेंस्की -पेज 13
- मेरा विकल्प खोजने के लिए प्रतिभा मौजूद: श्रीजेश -पेज 14


### पंजाब मेल में आग लगने की अफवाह से भगदड़ 30 लोग कूदे, 20 घायल

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में पंजाब मेल एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद भगदड़ मच गई। जनरल कोच में यात्री एक-दूसरे को कुचलते हुए भागने लगे। 30 यात्री 50 किमी/घंटे की स्पीड से चल रही ट्रेन से कूद गए। 20 यात्री घायल हैं। छह लोगों की हालत गंभीर हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पंजाब मेल (ट्रेन नंबर-13006) अमृतसर से हावड़ा जा रही थी। बरेली में रुकने के बाद ट्रेन शाहजहांपुर के लिए रवाना हुई। ट्रेन बहगुल नदी के पुल के करीब पहुंची। तभी किसी यात्री का हाथ आग बुझाने वाले इक्विपमेंट पर लग गई। इक्विपमेंट गैलरी में गिर गया और आग बुझाने वाला केमिकल निकलने लगा। ये देखकर यात्रियों को लगा कि ट्रेन में आग लग गई है। पलक झपकते ही कोच में भगदड़ मच गई।

# पीएम मोदी ने बीजों की 109 किस्में की लांच, किसानों की बढ़ेगी आय और उपज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कृषि और बागवानी फसलों की उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सुदृढ़ीकृत बीजों की 109 किस्मों को जारी किया।

> किसानों के साथ की बात, कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर दिया जोर

इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है। इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने विकसित किया है और ये कुल 61 फसलों से संबंधित हैं। इनमें 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं। मोदी ने दिल्ली के पूसा परिसर में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर बीजों को पेश किया। इस मौके पर मोदी ने किसानों के साथ इन नई किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर मौजूद किसानों ने कहा कि 61 फसलों से संबंधित ये नई किस्में कम लागत के कारण उनके लिए अत्यधिक लाभकारी होंगी। प्रधानमंत्री ने बाजरे के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों की बढ़ती रुचि के बारे में भी बात की।



34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें

किसानों के साथ इन नई किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### कृषि विज्ञान केंद्रों और वैज्ञानिकों की सराहना

**किसानों** ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में सरकार के प्रयासों और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की भूमिका की भी सराहना की। मोदी ने सुझाव दिया कि केवीके को हर महीने विकसित की जा रही नई किस्मों के लाभों के बारे में किसानों को सक्रिय रूप से बताना चाहिए। इन नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की भी सराहना की। खेती की फसलों में अनाज, बाजरा, चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और फाइबर फसलें शामिल हैं। वहीं, बागवानी की फसलों में फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों और औषधीय पौधों की नई किस्में शामिल हैं।

### जैव सुदृढ़ किस्मों को बढ़ावा देने पर जोर

**प्रधानमंत्री** मोदी वर्ष 2014 से ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिकाऊ खेती के तरीकों और जलवायु अनुकूल तरीकों की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने लगातार 'जैव-सुदृढ़' किस्मों को बढ़ावा देने पर जोर दिया है और कुपोषण से निपटने के लिए उन्हें मध्याह्न भोजन योजना और आंगनवाड़ी सेवाओं जैसी सरकारी पहलों से जोड़ा है। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे अप्रचलित फसलों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री के सुझाव के अनुरूप काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि लोगों ने जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग और मांग करना शुरू कर दिया है।

# पंजाब की जैजों खड्ड में बही गाड़ी, ऊना के 9 लोगों की मौत

## दो लापता, एक रेस्क्यू, शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे

**राजेश शर्मा, ऊना**

**हिमाचल**-पंजाब सीमा के पास लगते जैजों गांव में रविवार सुबह एक इनोवा कार खड्ड के तेज बहाव में बह गई। कार में सवार ऊना के नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लापता हैं। एक युवक को स्थानीय लोगों ने बचा लिया।

मरने वालों में ज्यादातर एक ही परिवार के सदस्य थे। ये सभी शादी में भाग लेने के लिए पंजाब जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसवालों ने स्थानीय लोगों की मदद से 9 डेडबॉडी बरामद कर ली हैं। पुलिस ने बताया कि लापता दो लोगों की तलाश जारी है। ये सभी लोग देहलां और भटोली गांव के निवासी थे। लोअर देहलां गांव के सुरजीत सिंह (55) को पंजाब के जैजों के मेहरोवाल गांव में रिश्तेदार के यहां शादी थी। समारोह में सुरजीत, परमजीत कौर, गगनदीप (19), दीपक (22), रामस्वरूप, पलविंद्र कौर, नितिन, भटोली गांव निवासी शीनू देवी पत्नी अमरीक सिंह, बेटा हर्षित, बेटी भावना और मन्नत वाहन में जा रहे थे। उन्होंने देहलां निवासी कुलविंद्र कुमार की गाड़ी किराए पर बुक की और सुबह समारोह के लिए निकले। दुलैहड़ क्षेत्र पार करने के बाद जब वे जैजों पहुंचे तो खड्ड उफान पर थी। पहले उन्होंने वहां रुककर इंतजार करने की सोची, लेकिन कुछ वाहन जाने लगे तो उन्होंने भी वहां से आगे बढ़ने की सोची। गाड़ी अभी पानी में कुछ दूर ही आगे बढ़ी थी कि पानी ने कार को चपेट में ले लिया। (अनंत ज्ञान)

> मृतक देहलां और भटोली गांव के रहने वाले



### उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जताया शोक

**पंजाब** के जैजों गांव में हुए हादसे पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शोक जताया है। उन्होंने 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र के साथ लगते पंजाब के जैजों में भारी बाढ़ आने के कारण एक इनोवा गाड़ी के बहने दुखद हादसे की सूचना है। ये लोग ऊना जिले के हैं। घटना की सूचना मिलते ही तुरंत अधिकारियों को मौके पर भेज दिया गया। हमें इस घटना का बहुत खेद है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण बाथू-बाथड़ी के क्षेत्र में भी तबाही का मंजर बना है। प्रशासन को तुरंत प्रभाव से अलर्ट कर दिया गया है।

### बाथू-बाथरी में बाढ़ ने ली तीन बच्चियों की जान, 1 व्यक्ति लापता

**बाथू**-बाथरी में तीन प्रवासी बच्चियों (बिहार) की बाढ़ की चपेट आने से मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति लापता हो गया। शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा गया है। प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को फौरी राहत के तौर पर 10-10 हजार रुपए की सहायता मुहैया कराई गई है। वहीं, बाढ़ की चपेट में आए एक व्यक्ति की तलाश जारी है।

# हिमाचल में बारिश का कहर भू-स्खलन से 137 सड़कें बंद

## 24 बिजली, 56 से अधिक पेयजल योजनाएं ठप, नदी-नाले उफान पर



ऊना के पुराना होशियारपुर रोड के समीप घरों में घुसा पानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। प्रदेशभर में 137 सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। 24 बिजली ट्रांसफार्मर और 56 से अधिक पेयजल योजनाएं ठप हो गई हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, सिरमौर में 42, कुल्लू में 37, मंडी में 29, शिमला में 17, कांगड़ा में पांच, किन्नौर में 4, लाहौल-स्पीति जिले में एक सड़क बंद है। प्रदेशभर में 137 से अधिक सड़कें बंद हैं।

> कई जिलों में भारी नुकसान, 16 अगस्त तक येलो अलर्ट

भारी बारिश से कई जिलों में भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश में आगामी कुछ दिनों तक बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने आंधी-तूफान व भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 16 अगस्त तक येलो अलर्ट जारी किया है। चंबा, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर और शिमला जिले के लिए बाढ़ जैसे हालत बनने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने निचले इलाकों में तेज हवाओं और जलभराव के कारण बागानों, फसलों, कमजोर संरचनाओं और कच्चे घरों को नुकसान को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। लाहौल-स्पीति, चंबा और सिरमौर जिले में लैंडस्लाइड और फ्लैश फ्लड के कारण भारी नुकसान हुआ है।

### जलमूसा खड्ड में फंसे 7 लोग किए रेस्क्यू

**नाहन** विधानसभा क्षेत्र के तहत कोलर पंचायत के फांदीवाला गांव में उफनती जलमूसा खड्ड में 7 लोगों फंस गए, जिन्हें जेसीबी से सुरक्षित रेस्क्यू किया है। एसडीएम सलीम आजम की देखरेख में रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

### मारकंडा नदी में समाया हनुमान मंदिर

**सिरमौर** जिले में लगातार हो रही मूसलाधार भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। भारी बरसात के चलते जिले की सभी नदी-नाले उफान पर हैं। बारिश के चलते सड़कों पर जगह-जगह मलबा और पत्थर गिरे हैं। मारकंडा नदी पूर उफान पर है और तेज बहाव के कारण हाल ही में बना हनुमान मंदिर भी पानी में समा गया। वहीं, विकास खंड नाहन के तहत सलानी पुल को भी खतरा बना हुआ है।

# हिंडनबर्ग के आरोप अफवाहों से अधिक कुछ नहीं : अडाणी समूह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अडाणी** समूह ने अमेरिकी शोध एवं निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के नवीनतम आरोपों को दुर्भावनापूर्ण और चुनिंदा सार्वजनिक सूचनाओं से छेड़छाड़ करने वाला बताते हुए कहा कि उसका बाजार नियामक सेबी की चेयरपर्सन या उनके पति के साथ कोई वाणिज्यिक संबंध नहीं है। अडाणी समूह ने कहा कि हिंडनबर्ग के आरोप अफवाहों से अधिक कुछ नहीं हैं।

वहीं, सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके पति की अडाणी समूह से जुड़े विदेशी कोष में हिस्सेदारी हो सकती है। सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति ने इन आरोपों को आधारहीन और चरित्र हनन का प्रयास बताया है।

> सेबी प्रमुख ने आरोपों को आधारहीन, चरित्र हनन बताया

### खड़गे बोले- जेपीसी से करवाई जाए जांच

**हिंडनबर्ग** की रिसर्च रिपोर्ट सामने आने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सेबी पर लगे आरोपों की जांच कराने की मांग की है। उन्होंनें कहा कि अदाणी समूह और सेबी की मिलीभगत से हुए घोटाले की जांच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से कराई जाए। पीएम मोदी देश की संवैधानिक संस्थाओं से समझौता करके अपने सहयोगियों को बचाते रहेंगे।

# ग्रेट खली बने मसीहा, सड़क पर पड़े घायल को अपनी गाड़ी से पहुंचाया ऊना अस्पताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



**मानवता** की सेवा के लिए सदैव आगे रहने वाले दलीप सिंह राणा उर्फ द ग्रेट खली ने एक बार फिर मिसाल पेश की है। शनिवार देर शाम कांगड़ा से लौट रहे खली ने बीच सड़क पर एक हादसे में घायल हुए व्यक्ति को न केवल अस्पताल पहुंचाया, बल्कि स्वयं मौके पर रहकर प्राथमिक उपचार भी दिलाया।

माता नयना देवी के दर्शनों के बाद मां चिंतपूर्णी मंदिर के लिए जा रहे श्रद्धालु की गाड़ी एक कैंटर से टकरा गई। घायल व्यक्ति की मदद को कोई आगे नहीं आया। इस दौरान रेसलर ग्रेट खली की नजर घायल व्यक्ति पर पड़ गई। वह कांगड़ा से पंजाब के जालंधर जा रहे थे। उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाई और घायल को लेकर ऊना क्षेत्रीय अस्पताल पहुंच गए। व्यक्ति की हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। घायल गुरनाम सिंह के साथ गाड़ी में सफर कर रहे श्रद्धालु ने बताया कि वे लोग माता नयना देवी के मंदिर से माथा टेकने के बाद माता चिंतपूर्णी की तरफ जा रहे थे। रास्ते में एक कैंटर के साथ गाड़ी टकरा गई। गुरनाम सिंह सड़क पर जा गिरा, जिससे उसके सिर में चोटें आई हैं।

### हादसाग्रस्त लोगों की सहायता को रहें आगे: खली

**द** ग्रेट खली ने कहा कि हादसा कभी भी किसी के भी साथ हो सकता है। ऐसे में लोगों को सदैव हादसाग्रस्त लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिंतपूर्णी से आगे रास्ता बंद होने के कारण उन्हें ऊना की तरफ आना पड़ा, लेकिन रास्ते में पंजाब के फाजिल्का का निवासी वह व्यक्ति हादसे में घायल मिला, जिसे अस्पताल पहुंचाना उन्होंने अपना पहला कर्तव्य समझा।

# किश्तवाड़ में मुठभेड़; सेना के जवानों ने पूरा इलाका घेरा, सर्च अभियान जारी

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सुदूर जंगल में रविवार तड़के सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है।

आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, 3 से 4 आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। अतिरिक्त बल को भेजा गया है और आतंकवादियों की तलाश के लिए बड़े स्तर पर सर्च अभियान चलाया है। वहीं, अनंतनाग जिले में शनिवार को आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में दो जवान शहीद हुए थे। वहीं, दो नागरिक भी घायल हुए थे। आतंकवादी गोलीबारी में घायल हुए अब्दुल राशिद डार ने रविवार सुबह अस्पताल में दम तोड़ दिया। (अनंत ज्ञान)







# शिमला-बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### गेयटी थियेटर में 'जानेमन' नाटक का मंचन



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के गेयटी थियेटर में जानेमन नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। नाटक के समापन पर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि सभी पात्रों को अभिनय बेहतरीन था। किन्नर समाज के जीवन पर आधारित ये नाटक झकझोरने वाला था। नाटक में सभी पात्रों के अभिनय से ये जीवंत हो गया है। हर पात्र ने कुदरत से मिलने वाले एहसास को मंच पर दिखाया है। करीब एक घंटे 40 मिनट के इस नाटक ने सभी दर्शकों को बांध कर रखा है। नाटक के लेखक मछेन्द्र मोरे और निर्देशन कपिल देव शर्मा ने किया है। इसमें सौरभ अग्निहोत्री ने नज्जो, योगीराज शर्मा ने पन्ना, नीरज पराशर ने रेखा, सोहन कपूर ने मुकेश, कृतिका शर्मा ने बसंती, रोहित कौशल ने शकीला, पलक शर्मा ने जूली, लक्की राजपूत ने माया, हरदेव ठाकुर ने सल्मा, तनू भारद्वाज ने गुलाबो, अशोक मेहता ने सेठ, अराध्या, मोहित ठाकुर ने अभिनय किया।

### विधायक ने किया बडियारा-ढाकगांव सड़क का निरीक्षण



**दशमी रावत, रोहड़ू।** मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा का ढाकगांव पंचायत के ढाक में लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने बड़ियारा-ढाकगांव सड़क का निरीक्षण किया। ढाकगांव पंचायत की प्रधान गीता परगुवाण ने सीपीएस मोहन लाल ब्राक्टा से आग्रह करते हुए मांग की है कि बडियारा-ढाकगांव सड़क को सेब सीजन के लिए दुरुस्त किया जाए और सड़क को नाबार्ड के अंतर्गत जल्द पक्का किया जाए। वहीं उन्होंनें मांग की है कि जल शक्ति विभाग में लंबित पडी हुई विभिन्न योजनाओं को जल्द पुरा किया जाए। मोहन लाल ने बताया कि सेब सीजन को मद्देनजर रखते हुए बडियारा-ढाकगांव सड़क पर सोलिंग व गटका बिछाकर सड़क को बड़े वाहनों के लिए सुचारु रुप से बहाल किया जाएगा। एचआरटीसी बस को ढाक बस स्टैंड तक चालू कर दिया जाएगा। सीपीएस ब्राक्टा ने ऐच्छिक विधायक निधि से ढाक में बन रहे गोडासी देवता महाराज के मंदिर के निर्माण के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की है। (अनंत ज्ञान)

### निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने रोपे 125 पौधे




**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** संत निरंकारी मिशन की सुन्नी ईकाई द्वारा घरयाना में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत सुन्नी की उपाध्यक्षा श्यामा बतौर मुख्याथिति शिरकत की और पोधा रोप कर कार्यक्रम का आगाज किया। सुन्नी ईकाई के प्रमुख हेम प्रकाश ने बताया कि मिशन की सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज द्वारा वननेस वन का कार्यक्रम वर्ष 2021 से शुभारंभ किया गया था। इस दौरान शीशम, दाडू, जामुन व रीठे तथा अमरूद के लगभग 125 पौधे रोपे गए। (अनंत ज्ञान)

### सिकुड़ता जा रहा घुमारवीं का बस स्टैंड



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के घुमारवीं बस स्टैंड पर कभी-कभी जाम की स्थिति बन जाती है, इससे बसों में सफर करने वाले यात्रियों सहित चालकों को परेशानी झेलनी पड़ती है। आलम यह है कि साल दर साल वाहनों की बढ़ती संख्या के हिसाब से शहर का बस अड्डा सिकुड़ता जा रहा है। घुमारवीं शहर का बस अड्डा वाहनों की बढ़ती संख्या के मुताबिक बेहद छोटा पड़ गया है। जानकारी के मुताबिक घुमारवीं बस स्टैंड पर प्रतिदिन सैकड़ों बसों की आवाजाही होती है। लौंग रूट से लेकर लोकल रूट पर चलने वाली निगम सहित निजी बसें यहां से होकर गुजरती है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यहां बसों की पार्किंग और बसों को मोड़ने को लेकर होती है। बस मोडने के लिए ही कई मिनट चालकों को लग रहे हैं। बता दें कि बस स्टैंड में बनी वर्कशॉप को अबढानी घाट के पास शिफ्ट कर बस स्टैंड के विस्तार की योजना शुरू की थी। लेकिन वन संरक्षण अधिनियम के तहत मंजूरी न मिल पाने के कारण बात आगे ही नहीं बढ़ पाई। वही बस अड्डा प्रभारी धर्म दत्त ने बताया कि बस स्टैंड के अंदर जाम लगने की बात है तो आने वाले कुछ दिनों में आउटर रोड का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद बसों के आने और जाने का रास्ता अलग-अलग होगा, जिस वजह से बार बार लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिल जाएगा।

### स्विमिंग चैंपियनशिप में हिमाचल के 24 खिलाड़ी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बताया कि स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित 40वीं सब जूनियर एवं 50वीं जूनियर स्विमिंग चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के 24 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के 24 खिलाड़ी फ्रीस्टाइल स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक, बटरफ्लाई स्ट्रोक एवं ब्रेस्ट स्ट्रोक में उड़ीसा के भुवनेश्वर में स्थित कलिंगा स्टेडियम में भाग ले रहे हैं। हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष विनय धीमन के नेतृत्व में पहली बार हिमाचल के 24 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप में भाग लेने उड़ीसा रवाना हुए। हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन करके हिमाचल की झोली में गोल्ड मेडल डालेंगे। बिलासपुर पहुंचने पर हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन एवं स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ़ बिलासपुर के पदाधिकारीगण स्विमिंग के खिलाड़ियों का भव्य स्वागत करेगी।

### लद्दा चौगान स्कूल में करवाई काव्य प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल के अंतर्गत गांव लद्दा में राजकीय उच्च पाठशाला लद्दा चौगान में बिलासपुर लेखक संघ एवं हिम नवांकुर काव्योदय संगम द्वारा काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर लेखक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर रविंद्र ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में कुमारी प्रीति शर्मा और पंकज चंदेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर बच्चों के लिए एक काव्य प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें बच्चों को तीन विषयों देशभक्ति, पर्यावरण व नशे के ऊपर अपनी रचनाएं प्रस्तुत करनी थी जिसमें स्कूल के 11 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी छात्र-छात्राओं ने संदर रचनाएं सुनाकर सभी उपस्थित लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्र ठाकुर ने कहा कि बिलासपुर लेखक संघ युवा साहित्यकारों को आगे लाने का प्रयास कर रहा है।उन्होंने विद्यालय के मुख्याध्यापक से आग्रह किया कि बच्चों को आगे लाने में अपना मार्गदर्शन दें तथा बच्चों की उड़ान को पंख लगाने में उन्हें सहायता दें।

महिला मरीजों को सुविधा देने में खुल रही प्रशासन की पोल, केएनएच से आईजीएमसी भेजे जा रहे ब्लड सैंपल

## क्रसना लैब में समय पर नहीं मिल रही रिपोर्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



प्रदेश के एकमात्र महिला एवं शिशु रोग केएनएच में गर्भवती महिला मरीज सुविधाओं से वंचित है। हैरानी की बात है कि महिला मरीजों के लिए बेहतरीन टेस्ट करने तक की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। इन दिनों महिला मरीजों के लेबर रूम से ब्लड सैंपल आईजीएमसी भेजे जा रहे है। जबकि केएनएच में क्रसना लैब खुली है, लेकिन इस लैब की सचाई यह है कि समय से रिपोर्ट नहीं मिलती है। जब भी डिलवरी से पहले महिला टेस्ट करवाती है तो उसकी रिपोर्ट 4 दिन बाद आती है। उतने में महिला डिलेवरी करवाकर वापस घर की तरफ चली जाती है।

महिला को डिलेवरी से पहले निजी लैब में टेस्ट करवाने पड़ते है। क्रसना लैब अभी बिल्कुल भी ठीक से नहीं चल रही है। यहां पर स्तिथि यह भी बन चुकी है कि केएनएच में रसोली के ऑपरेशन तो चिकित्सक कर देते है, बाद में महिलाओं को रिपोर्टें चैक करवाने आईजीएमसी जाना पड़ता है। आधे से ज्यादा टेस्ट करवाने के लिए भी महिलाओं को आईजीएमसी दौड़ाया जाता है। यहां मेडिसन के डॉक्टर तक नहीं है।

आईजीएमसी के ही डॉक्टर मरीजों को चैक करते है। डॉक्टर दिन को आईजीएमसी तो शाम को कई बार केएनएच में दिखाई देते है। केएनएच में प्रदेश भर से महिला मरीज अपना उपचार करवाने आती है, लेकिन महिलाओं को यहां पर उपचार के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। यहां पर सवाल तो यह है कि अगर केएनएच में मरीजों के ऑपरेशन हो रहे है तो यहां पर टेस्ट की सुविधा क्यूं नहीं है। वहीं केएनएच में मेडिसन के डॉक्टर का होना भी बहुत जरूरी है। ताकि महिलाएं अपनी रिपोर्ट उन्हें दिखा सके। एक तरफ सरकार व स्वास्थ्य विभाग दावे करता है कि गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में सारी सुविधा उपलब्ध है, लेकिन स्थिति कुछ और ही व्यां कर रही है। इन दिनों सुविधा को लेकर प्रशासन के सब दावे खोखले नजर आ रहे है। मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कतें टेस्ट करवाने में आती है। केएनएच की लैब में सारे टेस्ट होने चाहिए।

### आपातकालीन में ही होते हैं अल्ट्रासाउंड

केएनएच में गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए भी दर-दर की ठोकरे खानी पड़ती है। महिलाओं को जब चिकित्सक अल्ट्रासाउंड के लिए कहते है, तो उन्हें तुरंत आईजीएमसी भेज दिया जाता है। जब महिलाएं आईजीएमसी पहुंचती है तो कुछ महिलाओं को फॉर्म गलत भरने के चलते वापस केएनएच भेज दिया जाता है तो कुछ महिलाओं को 20 से 25 दिन की डेट दी जाती है।

### क्या कहती हैं महिलाएं

**केएनएच** में शिमला की रहने वाली महिला अंजू, मोनिका, श्रुति और पायल ने कहा कि उनके रिश्तेदार महिला की डिलेवरी होनी है, लेकिन डॉक्टर ने ब्लड सैंपल को जांच के लिए आईजीएमसी भेजे है। पहले तीमारदार को सैम्पल लेकर जाना पड़ता है फिर उसके बाद रिपोर्ट लेने जाना पड़ता है। जबकि सारे टेस्ट केएनएच में ही होने चाहिए।

## स्वास्थ्य विभाग ने करवाई जिला स्तरीय मैराथन



मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डॉ. विनीत लखनपाल व अन्य।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

एडस रोग के लक्षण व बचाव बारे लोगों को जागरूक करने के लिए रविवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला शिमला के सौजन्य से रेड रन जिला स्तरीय मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन में शिमला जिले के रेड रिबन क्लब से संबद्ध 18 कॉलेजों के 108 लड़कों और लड़कियों ने भाग लिया।

यह मैराथन चौड़ा मैदान से हिप्र विश्वविद्यालय, समरहिल, शिमला और वापस तक की गई। मैराथन को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ईशा ठाकुर और जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनीत लखनपाल ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। जिसमें छात्रा वर्ग में आरकेएमवी कॉलेज की विपाषा ने प्रथम, श्रुति ने द्वितीय और सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्र वर्ग में कोटशेरा कॉलेज के अंकित ने प्रथम हिमांशु ने द्वितीय और ठियोग कॉलेज के आशीष तृतीय स्थान पर रहे।

जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनीत लखनपाल ने बताया कि इस मैराथन का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला डॉ. राकेश प्रताप और राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, हिमाचल प्रदेश (एचपीएसएसीएस) के दिशानिर्देशों के अनुपालन में किया गया। उन्होने बताया कि एचआईवी एड्स पर सार्वजनिक जागरूकता को बढ़ावा देने में यह मैराथन एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगी है।

## कड़छम-वांगतु और नाथपा बांध की फ्लशिंग के लिए छोड़ा जा रहा पानी

अनंत ज्ञान, शिमला

कड़छम-वांगतु और नाथपा बांध की 'फ्लशिंग' के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। सतलुज नदी से लोग रहें दूर रहे। नाथपा झाकड़ी जल विद्युत परियोजना एक रन ऑफ द रिवर जल विद्युत परियोजना है। इसलिए जलाशय का फ्लशिंग एक अनिवार्य गतिविधि है, ताकि लीन सीजन के दौरान अधिक उत्पादन के लिए जलाशय की क्षमता को पुनर्जीवित किया जा सके।

यह कार्य समन्वय के साथ किया जा रहा है तथा अपस्ट्रीम पावर स्टेशन की डैम फ्लशिंग जो 1000 मेगावाट करछम वांगटू एचपीएस (300 मेगावाट बासपा के साथ भी) एनआरएलडीसी द्वारा प्रदान की गई सहमति और योजना के अनुरूप किया जा रहा है। इस वर्ष के लिए यह गतिविधि 11 अगस्त 2024 को नियोजित की गई है, जिसके कारण नाथपा बांध से 1000 क्यूमेक से 1500 क्यूमेक की सीमा में डिस्चार्ज जारी किया जा सकता है। 11 अगस्त 2024 को जलाशय फ्लशिंग की महत्वपूर्ण नियोजित गतिविधि को ध्यान में रखते हुए यह अनुरोध किया जाता है कि सतलुज नदी के किनारे न जाएं व सुरक्षित दूरी बनाये रखें।

प्रबंधन ने सूचित किया है कि नाथपा बांध में आने वाला डिस्चार्ज बढ़ता जा रहा है। इसलिए आज 18:30 बजे से रेडियल गेट्स के माध्यम से लगभग 150 क्यूमेक्स अतिरिक्त पानी छोड़ने जा रहे हैं। शुक्रवार से नाथपा बांध के बहाव क्षेत्र में कुल संभावित निर्वहन लगभग 531 क्यूमेक्स होगा यदि प्रवाह बढ़ता है, तो अधिक पानी छोड़ा जाएगा।

### संत निरंकारी मिशन ने चलाया पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं पूज्य निरंकारी राजपिता के दिव्य मार्गदर्शन एवं पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण हेतु सन् 2021 में 'वननेस वन' नामक मेगा पौधरोपण परियोजना का आरंभ किया गया।

शिमला के कमला नेहरू हॉस्पिटल में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता आदरणीय जोनल इंचार्ज शिमला कैप्टन एनपीएस भुल्लर जी द्वारा किया गया इसमें सेवा दल के भाई बहनों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। संत निरंकारी मंडल के सचिव आदरणीय जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि सन् 2021 में आयोजित 'वननेस वन' परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष में लगभग डेढ़ लाख के करीब वृक्षों का रोपण किया गया।

## डीएनए सैंपल से दो शवों की पहचान

अनंत ज्ञान, शिमला

समेज त्रासदी में लापता लोगों को परिजनों से मिलाने के लिए पुलिस की डीएनए मिलान तकनीक मददगार साबित हो रही है। अभी तक पहचान न हुए शवों में से दो शवों की पहचान डीएनए के माध्यम से हो चुकी है। इनमें संतोष कुमारी पत्नी सूरत राम गांव कनराढ़ डाकघर सुघा तहसील रामपुर उम्र 54 वर्ष की पहचान इनके पुत्र राजेश कुमार के डीएनए से हुई है।

इसके साथ ही रूप सिंह सुपुत्र सुखराम डाकघर सरपारा तहसील रामपुर उम्र 52 वर्ष की पहचान इनके पुत्र साहिल के डीएनए मिलान करके हुई है। पुलिस ने 37 के करीब डीएनए सैंपल लिए हुए है। इन्ही के आधार पर डीएनए मिलान हो रहा है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि कई शव क्षत-विक्षत हालात में मिले है, जिनकी पहचान करना सबसे बड़ी चुनौती है। इनमें से दो शवों के डीएनए मिलान कर लिए गए है। यह दोनों व्यक्ति शिमला जिला के क्षेत्र में रहते थे।

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कहा कि वैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से जांच को प्रभावी बनाया जाता है। डीएनए मिलान से ही परिजनों को शव मिल पा रहे है।

### समेज में बिजली और पेयजल आपूर्ति बहाल

समेज में बिजली एवं पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। करीब 10 दिन बिजली और पेयजल आपूर्ति को बहाल करने में लग गए। कई जगह से पाइपें, बिजली के खंबे एवं तारें पूरी तरह गायब हो गई थी। संबंधित विभागों ने नई तारें, खंबे और पानी की पाइपें बिछाई है। एसडीएम रामपुर निशांत तोमर ने बताया कि समेज में बिजली और पेयजल की आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

### कोटला बड़ोग में स्थापित होगा नशा मुक्ति केंद्र

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सिरमौर के पच्छाद उपमंडल के कोटला बड़ोग में स्तरीय आदर्श नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र खोला जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि आज के दौर में युवाओं को नशे से दूर रखना सबसे बड़ी चुनौती है। समाज को भी नशे की लत से जूझ रहे लोगों का मनोबल बढ़ाना चाहिए ताकि वे दृढ़ इच्छाशक्ति से मादक पदार्थों का सेवन छोड़ सकें।

सुक्खू ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सिंथेटिक मादक पदार्थों के सेवन को खत्म करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र का उद्देश्य एक ही परिसर में सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करके इस संकट से उत्पन्न गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दों से निपटना है। इस केंद्र में 100 बिस्तरों की सुविधा होगी।

## लोगों के घरों में घुसा बारिश का पानी

### बिलासपुर के डियारा सेक्टर में लोगों की दुकानों में भी भर गया पानी

शुभम राही, बिलासपुर



लगातार दो दिन से हो रही बिलासपुर जिला में बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिलासपुर जिला की बात करें तो यहां पर दो दिन से लगातार बारिश हो रही ह, जिससे बिलासपुर जिला के कई स्थानों पर सड़कों पर मलवा भी आ गया है। यही नहीं, रविवार की बात करें तो बिलासपुर शहर के डियारा सेक्टर में भारी बारिश के चलते लोगों के घरों और दुकानों में पानी भी भर गया है। आपको बता दें कि बिलासपुर नगर के चंगर सेक्टर से पानी का बहाव आया और सीधे डियारा सेक्टर में स्थित कुछ दुकानों में जा घुसा। इसका मुख्य कारण यहां पर पानी की निकासी नालियां ना होना भी बताया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने घरों से बाहर निकाल कर पानी की निकासी बनाई और पानी को यहां पर निकाला। हालांकि कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन दुकानदारों ने रोष व्यक्त किया है कि प्रशासन को पानी की निकासी के लिए कोई पर्याप्त व्यवस्थाएं करनी चाहिए। आपको बता दें कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र, श्री नैना देवी जी विधानसभा क्षेत्र व झंडुता विधानसभा क्षेत्र में भी बारिश से काफी नुकसान हुआ है।

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक का कहना है कि भारी बारिश के चलते बिलासपुर की गोविंद सागर झील का भी जल स्तर बढ़ चुका है, जिसके चलते उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि अपने नजदीकी नदी नालों से दूर रहे। वहीं प्रशासन की ओर से टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है। अगर किसी भी तरह से कोई आपातकाल स्थिति होती है तो तुरंत इसकी जानकारी जिला प्रशासन को दे। प्रशासन का कहना है की बरसात से निपटने के लिए प्रशासन की पूरी तैयारी हैं। सभी क्षेत्र पर सभी मशीनरी व सभी व्यवस्थाएं की जा चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने किया डियारा सेक्टर का दौरा



**बिलासपुर** शहर के डियारा सेक्टर में बरसात के पानी के साथ बहकर आ रहे मलबे तथा इससे हो रहे नुकसान का जायजा लेने के लिए रविवार को सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने क्षेत्र का दौरा किया। हालात का मुआयना करने के बाद उन्होंने नगर परिषद और पीडब्ल्यूडी को न केवल जरूरी दिशा-निर्देश दिए, बल्कि अपनी मौजूदगी में जेसीबी मशीनों और लेबर की मदद से काम भी शुरू करवाया। उन्होंने आश्वस्त किया कि समस्या का स्थायी समाधान भी किया जाएगा। शहर के डियारा सेक्टर में नेशनल हाईवे से होकर आने वाला बरसात का सारा पानी बस अड्डे के साथ लगते धौलरा रोड और आसपास के घरों व दुकानों तक पहुंच जाता है। बरसाती पानी के साथ बहकर आने वाले मलबे की वजह से निकासी नालियां भी अवरुद्ध हो गई हैं। इससे बारिश का पानी धौलरा सड़क के दोनों ओर तथा आसपास के घरों व दुकानों में घुस रहा है। इससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम व उपाध्यक्ष सोनिया समेत कई अन्य लोग उनके साथ थे।

## जनसुविधाएं छीनने में लगी है सुक्खू सरकार : रणधीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रमुख प्रवक्ता एवं श्री नयना देवी क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस पार्टी की प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार को जनविरोधी सरकार बताते हुए कहा है कि यह सरकार जन सुविधाओं को एक-एक करके छीनने अथवा बंद करने और लोगों पर विभिन्न प्रकार के आर्थिक बोझ लादने में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने भाजपा सरकार द्वारा खोले गए 1800 संस्थान बंद कर दिए गए हैं, जो डीजल के रेट 7 रुपए प्रति लीटर पूर्व भाजपा सरकार ने कम किए थे, उसे दोबारा बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में लोगों के वोट प्राप्त करने के लिए हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की गई लेकिन सत्ता के सिहासन पर बैठ कर भाजपा द्वारा मुफ्त दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा को भी छीन लिया गया। रणधीर शर्मा ने कहा कि पूर्व जयराम ठाकुर सरकार ने हिमकेयर योजना के अधीन लोगों को निजि स्वास्थ्य संस्थाओं अथवा हस्पतालों में उपचार पाने की सुविधा दी गई थी ताकि किसी भी आपात स्थिति में उनमें जाकर अपना इलाज करवा सके ,किन्तु उस सुविधा को भी बंद करके आम लोगों को इलाज से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिस पेयजल को बीजेपी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त दे रही थी उसके बिल जारी करने का निर्णय लेकर लाखों किसान परिवारों से भारी अन्याय किया गया है, जबकि 17 मास बीत जाने के बाद भी अपनी एक भी चुनावी गारंटी पूरी नहीं कर पाए हैं बल्कि उल्टे करोड़ों रुपए का कर्ज उठाने के बावजूद विकास कार्यों पर पूर्ण विराम लगा दिया गया है और कर्ज लेकर अपने दोस्तों को लाभान्वित करने में कोई कोर कसर शेष नहीं छोड़ी जा रही है।

रणधीर शर्मा ने कहा कि यदि वर्तमान सरकार ने अपनी जनविरोधी नीतियों पर अंकुश नहीं लगाया तो भाजपा आंदोलन करने से भी पीछे नहीं रहेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि अपनी चुनावी गारंटियों को पूरा करने और विकास कार्यों को चालू करके लोगों को सुविधाएं देने के लिए कदम उठाए जाएं।

## वुमन वर्ल्ड हैंडबॉल चैंपियनशिप खेलेंगी हिमाचल की 5 खिलाड़ी



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

14 से 25 अगस्त तक चाइना में आयोजित होने वाली यूथ वुमन वर्ल्ड हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए अंडर-18 की इंडिया टीम की लिस्ट फाइनल हो गई है। खास बात यह है कि इस टीम में हिमाचल प्रदेश की पांच खिलाड़ी शामिल हैं और टीम की कप्तान खुशी भी हिमाचल की है। यह सभी खिलाड़ी जिला बिलासपुर की हैंडबॉल नर्सरी मोरसिंघी की हैं। खिलाड़ियों में आरुषि, कनिका, मुस्कान देवी, खुशी और काजल शामिल हैं। इसके लिए साई सेंटर गांधीनगर (गुजरात) में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था, जहां से देश भर की 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इनमें 5 खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश के हैं। टीम के कोचिंग पैनल में शामिल इंटरनेशनल हैंडबॉल खिलाड़ी सचिन चौधरी ने बताया कि यह एक बहुत बड़ी चैंपियनशिप है।

इसके लिए चयनित टीम में हिमाचल की पांच खिलाड़ी शामिल होना गर्व की बात है। इन खिलाड़ियों को यहां तक पहुंचाने में इंटरनेशनल हैंडबॉल कोच व हैंडबॉल नर्सरी मोरसिंघी की संचालिका स्नेहलता का अहम रोल रहा है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में नड्डा निवास से टीम को रवाना किया गया है।

### हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**बिलासपुर।** बाइक हादसे में घायल एक युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उसका उपचार पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा था। हादसा 3 अगस्त को बरमाणा के पास हुआ था। बरमाणा थाना पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा कि बाइक के सामने एकदम कोई लावारिस मवेशी आ गया था। इससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में घायल युवक को मौके पर मौजूद लोगों ने एम्स पहुंचाया। दो दिन के बाद उसे वहां से चंडीगढ़ पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। शुक्रवार को उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान विकास (26) पुत्र नंद लाल निवासी खलौर तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के रूप में हुई है। डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## इंग्लिश ओलंपियाड में नैना शर्मा का 42वां रैंक


### शिवा इंटरनेशनल स्कूल में हुई थी इंग्लिश, विज्ञान व गणित की परीक्षाएं

नीरज शर्मा, घुमारवीं



विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा शिवा इंटरनेशनल स्कूल में इंग्लिश, विज्ञान व गणित की परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या डॉक्टर शिल्पा गोयल ने बताया कि एसओएफ एक शैक्षिक संगठन है जो स्कूली बच्चों में अकादमिक प्रतिस्पर्धा को लोकप्रिय बनाता है और उनमें प्रतिस्पर्धी भावना के विकास में सहायता करता है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने इंग्लिश, विज्ञान व गणित विषय की परीक्षा दी।

इस परीक्षा में कुल उन्नीस छात्र सेकेंड लेवल के लिए चयनित हुए थे, जिनमें से इंग्लिश ओलंपियाड में कक्षा पांचवीं से नैना शर्मा ने 42वां रैंक, कक्षा छठी से अरार्तिका ने 33वां, कक्षा नवमी से सारिका ने जोनल रैंक 63वां व कक्षा दसवीं से गौरी ने जोनल रैंक 65वां प्राप्त किया। विज्ञान ओलंपियाड में याशिका चंदेल कक्षा चौथी ने जोनल रैंक 26वां,अंविका शर्मा ने जोनल रैंक 12वां व कक्षा छठी से आराध्या शर्मा ने जोनल रैंक 17वां व सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस प्राप्त किया तथा गणित में सात्विक कक्षा 4 ने जोनल रैंक 225वां, रित्विक कक्षा पांच ने जोनल रैंक 73वां और सूर्यांश भारद्वाज कक्षा आठ ने जोनल रैंक 28वां और आयुष सामा कक्षा दसवीं ने जोनल रैंक 59वां प्राप्त किया। इसके साथ प्रज्वल ठाकुर कक्षा पांच ने विज्ञान में जोनल रैंक 29 वां, अथर्व ठाकुर कक्षा छठी ने जोनल रैंक 28वां, विवेक शर्मा कक्षा आठ ने जोनल रैंक 27वां परनिका शर्मा कक्षा दस ने जोनल रैंक 42वां प्राप्त किया। इसी तरह अथर्व ठाकुर कक्षा छठी ने जोनल रैंक 7वां व कृष राजपूत ने जोनल रैंक 10वां प्राप्त किया और सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस 500 रुपए का चेक प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)




# करसोग की बेटियों को राज्य सरकार ने दिया 33 लाख शगुन

**अनंत ज्ञान, करसोग**

प्रदेश की राज्य सरकार जनकल्याण को सर्वोपरी मानते हुए राज्य के बीपीएल, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले और पिछड़े वर्गों के लोगों के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। जिनमें से शगुन योजना भी एक है।

इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा बीपीएल परिवार से संबंध रखने वाली 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की लड़कियों व महिलाओं को विवाह के लिए अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेशभर में क्रियान्वित की जा रही इस योजना से बीपीएल परिवार सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं जिससे उनकी चिंता कम हुई है।

राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से करसोग क्षेत्र के पात्र लाभार्थी भी लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश की सुक्खू सरकार के कार्यकाल में अब तक राज्य सरकार द्वारा करसोग क्षेत्र की बेटियों को शगुन योजना के अंतर्गत 33 लाख 17 हजार रुपए की विवाह अनुदान राशि प्रदान की जा चुकी है।

योजना के तहत वर्ष 2023-24 में 90 मामले स्वीकृत किए गए थे, जिनमें पात्र लाभार्थियों को कुल 27 लाख 90 हजार रुपए की अनुदान राशि प्रदान की गई थी, जबकि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक शगुन योजना के तहत क्षेत्र में 17 मामले स्वीकृत किए जा चुके है और स्वीकृत मामलों में पात्र लाभार्थियों को कुल 5 लाख 27 हजार रुपए की अनुदान राशि प्रदान की गई है।

# ‘हर घर तिरंगा’ अभियान का बिंदल ने किया शुभारंभ



प्रदेश मुख्यालय दीप कमल चक्कर से हर घर तिरंगा’ अभियान का शुभारंभ करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने ‘हर घर तिरंगा’ अभियान का शुभारंभ प्रदेश मुख्यालय दीप कमल चक्कर से किया। उनके साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, प्रदेश कार्यालय सचिव प्रमोद ठाकुर, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, सह प्रभारी प्यार सिंह कंवर,सोशल मीडिया प्रभारी सुशील राठौर, राजेश घई उपस्थित रहें। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया की हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश और प्रदेश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाया जा रहा है।

जैसा की हम सभी जानते है, देश मे गणतंत्र दिवस या फिर स्वतंत्रता दिवस नजदीक आने लगता है तो देश और प्रदेश के नागरिकों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 15 अगस्त 2024 को 78वां स्वतंत्रा दिवस मनाने की घोषणा की गई है जिसके लिए हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से नई पीढ़ी के साथ-साथ देश और प्रदेश के सभी लोगों में देश के प्रति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव और सम्मान बढ़ेगा।

तिरंगा अभियान में शामिल होने वाले लोगों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेने के लिए भी प्रेरित किया जाता है। इसके अलावा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिवारों को कार्यक्रमों में आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जाता है। इस अभियान में देश के सभी आयु के नागरिक शामिल होकर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना सम्मान अदा करते हैं। यह अभियान 11 अगस्त से 15 अगस्त तक बूथ स्तर पर चलाया जाएगा। बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि भाजपा 8000 बूथों पर 4 लाख भारत के झंडे लगाने जा रही है। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा अग्रिम भूमिका में रहेगा।

## जनता पर एक के बाद एक बोझ डाल रही कांग्रेस सरकार: बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार जो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही है, जनता के ऊपर एक के बाद एक लगातार बोझ डाल रही है। यह बात भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कही। उन्होंने कहा कि यह सरकार वोट लेने से पहले घोषणाएं करती रही कि महिलाओं को राहत मिलेगी, पैसा मिलेगा, युवाओं को सरकारी नौकरी मिलेगी, किसानों का दूध 100 रुपए लीटर बिकेगा, गरीब आदमी को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी न जाने क्या-क्या घोषणाएं होती रहीं। जब से यह सरकार सत्ता में आई है, सबसे पहले डीजल पर 7 रुपए प्रतिलीटर वैट लगाकर हर व्यक्ति की जेब को हल्का करने का काम किया है। डीजल का रेट बढ़ने से आम आदमी का 2000 से 2500 करोड़ रुपए सरकार की जेब में गया। इसके बाद जन उपयोग के लिए इस्तेमाल में आने वाली स्टांपस जो राजस्व विभाग में इस्तेमाल होती है स्टांप ड्यूटी को 100 प्रतिशत तक कई स्थानों पर बढ़ा दिया गया है, जिससे आम आदमी को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा।

डॉ. बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आम आदमी के आवागमन का एकमात्र साधन एचआरटीसी है, इनके किराये में भी सरकार ने बढ़ौतरी कर दी। न्यूनतम किराया जो 5 रुपए था उसको बढ़ाकर 12 रुपए कर दिया, सामान का किराया बढ़ा दिया और जो राहत अलग-अलग श्रेणी में मिलती थी उनको भी पूरी तरह से समाप्त कर दिया। यही नहीं, बिजली पर लगने वाले सैस को बढ़ा दिया, बिजली के घरेलू, व्यवसायिक व गैर-व्यवसायिक दरों को बढ़ा दिया, जिससे हर व्यक्ति की जेब पर बोझ बढ़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जो मुफ्त पानी की सुविधा मिल रही थी उसको भी समाप्त कर 100 रुपए प्रति कनेक्शन रेट लगा दिया और अब सफाई दे रहे है, जिसकी आय 50 हजार रुपए से कम है, उसे कोई शुल्क नहीं लगेगा।




अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए ‘अनंत ज्ञान’ ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर ‘हर गांव कुछ कहता है’ नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाएगा। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहेगा।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य मेल पर ही लिखकर भेजें।

# यहां मृतक की याद में रास्ता बनवाते हैं स्वजन


## लगघाटी के पीज गांव में मूलभूत सुविधाओं की नहीं दरकार, खुशहाल है हर परिवार



कमलेश वर्मा
कुल्लू


हर गांव कुछ कहता है सीरीज की इस कड़ी में आज हम बात करेंगे कुल्लू मुख्यालय के साथ सटी लगघाटी के एक ऐसे खूबसूरत गांव की, जो धार्मिक व सांस्कृतिक रूप से काफी समृद्ध है। यहां लोग आज भी पुरातन संस्कृति व परंपराओं का बखूबी निर्वहन करते हैं। पीज गांव ऊंची चोटी पर स्थित है। चोटी पर पहुंचकर आपको कुल्लू से लेकर बजौरा तक, जबकि दूसरी ओर बाशिंग तथा सामने खराहल घाटी पर स्थित बिजली महादेव मंदिर तक का खूबसूरत नजारा देखने को मिलेगा। बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं की इस गांव में दरकार नहीं है और यहां की 400 के करीब आबादी खुशहाल जीवनयापन कर रही है। गांव के लोग खेतीबाड़ी के साथ-साथ बागवानी पर निर्भर हैं। गांव के बच्चों को जहां घर से कुछ ही दूरी पर स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल की सुविधा मिल रही है तो वहीं, नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए गांव में ही आंगनबाड़ी केंद्र भी है। वहीं, आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर भी साथ ही है। पेयजल की यदि बात करें तो यहां पर पेयजल की कोई कमी नहीं है और बिजली व सड़क सुविधा भी लोगों को मिल रही है। कुल्लू से 11 किलोमीटर दूर इस गांव के लिए एचआरटीसी की बस सेवा भी लोगों को मिल रही है।



### ग्राम देवता अजयपाल के मंदिर में सिगरेट बीड़ी, शराब व चमड़े की वस्तुएं बैन

**इस** छोटे से पीज गांव के ग्राम देवता अधिष्ठाता अजयपाल हैं। गांव के साथ ही कुछ दूरी पर देवता का सुंदर काष्ठकुणी शैली में बना मंदिर है। इस मंदिर में सिगरेट-बीड़ी, शराब व चमड़े की वस्तुओं पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। सालभर में देवता के विभिन्न कारजों के अलावा सावन माह में मंदिर में खीर भंडारे का आयोजन होता है, जिसमें गांव के अलावा साथ लगते गांवों के लोग व कुल्लू-मनाली, नग्गर सहित जिलेभर के लोग आते हैं। पंचायत के उपप्रधान एवं देवता के गूर टेढ़ी सिंह ने बताया कि मंदिर में सिगरेट-बीड़ी, शराब व चमड़े की वस्तुओं पर बैन है।



### गांव की विशेषता

**इस** गांव की विशेषता यह है कि यहां पर ग्रामीण अपने स्वजन की मौत के बाद उसकी याद में जहां कच्चे रास्तों की मरम्मत या फिर पक्का रास्ता बनाते हैं तो वहीं, कच्ची या पक्की थड़ी (विश्राम स्थल) का भी निर्माण करते हैं। पीज पंचायत के इस गांव के अलावा पूरी पंचायत के गांवों व लगघाटी में भी इस तरह की पुरातन व परंपरागत संस्कृति का चलन है।



### परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी जारी : उपप्रधान

**पीज** पंचायत के उपप्रधान टेढ़ी सिंह के अनुसार, गांव में जिस भी व्यक्ति की मौत होती है उसकी यादगार के तौर पर गांव में रास्ते की मरम्मत, रास्ते में थड़ी (विश्राम स्थल) बनाया जाता है और यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। इस गांव के अलावा पूरी पीज पंचायत में इस तरह की परंपरा का लोग आज भी बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। पीज गांव सुविधा संपन्न गांव है। यहां पर बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़क जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को मिल रही हैं।

### क्यों करते हैं थड़ी व रास्तों का निर्माण



**ग्रामीणों** के अनुसार, थड़ी व रास्तों के निर्माण करवाकर वह अपने परिजनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हालांकि पंचायत की ओर से मनरेगा के तहत रास्ते बनाए जाते हैं, लेकिन यहां पर लोग खुद के पैसों से अपने स्वजनों की स्मृति में रास्ता बनाते हैं या रास्ते की मरम्मत करवाते हैं। साथ ही रास्ते से बोझा उठाकर आने वाला व्यक्ति के लिए थड़ी (विश्राम स्थल) का निर्माण करवाया जाता है ताकि वह सामान रखकर वहां पर आराम कर सकें। लिहाजा, पीज गांव में सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी कायम है।

# पीलिया के प्रकोप को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए प्रदेश सरकार : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार की जनविरोधी नीति पर हमला करते हुए कहा कि सरकार को सिर्फ सुविधाएं छीनने और हर चीज के दाम बढ़ाने की धुन सवार है, लेकिन प्रदेश के लोगों का कोई ख्याल नहीं हैं। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का बिल वसूलने जा रही है, लेकिन पानी की गुणवत्ता का जरा-सा भी ख्याल नहीं हैं।

मंडी में पीलिया एक महामारी की तरह फेल रहा है। सैकड़ों लोग अस्पताल में भर्ती हैं, अब तक छह लोगों की मौत हो गई है। जिसमें से चार लोग सिर्फ जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले हैं। हर दिन दर्जनों की संख्या में लोग



अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। यह प्रकोप सरकार की नाकामी की वजह फैला है। सरकार इससे बचाव के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान चलाए और संक्रमित लोगों को बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधाएं उपलब्ध करवाए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंडी जिला के कई क्षेत्रों में पीलिया का प्रकोप है। लोग संक्रमित होकर अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन सरकार की तरफ से पीलिया से बचाव तथा रोकथाम की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। महीनों से लोगों के संक्रमित होने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी क्योंकि पेयजल आपूर्ति में किसी न किसी प्रकार खामी हुई है। लोगों को उपचारित पानी नहीं किया गया और संक्रमित पानी ही सप्लाई कर दिया गया। इसके बाद संक्रमित लोगों के इलाज में भी किसी न किसी स्तर पर कमी रही जिसकी वजह लोगों की जान गई। उन्होंने कहा कि सरकार जनविरोधी कामों से बाज आए और विकासात्मक कार्यों पर ध्यान दे।

# विकास के लाभ जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, अर्की**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेशवासियों के जीवन को सरल बनना और विकास के लाभ जन-जन तक समय पर पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पलानिया के कोठी जमोगी में जन समस्याएं सुनने के उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा अपने कैबिनेट सहयोगियों, कर्मचारियों और जन-जन के सहयोग से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की आर्थिकी को पटरी पर लाने और लोगों के जीवन को सरल बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस दिशा में धीरे-धीरे सफलता की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने चुनाव पूर्व की गई 5 गारंटियां पूरी कर दी हैं। उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि शीघ्र ही न केवल अन्य गारंटियां पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि विकास की गति में तेजी लाने के लिए समाज का एकजुट होना आवश्यक है। उन्होंने आग्रह किया कि प्रदेश सरकार को सहयोग प्रदान करें ताकि हमारा प्रदेश आर्थिक कठिनाई से निकलकर बेहतर भविष्य के निर्माण की दिशा में अग्रसर हो सके।

# शहीद प्रवीण शर्मा का हाब्बन में सैन्य सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

10 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में ऑपरेशन रक्षक के दौरान राजगढ़ ब्लॉक के पाहलू गांव के लांस नायक प्रवीन शर्मा (26) वीरगति को प्राप्त हुए हैं। प्रवीण शर्मा वन पैरा स्पेशल फोर्स में तैनात थे। प्रवीन शर्मा पझौता स्वतंत्रता सेनानी के वंशज से संबंध रखते हैं।



शहीद पालू गांव के राजेश शर्मा के इकलौते पुत्र थे, अर्थात दो बहनों के इकलौते भाई। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को उनके पैतृक गांव पाहलू में सैन्य सम्मान के साथ किया जाएगा। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि शहीद की पार्थिव देह सोमवार सुबह चंडीगढ़ पहुंचेगी। प्रशासन द्वारा चंडीगढ़ से पार्थिव देह को लाने के लिए एंबुलेंस का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एसडीएम राजगढ़ को भी उचित दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान आदि ने प्रवीन शर्माके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवदेनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार शहीद के परिवार के साथ खड़ी है।

### अनुराग ने किया शोक प्रकट

**सांसद** अनुराग ठाकुर ने जम्मू के अनंतनाग में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान वीरगति को प्राप्त होने वाले लांस नायक प्रवीण शर्मा के बलिदान पर शोक प्रकट किया है। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान वीरभूमि हिमाचल के सपूत लांस नायक प्रवीण शर्मा के वीरगति को प्राप्त होने का समाचार कष्टदायी है। दुख की इस घड़ी में प्रभु प्रवीण की वीरात्मा को सद्गति व उनके परिजनों को संबल दे, यही कामना है। मेरी हार्दिक संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ है। मां भारती की रक्षा में प्रवीण शर्मा का सर्वोच्च बलिदान सदा अविस्मरणीय रहेगा।

**करुणा** | राजा के सपने में कुल देवी आई और बलि देने पर ही सूखे के हालातों से निजात मिलने की बात कही

# प्यास से मर रहा था बिलासपुर जिला, ससुर ने बहू की बलि देकर दिया बलिदान

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि भी कहा जाता है। यहां पर देवी-देवताओं के अनेकों मंदिर हैं, जहां पर हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। जिला बिलासपुर में माता नयना देवी, बाबा बालक नाथ तथा कई अन्य धार्मिक स्थल हैं, जहां लोग आते हैं। बिलासपुर में कई ऐसे तीर्थ स्थल हैं, जिनकी जानकारी कम होने के कारण लोग यहां कम पहुंचते हैं। आज हम आपको एक ऐसे प्राचीन व ऐतिहासिक स्थल के बारे में बताएंगे जिसे जानकर आप ही हैरान रह जाएंगे। जी हां, हैरत कर देने वाली यह कहानी जुड़ी है घुमारवीं उपमंडल से 8 किलोमीटर दूर औहर नामक स्थान से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर तीर्थस्थल है देवी रुक्मणी का।

बिलासपुर से जहां सूखे के हालातों से लोगों को निजात दिलाने के लिए एक बहू ने अपने ही जीवन का बलिदान दे दिया था, जिसे आज भी लोग पूजते हैं। बिलासपुर के बरसंड व आसपास के इलाकों में सूखे के हालात बनने से लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे थे। उनकी इस बदहाल स्थिति को देखते हुए राजा के सपने में कुल देवी आई और बेटे की बलि देने पर ही सूखे के हालातों से निजात मिलने की बात कही। मगर राजा ने बेटे की बलि देने से मना कर दिया जिसके बाद कुल देवी ने पुत्र वधू की बलि मांगी जिसे राजा ने मान लिया, इसके बाद रुक्मणी को दीवार में जिंदा चिनवाने के लिए दिन और जगह निश्चित हुआ और राजा ने मिस्त्रियों को बुलाकर बरसंड में बहु की बलि दे दी। ऐसा कहा जाता है जब रुक्मणी की चिनाई हो रही थी तो उसने मिस्त्रियों से कहा कि कृपया उसकी छाती को चिनाई से बाहर रखें, क्योंकि उसका बच्चा छोटा है वह दूध पीने आया करेगा और अगर वो ऐसा नहीं करेंगे तो उसके जिगर का टुकड़ा मर जाएगा। राजा ने बहु की बात मान ली और उसकी छाती को चिनाई से बाहर रख दिया गया। वहीं रुक्मणी की चिनाई पूरी की गई तो उसकी छाती से दूध की धारा बहने लगी, लेकिन बाद में यहां से पानी निकलने लगा और यहां कुंड बन गया।





रुक्मणी के मंदिर में माथा टेकते लोग तथा (दाएं) कुंड में नहाते लोग।

रुक्मणी की बलि के दौरान जिस स्थान पर उसे चिनवाया गया उस स्थान पर रुक्मणी का मंदिर बनाया गया है जिस पर लोगों की अपार आस्था है और दूर-दूर से लोग इस कुंड में नहाने के बाद मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। यही नहीं रुकमणी कुंड में 12 महीने पानी भरा रहता है। जिस पर जलशक्ति विभाग द्वारा पांच पेयजल योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस 12 अगस्त पर हार्दिक शुभकामनाएं



पुस्तकालय विज्ञान के जनक
डॉ. एस.आर. रंगनाथन (1892-1972)

स्टेट असिस्टेंट लाइब्रेरियन्ज ऐसोसिएशन

भगत सिंह गुलेरिया (संस्थापक अध्यक्ष), मनीष जसवाल (महासचिव), चंद्र सिंह चौहान (मुख्य सलाहकार), लोमश कुमार शर्मा (सलाहकार), कुसुम बेगराज (उपाध्यक्ष), कौल दास बंसल (वित्त सचिव), सरिता देवी शर्मा व प्रेम लाल तन्वर (राज्य कार्यकारिणी सदस्य)

मंडी जिला इकाई

बिंदु सूर्यवंशी (जिलाध्यक्ष - मंडी), प्रभात भारद्वाज (जिला सचिव- मंडी) खेम चंद, नीलम शर्मा, राजीव चौहान, धर्मचंद राणा, प्रेम ठाकुर कुल्लू (का.स.)

## न्यूज ब्रीफ

### ल्हासा गिरने से करोड़ी-भुआना रोड बंद



**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** दो दिन से हो रही लगातार बारिश के कारण पंचरुखी के आसपास के क्षेत्रों में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई जगह सड़क पर ल्हासे गिरने से कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित रहा। पंचरुखी चढ़ियार सड़क के करोड़ी का कुआल में सड़क का डंगा धंसने से करोड़ी भुआना रोड को सभी वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग पंचरुखी के कनिष्ठ अभियंता अंकुश राणा ने बताया कि करोड़ी का कुआल में डंगा धंसने के कारण यहां से होकर वाहनों का गुजारना बहुत रिस्की हो गया है, इसलिए सभी वाहनों के लिए इस सड़क मार्ग को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही डंगे का कार्य शुरू कर दिया जाएगा तब तक सभी वाहन चालक वाया मछुई-कैलाशपुर सड़क मार्ग का प्रयोग करें।

### रमेश बने गुरु रविदास सभा योल के प्रधान

**अनंत ज्ञान, योल।** गुरु रविदास सभा मंदिर योल में रविवार को राजकुमार विद्यार्थी की अध्यक्षता में रविदास सभा योल के सदस्यों की चुनाव कार्यकारिणी के लिए विशेष बैठक का आयोजन किया। इसमें सर्वसम्मति से रमेश भटोआ को प्रधान, महिंद्र पाल को कोषाध्यक्ष और भजनलाल को सचिव चुना गया।

### ताहल खड्ड में पेयजल पाइप बहने से आपूर्ति बंद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा के जलशक्ति विभाग के एसडीओ डिंपल कुमार ने प्रेस को दिए एक बयान में कहा है कि शनिवार रात को हुई भारी बारिश के कारण ताहल खड्ड में आई बाढ़ के चलते डब्ल्यूएसएस परौर-खड़ौठ फिर से बंद हो गया है। उन्होंने कहा है कि गगल, औचा, धीरा, कुहाणा और जीपी नौरा में पेयजल की आपूर्ति फिर से बाधित हो गई है। ताहल खड्ड में आई बाढ़ के कारण पाइप फिर से पानी में बह गई है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### पांच साल में बनेंगे दो करोड़ अतिरिक्त आवास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री डॉक्टर चंद्रशेखर पेम्मसानी ने संसद में राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को एक प्रश्न के उत्तर



में बताया कि आगामी पांच सालों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाईजी) के अंतर्गत दो करोड़ अतिरिक्त आवास के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि अब तक इस योजना के अंतर्गत निर्धारित 2.95 करोड़ घरों के निर्माण के लक्ष्य के मुकाबले राज्यों तथा केंद्र शासित राज्यों में लाभार्थियों को 2.94 करोड़ घरों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं। इसमें से पांच अगस्त तक 2.64 करोड़ घरों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने संसद में राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि ग्रामीण युवाओं को निशुल्क कौशल प्रशिक्षण और ऋण सहायता प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश में 10 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशीक्षण संस्थान खोले गए हैं, जिन्हें ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशीक्षण संस्थान द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान 2257 अनुसूचित जाति, 215 अनुसूचित जनजाति और 1028 अन्य पिछड़े वर्ग के युवाओं को मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### कटारो में गिरा मकान, राशन समेत सामान भी दबा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** ब्लॉक नगरोटा सूरियां की पंचायत कटोरा के गांव भूरलाहड़ निवासी बलवीर का कच्चा मकान शनिवार को भारी वर्षा से ध्वस्त हो गया। बलबीर सिंह ने बताया कि भारी बारिश से मकान में दरारें आनी शुरू हो गई। गिरने की आशंका से पूरा परिवार मकान से बाहर आ गया था। शाम के समय पूरा मकान ढह गया। इस दौरान राशन सहित घर के अंदर सामान भी मकान के मलबे में दब गया। बलबीर सिंह ने जिला प्रशासन और सरकार से तुरंत उचित मदद की फरियाद की है।

# कल्याड़ा में इंडोर खेल भवन का जल्द होगा लोकार्पण : पठानिया

## नवनिर्मित इंडोर भवन का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर विस के अंतर्गत कल्याड़ा में 3 करोड़ से निर्मित इंडोर खेल भवन शीघ्र ही जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस बाबत उपमुख्य सचेतक पठानिया ने कल्याड़ा में नवनिर्मित इंडोर भवन का निरीक्षण भी किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि यह इंडोर भवन बनकर लगभग तैयार है कुछ औपचारिकताएं शेष हैं, उन्हें पूरा करने के आदेश दिए गए हैं।



इस इंडोर भवन में खिलाड़ियों के लिए बास्केटबॉल, फुल जिम एवं बैडमिंटन की सुविधा होगी। इस भवन को आरटीडीसी शिमला द्वारा प्री फेब तकनीकी से बनाया गया है।

इस अवसर पर आरटीडीसी के मैनेजर गीता राम, जिला कल्याण अधिकारी मंजुल ठाकुर, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय,कांग्रेस के जिला महासचिव एवं पूर्व प्रधान बलवीर चौधरी, तहसील कल्याण अधिकारी रैत विकास, रजिंदर वालिया, सम्मू, उपप्रधान सुशील, रेखा शर्मा, पूर्व प्रधान रक्षा देवी, देसराज चौधरी, पूर्व पंचायत समिति सत्य प्रकाश, नवनीत शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### खेलों को बढ़ावा देने के हो रहे प्रयास

**पठानिया** ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें और युवा नशे से दूर रहकर खेलों के माध्यम से अपना सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर सकें। केवल पठानिया ने बताया कि इस क्षेत्र के युवाओं एवं खेल में रुचि रखने वालों के लिए यह इंडोर भवन मददगार साबित होगा।

# पुलिस ने ठियोग से बरामद किया रैत की 4 वर्षीय बच्ची का शव

## मां ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी मासूम की हत्या

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

मां और उसके कथित प्रेमी द्वारा 4 साल की बच्ची के अपहरण और हत्या के मामले में बच्ची का शव शाहपुर पुलिस ने बरामद कर लिया है। शनिवार को एसआई करतार सिंह के नेतृत्व में शाहपुर पुलिस टीम ने तहसीलदार ठियोग और फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में बच्ची का शव बरामद किया है। बताते चलें कि शाहपुर क्षेत्र के रैत क्षेत्र की अनीता का पति बद्दी में नौकरी करता है। वह सोशल मीडिया पर ड्राइवर के तौर पर काम करने वाले ठियोग (शिमला) के सोनू के संपर्क में आई।

अनीता 26 जुलाई को अपनी बेटी कैरवी के साथ अपने घर से सोनू के साथ भाग गई। पुलिस ने 27 जुलाई को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस ने 7 अगस्त को जीरकपुर से दोनों को ढूंढ लिया, लेकिन बच्ची का पता नहीं चला। जब उनसे बच्ची के बारे में पूछा गया और वे यह कहकर पुलिस और रिश्तेदारों को गुमराह कर रहे थे कि बच्ची ठियोग में रिश्तेदारों के पास है।

जब सख्ती से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उन दोनों ने बच्ची की हत्या कर दी है और ठियोग में दफना दिया है। इन दोनों को पिछले दिनों गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया, फिर ठियोग ले जाया गया। आरोपी की पहचान 32 वर्षीय सोनू पुत्र सोहन लाल ग्राम चिल्ली पो सरीबन तहसील ठियोग शिमला तथा 30 वर्षीय अनिता कुमारी गांव नौशेरा, रैत तहसील शाहपुर के रूप में हुई है। 4 वर्षीय कैरवी का शव शनिवार को सोनू के पैतृक स्थान से बरामद हुआ। रविवार को बच्ची का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज टांडा में करवाया गया। वहीं, कोर्ट ने आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### मेडिकल कॉलेज टांडा में हुआ शव का पोस्टमार्टम

# विधायक विपिन सिंह परमार ने दधोना में किया पौधरोपण



**राकेश डोगरा, डरोह**

सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने ग्राम पंचायत सांबा, बूथ नं 108 हलदरा के गांव दधोना शिव दर के प्रांगण में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरे देश को संदेश दिया कि आप अपनी खाली जमीन पर पौधरोपण करें। पंचायतें, महिला मंडल अपने अपने स्तर पर यह कार्यक्रम कर रहे होंगे। उन्होंने कहा कि अगर पर्यावरण बचाना है तो वर्तमान पीढ़ी को आगे आना होगा। पर्यावरण का संरक्षण करना होगा। पिछले 10-12 सालों से जो जलवायु परिवर्तन आप लोगों को देखने को मिल रहा है वह आपके सामने ही है। जलवायु का मुद्दा आम आदमी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले पेड़ों के जंगल हुआ करते थे। अब सीमेंट के जंगल बन गए हैं। पेड़ों को काट कर घर बनाए जा रहे हैं। घर बनाना बुरी बात नहीं है, लेकिन काटी हुई जगह पर और पेड़ भी तो लगाने चाहिए, ताकि पर्यावरण संतुलित रहे। पेड़ मानव जाति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इनके बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस सरकार ने आम जनता से किया छ्ल : विनोद शर्मा

**गरली।** भाजपा जिला प्रवक्ता एव जसवां-परागपुर मंडल के चेयरमैन रहे विनोद शर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने जब से सतह संभाली है, उसके बाद हिमाचल की जनता के उपर एक के बाद एक लगातार बोझ डाल रही है। शर्मा ने कहा कि सरकार वोट लेने से पहले घोषणाएं करती रही कि महिलाओं को राहत मिलेगी, युवाओं को सरकारी नौकरी मिलेगी, किसान का दूध 100 रुपए लीटर बिकेगा तथा गरीब आदमी को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी, परंतु जब से यह सरकार सत्ता में आई है, तब से आम जनता को कांग्रेस सरकार ने लूटना शुरू कर दिया है। शर्मा ने कहा कि इस सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जो मुफ्त पानी की सुविधा मिल रही थी उसको भी समाप्त कर 100 रुपए प्रति कनेक्शन शुल्क कर दिया है।



# संत निरंकारी भवन दाड़ी के प्रांगण में रोपे औषधीय पौधे



**अनंत ज्ञान, गगल**

संत निरंकारी भवन दाड़ी में रविवार को पर्यावरण संरक्षण हेतु बननेस वन परियोजना के अंतर्गत मेगा पौधरोपण अभियान का आयोजन सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के दिव्य मार्गदर्शन से संत निरंकारी भवन दाड़ी में कांगड़ा जोन के प्रभारी डॉक्टर केसी धीमान एवं संयोजक महात्मा बहन रूपा देवी गुरंग की देखरेख में किया गया। संयोजक महात्मा बहन रूपा गुरंग ने बताया कि भवन के प्रांगण में विभिन्न औषधीय पौधे लगाए गए, जिनमें नीम, अशोक,अर्जुन, आंबला व बेल पत्र आदि के पौधे रोपे गए। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि समाज कल्याण के लिए आवश्यक इस महा अभियान में मिशन के स्वयंसेवक मिलकर लगभग बीस हजार के करीब पौधों को रोपित कर रहे हैं और उनकी देखभाल भी करेंगे। यह परियोजना सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज ने 2021 में कोरोनाकाल में शुरू की थी। अब तक देशभर में अढ़ाई लाख के करीब पौधे रोपे जा चुके हैं।

### चहेते ठेकेदारों को काम देने का आरोप

**धर्मशाला।** अतुल भारद्वाज ने प्रेस वार्ता में कहा कि लोक निर्माण विभाग धर्मशाला में अप्रकाशित निविदा डीएनआईटी के माध्यम से कार्यों की बंदरबांट की जा रही है। ऐसा करके कांग्रेस पार्टी के नेताओं के चेहते ठेकेदारों को नियमों को ताक पर रखकर लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण सर्किट हाउस चीलगाड़ी के संचालन करने हेतु अकुशल कामगारों को रखने के संबंध में जून माह में आमंत्रित की गई निविदा है, जिसका प्रकाशन विभाग ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर किया था। इसमें पूर्व में संचालन कर रहे ठेकेदार सहित 7 लोगों ने आवेदन किया था। जब उपरोक्त प्रकाशित निविदा के लिए अधिक आवेदन आ गए तो उसी दिन टेंडर को निरस्त कर दिया गया । उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने आकाओं को खुश करने के चक्कर में टैक्स देने वाले नागरिकों के धन को दोनों हाथों से लुटा रहे हैं जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हेल्थ इज वेल्थ

## डेंगू जीवन के लिए खतरा बचाव और उपचार जरूरी

**डेंगू बुखार एक ऐसी बीमारी है जो आपको चार प्रकार के डेंगू वायरस में से एक को ले जाने वाले मच्छर के काटने से हो सकती है। यह वायरस सबसे ज़्यादा उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है। हिमाचल प्रदेश के गर्मी वाले क्षेत्रों में डेंगू की समस्या देखी जा सकती है। सोलन का बीबीएन, परवाणु और सिरमौर का नाहन और पौंटा क्षेत्र में हर वर्ष सैकड़ों लोग डेंगू का शिकार होते हैं।**



*लक्षण :* डेंगू के लक्षण हैं चकत्ते, आंखों में दर्द, मतली या उल्टी और मांसपेशियों में दर्द। अगर आप ऐसे इलाके में रहते हैं या जा रहे हैं जहाँ डेंगू आम है, तो अगर आपको गंभीर डेंगू के लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। इसमें पेट में दर्द, उल्टी या मल में खून आना, मसूड़ों या नाक से खून आना, बार-बार उल्टी आना या बहुत ज्यादा थकान या बेचैनी शामिल है। पहले संक्रमण के लक्षण आमतौर पर हल्के होते हैं, लेकिन अगर आपको दूसरा संक्रमण हो जाता है, तो गंभीर जटिलताओं का जोखिम बढ़ जाता है। वायरस के एक संस्करण से संक्रमित होने के बाद इससे बचाव कर सकते हैं। चूंकि वायरस के कम से कम चार संस्करण (स्ट्रेन) हैं, इसलिए यह काफी जटिल है।

*गंभीर डेंगू :* डेंगू एडीज मच्छरों से फैलता है, जो जीका और चिकनगुनिया जैसे वायरस भी फैलाते हैं। गंभीर डेंगू में डेंगू के लक्षणों का बिगड़ना जानलेवा हो सकता है। गंभीर डेंगू के चेतावनी संकेत आमतौर पर बुखार के चले जाने के 24 से 48 घंटे बाद दिखाई देते हैं। गंभीर डेंगू एक चिकित्सा आपातकाल है जो घातक हो सकता है। अगर आपको डेंगू है या आप ऐसे इलाके में रहते हैं जहाँ डेंगू आम है, तो इनमें से कोई भी लक्षण दिखने पर तुरंत नज़दीकी अस्पताल जाएं। बार-बार उल्टी होना। रक्त उल्टी होना या मल में रक्त आना। नाक से खून आना या मसूड़ों से खून आना। अत्यधिक थकान, बेचैनी या चिड़चिड़ापन।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

### डेंगू से कैसे बचें

डेंगू बुखार के जोखिम को कम करने का सबसे अच्छा तरीका है मच्छरों के काटने से खुद को बचाना बाहर जाते समय खुली त्वचा को ढक कर रखें, विशेकर रात में जब मच्छरों के होने की संभावना अधिक होती है। खड़े पानी को हटा दें (बाल्टी या बैरल, पक्षियों के स्नान के लिए इस्तेमाल होने वाले बर्तन, पुराने टायर, जिनमें वर्षा का पानी जमा हो सकता है) तथा उन निचले स्थानों को भर दें जहां पानी जमा हो सकता है। यदि संभव हो तो जालों में छेद करके तथा खिड़कियां और दरवाजे बंद रखकर मच्छरों को अपने घर से बाहर रखें। जिन क्षेत्रों में डेंगू आम है, वहां रात में मच्छरदानी का प्रयोग करें। यदि आप गर्भवती हैं, तो जहां तक संभव हो, ऐसे क्षेत्रों में यात्रा करने से बचें जहां डेंगू आम है। **प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन**

## कब्ज एक, रोग अनेक

कहा गया है कि रोगी को तीन बार, भोगी को दो बार और योगी को एक बार ही शौच जाना चाहिए। अगर ऐसा न हो तो और कम शौच हो या मलत्याग बड़ी तकलीफ से हो तो उस अवस्था को कब्ज कह सकते हैं। कब्ज रहने से बेचैनी, अफारा, मितली की चेष्टा व सिरदर्द रहती है। कब्ज की बीमारी से आमतौर पर हर कोई जिंदगी में एक आधबार आवश्यक रूप से पीड़ित होता है।



**कब्ज के प्रकार :** कब्ज की तीन अवस्थाएं हो सकती हैं। पहली प्रकार की वह अवस्था है जिसमें कभी कभार ही मलत्याग करते तकलीफ होती और मलत्याग के वक्त जोर लगाना पड़ता है और यह अवस्था खानपान में थोड़ा सा सुधार करने पर स्थिति बेहतर हो जाती है, इसे मृदु कोष्ठ भी कहा जा सकता है। दूसरी प्रकार की कब्ज में बिना दवाई लिए शौच ही नहीं आता। हर रात्रि को विरेचक औषधि का सेवन करने के उपरांत ही सुबह मलत्याग हो पाता है, इसे हम मृदु कोष्ठ की श्रेणी में ला सकते हैं। तीसरी प्रकार की कब्ज वह होती, जिसमें तमाम उपाय करने के बाद भी दो तीन दिन तक, यहां तक कि कई बार सप्ताह भर तक भी शौच नहीं हो पाता। यह बड़ी ही भयंकर अवस्था होती है। इसे हम क्रूर कोष्ठ की श्रेणी में रख सकते हैं।



डॉ.रामस्वरूप चांद
(बीएएमएस,डीएनएनवाई)

**कारण :** कब्ज रोग विशुद्ध रूप से पाचन तंत्र में दोष होने से ही होता है। दरअसल कब्ज तब होती है जब हमारी आंतें भोजन को ज्यादा ही सोख लेती हैं और मल काफी सख्त हो कर मलद्वार से निकलता है। कब्जी की बीमारी बाल्यावस्था से भी हो सकती है और जन्म से भी। युवावस्था में होने वाली कब्ज खान पान की अवयवस्था, मिर्च मसाला और तले पदार्थों का अत्यधिक सेवन के साथ भरपूर नींद न ले पाना भी मुख्य कारण माना जाता है। वृद्धावस्था में कब्ज आंतों में कमजोरी के कारण अक्सर हो ही जाती क्योंकि भोजन पूरी तरह से अवशोषित नहीं हो पाता।

**उपचार :** कब्ज के इलाज के लिए विरेचक द्रव्यों का सेवन लाभकारी होता है, लेकिन विरेचक देने से पूर्व कब्ज की अवस्था यथा मृदु, मध्यम या क्रूर कोष्ठ का निर्धारण आवश्यक है। बाल्यावस्था की कब्ज और मृदु कोष्ठ में भिगोई हुई मुनक्का को चबाना, इसबगोल और त्रिफला का सेवन ही लाभ कर देता है जबकि मध्यम कोष्ठ में शोधित हरड़,त्रिफला का लगातार सेवन, अभ्यारिष्ट, हिंग्वाष्टक चूर्ण इत्यादि से लाभ मिलता है। क्रूर कोष्ठ में पच्स्स्कार चूर्ण, षटस्कार चूर्ण, अभ्यादि मोदक इत्यादि के सेवन से लाभ मिलता है।

लाइफस्टाइल और खानपान की खराब आदतें आज ऐसी-ऐसी बीमारियों की वजह बन रही हैं, जिन्हें ठीक करने के लिए दवाइयों के लिए अच्छे-खासे पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। कई बीमारियों को तो इतने पैसे खर्च करने के बाद भी पूरी तरह से ठीक नहीं किया जा सकता केवल नियंत्रित रखा जा सकता है, जैसे- बीपी, डायबिटीज और मोटापा। इनसे बचने के लिए आपको कुछ हेल्थ टिप्स पर काम करना होगा।

## सुबह की धूप बहुत ही फायदेमंद

*मनुष्य के लिए सुबह की धूप बहुत ही फायदेमंद होती है। इससे शरीर को भरपूर मात्रा में विटामिन डी मिलता है जो हड्डियों की मजबूत बनाता है। इसके अलावा धूप सेंकने से कई तरह की स्किन समस्याएं भी दूर रहती हैं। सुकून भरी नींद के लिए भी धूप का सेवन जरूरी माना गया है क्योंकि इससे शरीर में मेलाटोनिन हॉर्मोन पैदा होता है जो अच्छी नींद के लिए जरूरी माना गया है और थोड़ी देर धूप में बैठने से स्ट्रेस भी दूर होता है। इसके अलावा रोजाना 20-30 मिनट का समय जरूर निकालें वर्कआउट करने के लिए। यकिन मानिए इससे आप न सिर्फ बॉडी को फिट रख सकते हैं बल्कि अपनी उम्र के भी कई साल बढ़ा सकते हैं। वर्कआउट का मतलब जिम जाकर घंटों पसीना बहाना नहीं होता, बल्कि घर के नॉर्मल कामकाज से भी आसानी से खुद फिट रहा जा सकता है। तो योग, रस्सी कूदना, पैदल चलना जैसी कई एक्टिविटीज हैं, जिनके लिए किसी भी तरह के इनवेस्टमेंट की जरूरत नहीं और इनके फायदे ही फायदे हैं। कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज, हार्ट प्रॉब्लम्स जैसी खतरनाक बीमारियों से बचे रहना चाहते हैं तो सबसे पहले अपनी डाइट से ऑयली, मसालेदार और जंक फूड को पूरी तरह से आउट कर दें। चीनी व नमक की मात्रा भी कम कर दें। सादा भोजन करें जिससे शरीर ही नहीं मन भी स्वस्थ रहता है और एक जो सबसे चीज फॉलो करना है वो है खाने का समय निर्धारित करना। मनुष्य को दिन में 6 से 8 गिलास पानी का सेवन करना चाहिए और 6 से 8 घंटे नींद लेनी चाहिए। इससे आपकी सेहत बिल्कुल ठीक बनी रहेगी।*



डॉ. कपिल देव भरवाल
जिला ऊना



*प्रस्तुति: राजेश शर्मा, ऊना*



## अच्छी मौखिक स्वच्छता से नहीं होगी कैविटी की समस्या

**कैविटी और दांतों की सड़न दुनिया की सबसे आम स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह किसी को भी हो सकता है। दांतों की सड़न की वजह से दर्द होता है और खाना खाने में तकलीफ होती है, सामने के दांत सड़ जाएं तो मुख की सुंदरता में दाग लग जाता है और आत्मविश्वाश में कमी आती है। हालांकि इंसान के शरीर का सबसे कठोर भाग उसके दांत ही होते हैं, परंतु लापरवाही और जागरूकता न होने की वजह से यह भी सड़न का शिकार हो जाते हैं।**

कोई कितनी भी सफाई करे, हर किसी के मुंह में बैक्टीरिया होते हैं, परंतु हम अपने मुंह की सफाई कितनी अच्छी तरह से करते हैं यह तय करता है कि बैक्टीरिया की तादात बढ़ेगी या कम होगी और अगर तादात बढ़ेगी तो क्या उनके लिए सड़न पैदा करने वाले कारक मौजूद है। यह बहुत अधिक चीनी और स्टार्च खाने और अपने दांतों को अच्छी तरह से साफ न करने के कारण होता है। जब दांतों से चीनी और स्टार्च को साफ नहीं किया जाता तो बैक्टीरिया जल्दी से उन्हें खाना शुरू कर देते हैं और प्लाक बनाते हैं। दांतों पर जमी प्लाक मसूड़ों के नीचे या ऊपर सख्त होकर टार्टर बन सकती है। टार्टर प्लाक को हटाना कठिन बनाता है और बैक्टीरिया के लिए एक ढाल बनाता है।

जब क्षय पैदा करने वाले बैक्टीरिया खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों से मिलने वाली शर्करा और स्टार्च के संपर्क में आते हैं, तो वे एक एसिड बनाते हैं। यह एसिड दांतों के इनेमल पर हमला कर सकता है, जिससे उसमें मौजूद खनिज खत्म हो जाते हैं। जब दांत बार-बार एसिड के संपर्क में आते हैं, तो इनेमल लगातार खनिज खोता रहता है। जहाँ खनिज खो गए हैं, वहां एक सफेद धब्बा दिखाई दे सकता है। यह शुरुआती क्षय का संकेत है। एक बार जब इनेमल के क्षेत्र घिस जाते हैं, तो बैक्टीरिया और एसिड दांतों की अगली परत तक पहुंच सकते हैं, जिसे डेंटिन कहा जाता है। यह परत इनेमल से नरम होती है और एसिड के प्रति कम प्रतिरोधी होती है, जिससे दांत अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। और उसमें दर्द होने लगती है। कभी-कभी दर्द और क्षति दांत की जड़ से बाहर हड्डी तक फैल सकती है, जिससे दांत के आसपास की हड्डी का नुकसान होता है और यहां तक कि आसपास के दांतों तक भी पहुंच सकता है।



समृद्धि रामाणी
शिशु रोग विशेषज्ञ

### रोजाना दो बार करें दांतों को साफ

*नियमित दंत चिकित्सा जांच के दौरान दांतों की सड़न का पता लगाया जा सकता है। फ्लोराइड का उपयोग करें, यह एक ऐसा खनिज है जो दांतों की सड़न को बढ़ने से रोक सकता है और यहां तक कि शुरुआती दांतों की सड़न को उलट भी सकता है या रोक भी सकता है। रोजाना 2 बार दांतों को साफ करें, एक बार सुबह और एक बार रात्रि को। ब्रश ज्यादा जोर से न रगड़े और 2 मिनट से ज्यादा न करें। माउथवाश का प्रयोग करें। मीठे और चिपचिपे पदार्थ कम खाएं। नियमित जांच और पेशेवर सफाई के लिए दंतचिकित्सक से मिलें।*

## हैप्पी बर्थडे



जिला कांगड़ा के रक्कड़ के स्वास्तिक ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## एविएशन सुरक्षा सांस्कृतिक सप्ताह का समापन

**गगल।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कांगड़ा का वार्षिक एविएशन सुरक्षा सांस्कृतिक सप्ताह का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि एविएशन सुरक्षा में सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया गया। यह कार्यक्रम 5 अगस्त से 11 अगस्त तक चला। इसमें विमानन उद्योग के पेशेवरों, हितधारकों, यात्रियों और विशेषज्ञों को एक साथ लाकर हवाई यात्रा को सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण उपायों पर चर्चा, सीखने और उन्हें मजबूत करने का अवसर प्रदान किया। एविएशन सुरक्षा के नवीनतम नवाचारों और चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# नशे से दूर रहने का दिया संदेश

### नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में सीयू ने धर्मशाला और देहरा में निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला/देहरा**

केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपने धर्मशाला और देहरा कैंपसों में नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल ने विधिवत रूप से इस रैली को रवाना किया।

इससे पहले कुलपति ने कहा कि आज हमारे समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती नशे की है। हमारा युवा वर्ग दिन-प्रतिदिन नशे के चुंगल में फंसता जा रहा है। देश के इस सबसे बड़े वर्ग को सही दिशा मिले इसके लिए हमारा विश्वविद्यालय कृतसंकल्प हैं। हमें एक जागरूक नागरिक की भूमिका का निर्वहन करते हुए अग्रणी रहना है। इसलिए आप सभी युवाओं से आह्वान करता हूं कि जहां भी आपको समाज में आभास हो कि युवा नशे का शिकार हो रहा है, उसे बचाने में




अपनी भूमिका का निर्वहन आप सभी अवश्य करें। तभी हमारा देश अपने विकसित भारत की परिकल्पना को सिद्ध कर सकता है। जनसंख्या की दृष्टि से भी देखा जाए तो संसार के सभी देश बूढ़े होते जा रहे हैं। भारत एक ऐसा देश है जहां युवा भविष्य का नेतृत्व करेगा। अतः यह हमारा दायित्व है कि हम इस वर्ग को सही दिशा दें।

इस अवसर पर कुलसचिव, अधिष्ठाता अकादमिक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय कुलानुशासक उपस्थित रहे। वहीं हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग एवं उन्नत भारत अभियान द्वारा सप्त संधु परिसर-2 में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं सम्मलित हुए।

इस अभियान में सभी के द्वारा नशा मुक्ति हेतु शपथ ग्रहण और पद यात्रा कर संदेश दिया। इसके पश्चात सभी ने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए परिसर से देहरा बस स्टैंड, एसडीएम ऑफिस, देहरा मार्केट से रैली निकाली गई। इस पद यात्रा को निकालने का उद्देश्य लोगों को नशा मुक्त भारत के प्रति जागरूक करना था।

देहरा मार्केट के व्यापारियों एवं आम जनता ने एकत्रित होकर इसे यात्रा सराहा। इसके पश्चात पद यात्रा जनता में नशा मुक्त भारत का संदेश देते हुए परिसर में वापस आई और इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रो. संजीत सिंह ठाकुर अधिष्ठाता समाज विज्ञान स्कूल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शशि पूनम और प्रो. अनिल, डॉ. श्वेता शर्मा, डॉ. गिरीश गौरव, डॉ. शबाब अहमद, डॉ. उज्ज्वल, डॉ. जयकांत सिंह, डॉ. विमल कश्यप और डॉ. ज्योति भी उपस्थित रहे।

# राहत और पुनर्वास कार्यों में न बरतें कोई कोताही : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में लगातार जारी बारिश को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है इस बाबत उपायुक्त हेमराज बैरवा ने उपमंडलाधिकारियों, तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों को फील्ड में डटे रहने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि किसी भी स्तर पर राहत तथा पुनर्वास के कार्यों में किसी भी तरह की कमी नहीं रहे।



**अधिकारियों को फील्ड में मुस्तैद रहने के दिए निर्देश**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने रविवार को जिला मुख्यालय में आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम में बारिश से हुए नुक्सान की समीक्षा की तथा राहत पुनर्वास के कार्यों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर आपदा प्रबंधन के कार्यों को लेकर कोताही नहीं बरती जाए तथा सभी विभागों के अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों से संबंधित कार्यों के लिए मुस्तैद रहें। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के चलते अवरूद्ध मार्गों को तुरंत प्रभाव से वाहनों की आवाजाही के लिए दुरूस्त किया है।

मौसम विभाग ने अगले 12 अगस्त तक जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है तथा आम जनमानस को सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों व पर्यटकों से नदी-नालों के किनारे न जाने की अपील की है। उन्होंने आग्रह किया कि भारी बारिश को देखते हुए अनावश्यक यात्रा न करें, सुरक्षित स्थानों पर रहें और किसी प्रकार का जोखिम न उठाएं।

# सुमीत चंद्र को चुना गया कृष्णा रामलीला क्लब इंदौरा का अध्यक्ष



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

कृष्णा रामलीला क्लब (रजि.) इंदौरा का त्रिवार्षिक अधिवेशन रविवार को कृष्णा रामलीला सराय भवन में संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से कृष्णा रामलीला क्लब की कमेटी के चुनावी प्रक्रिया को मुख्य संरक्षक प्रधान ग्राम पंचायत इंदौरा भूपाल कटोच की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सभागार में मौजूद सभी सदन के सदस्यों ने एक स्वर में सर्वसम्मति जताते हुए सुमीत चंद्र शर्मा को अध्यक्ष पद सौंपा। वहीं, वरिष्ठ उपप्रधान पुष्प अरुण शर्मा, उपप्रधान अधिवक्ता सुनीत कटोच व शक्ति भारद्वाज, महासचिव अनिल भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, सह सचिव बाबा कटोच, मुख्य सलाहकार तिलक राज शर्मा, उमाकांत सूदन व नरेंद्र जसवाल, प्रेस सचिव रमन कुमार व पंकज शर्मा, मंच संचालक गौरव शर्मा, अधिवक्ता संदीप कटोच व रणजीत कटोच, निर्देशक दलबीर कटोच, मनोज सूदन, महेश शर्मा, ओम बहल व दिग्विजय कटोच को चुना गया। क्लब के अध्यक्ष सुमीत चंद्र शर्मा ने कहा कि क्लब के सदस्यों ने जो भरोसा कर मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह बखूबी निभाउंगा और इस धार्मिक संस्था के उत्थान के लिए मेहनत करेंगे। इस मौके पर रामलीला सराय प्रभारी रणजीत कटोच, सहित कार्यकारिणी सदस्य रोहित कटोच, सूरज चौधरी, जसविंदर कटोच, कुणाल कटोच, अर्श कटोच, लक्की कटोच, नीरज कटोच सन्नी व कृष्णा रामलीला क्लब के सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# हनुमान मंदिर परिसर में बने मां दुर्गा, शनिदेव राधा-कृष्ण मंदिरों को मिलेगा नया स्वरूप

### कचहरी चौक स्थित मंदिर में उड़ीसा के कारीगरों ने शुरू किया काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के कचहरी चौक पर प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में बने मां दुर्गा, भगवान शनिदेव और राधा-कृष्ण के मंदिरों को नया व भव्य रूप दिया जाएगा। पुलिस विभाग व स्मार्ट सिटी परियोजना प्रबंधन मिलकर उड़ीसा के कारीगरों से इस मंदिर के नए स्वरूप को तैयार करवा रहे हैं। जानकारी के अनुसार करीब 25 फुट ऊंचे बनने वाले तीनों मंदिरों के निर्माण से इसकी भव्यता और बढ़ जाएगी।

बता दें कि धर्मशाला शहर के सौंदर्यीकरण का काम स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत चल रहा है। इसके तहत सड़क को चौड़ा करने और कचहरी चौक से क्रिकेट स्टेडियम तक कवर्ड कोरीडोर बनाने का काम भी चल रहा है। इसी कड़ी में हनुमान मंदिर की दीवार को पीछे किया जाएगा, जिसके चलते यहां बने तीनों मंदिरों को नए स्थान पर ले जाकर भव्य रूप देते हुए उड़ीसा के कारीगरों से तीन भव्य मंदिरों का निर्माण करवाया जा रहा है। अधिक ऊंचाई वाले यह मंदिर दूर से ही धर्मशाला के कचहरी चौक पर स्थित हनुमान मंदिर की शोभा को बढ़ाएंगे। इसके लिए पुलिस विभाग व स्मार्ट सिटी मिशन ने एमसीसी कंपनी को निर्माण कार्य का जिम्मा सौंप दिया है। इस अलावा मंदिर परिसर में एक हाल, पूजा सामग्री स्थल व अन्य सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी।

#### स्मार्ट सिटी मिशन के साथ मिलकर किया जा रहा काम : एसपी शालिनी अग्निहोत्री

**पुलिस** अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री का कहना है कि कचहरी स्थित हनुमान मंदिर प्राचीन मंदिरों में से एक है। इसे भव्य रूप देने लिए पुलिस विभाग स्मार्ट सिटी मिशन के साथ मिलकर काम कर रहा है। उड़ीसा के विशेष कारीगरों से इस काम को करवाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर इस कार्य को मूर्त रूप देने के लिए परियोजना प्रबंधन व कंपनी के साथ समन्वय कर रहे हैं। जल्द इस कार्य को पूरा किया जाएगा।

### भारी बारिश के बीच माता के जयकारे लगाते हुए बज्रेश्वरी मंदिर पहुंचे श्रद्धालु

# 7500 श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में टेका माथा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा में देर रात से हो रही भारी बारिश के बीच भी बाहरी राज्यों से आए हुए श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए श्री बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा पहुंच रहे थे। मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार मोहित रतन ने बताया कि सातवें मेले पर लगभग 7500 श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके साथ ही सावन अष्टमी मेले के छठे दिन भक्तों ने माता के चरणों में 1 लाख 79 हजार 146 रुपए का चढ़ावा अर्पित किया गया। सुबह से मंदिर के कपाट खोल दिए गए थे, ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



#### 25 हजार ने किए मां ज्वालाजी के दर्शन



**ज्वालामुखी।** शक्तिपीठ ज्वालाजी मंदिर के अधिकारी व तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रावण अष्टमी के छठे नवरात्र पर भक्तों द्वारा 6 लाख 54 हजार 2 रुपए की राशि माता के चरणों मे अर्पित की गई। रविवार को सातवें नवरात्र पर 25 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र ज्योतियों के दर्शन किए। श्रद्धालु लाइनों में दर्शन कर रहे हैं।

### 20 पेयजल योजनाएं, विद्युत विभाग का एक ट्रांसफार्मर और 4 पोल क्षतिग्रस्त

# लगातार हो रही बारिश से नगरोटा बगवां में 4 करोड़ का नुकसान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

भारी बारिश से क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई योजनाओं के अलावा संपर्क मार्गों के अवरुद्ध होने का सिलसिला जारी है, जबकि विद्युत विभाग भी अछूता नहीं रहा है। दो दिनों की ताजा बारिश से नगरोटा बगवां उपमंडल के तहत लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और विद्युत विभाग को लगभग 4 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। विभिन्न खड्डों में वर्षा से जलस्तर बढ़ जाने से इस उपमंडल में पेयजल की लगभग 20 योजनाएं, सिंचाई की 6 योजनाएं और एक सीवरेज की योजना को नुकसान पहुंचा है, जिससे कई स्थानों पर पेयजल सप्लाई में भी बाधा पहुंची है।

एसडीएम मनीष शर्मा ने बताया कि उक्त योजनाओं को लगभग अढ़ाई करोड़ रुपये की क्षति का अनुमान लगाया गया है। विभाग के एक्सईएन विवेक ठाकुर ने बताया कि क्षतिग्रस्त हुई योजनाओं को सुचारू करने में विभाग सक्रियता से है। एसडीएम ने बताया कि उपमंडल में मलबा गिरने से अवरुद्ध हुए रिड़ी कंडी, छुघेरा कंडी आदि संपर्क मार्गों को सुचारू किया जा रहा है। वहीं, अधिशाषी अभियंता सुरेश वालिया लोक निर्माण विभाग ने बताया कि विद्युत विभाग का एक ट्रांसफार्मर और 4 पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि लोक निर्माण विभाग को लगभग 1 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।





# रानीताल में फोरलेन का डंगा धंसने से सड़क का 100 मीटर भाग क्षतिग्रस्त

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

उपमंडल कांगड़ा के तहत पड़ते रानीताल के पास रातभर से हो रही भारी बारिश के कारण नवनिर्मित फोरलेन सड़क का डंगा धंसने से लगभग 100 मीटर सड़क का भाग क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण सड़क के एक तरफ की आवाजाही बंद हो गई है, जिस कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि रानीताल से मटौर तक फोरलेन का निर्माण गाबर कंपनी के द्वारा किया जा रहा है।

इसकी जानकारी गाबर कंपनी के ऑलओवर मैनेजर कविराज ने दी। उन्होंने बताया कि कांगड़ा में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण फोरलेन का यह भाग धंस गया है और जल्द ही क्षतिग्रस्त भाग का दोबारा से निर्माण कर दिया जाएगा, ताकि वाहन चालकों और लोगों का परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, साथ लगती रेल लाइन जो कि लगभग 200 मीटर बताई जा रही है, वह भी क्षतिग्रस्त हो गई है। रेलवे विभाग को इस कारण भारी नुकसान हुआ है, लेकिन खबर लिखे जाने तक रेलवे का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था। (अनंत ज्ञान)



## मकान पर गिरा भारी भरकम पेड़

**कांगड़ा।** विकास खंड कांगड़ा के तहत पड़ती ग्राम पंचायत खोली के वार्ड-1 के रघुवीर सिंह पुत्र जैसी राम के पक्के मकान पर देर रात एक बजे भारी भरकम पेड़ गिर गया, जिस कारण मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया गया जिस समय यह घटना उस घटी, जब 20 वर्षीय अंकिता व उसकी दादी उसी कमरे में सो रही थीं, जबकि घर के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे। गनीमत यह रही कि घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। वहीं, हलका पटवारी सुरिंदर कुमार और ग्राम पंचायत प्रधान केवल चौधरी पहुंचे और घर के पर गिरे पेड़ का मुआयना कर हुए नुकसान का जायजा लिया। मौके पर पहुंचे पटवारी ने रिपोर्ट तैयार कर विभाग को भेज दी है।

# जनता के पैसे को मित्रों पर लुटा रहे सीएम सुक्खू : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार झूठे वादे कर सत्ता में आई और अब पूर्व सरकार द्वारा जनता को दी गई रियायतों को छीनने पर उतर आई है। हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि एक कल्याणकारी राज्य की सरकार का दायित्व बनता है कि वो जनता से टैक्स के रूप में वसूले पैसों को जनता के विकास पर खर्च करे, लेकिन यहां मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार जनता से टैक्स के रूप में वसूले जा रहे करोड़ों रुपए को सिर्फ और सिर्फ अपने मित्रों पर लुटा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर प्रदेश की वित्तीय हालात से मुख्यमंत्री इतने ही चिंतित हैं तो अपने मित्रों को बांटे कैबिनेट रैंक बापस क्यों नहीं लेते? ओएसडी और सलाहकारों की फौज को कम क्यों नहीं करते? अपने हवाई यात्राओं को छोड़ सड़क मार्ग से सफर क्यों नहीं करते? विश्व चक्षु ने कहा कि सुखविंद्र सुक्खू इतिहास के सबसे निकम्मे और खर्चीले मुख्यमंत्री साबित हुए हैं, जो विकास करने के बजाय दी गई सुविधाओं को छीनने पर तुले हुए हैं।



पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की सरकार ने महंगाई से राहत देते हुए लोगों को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल निशुल्क, 125 यूनिट बिजली फ्री, हिमकेयर में पांच लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा देने जैसे ऐतिहासिक कार्य किए थे लेकिन इस कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही इन सुविधाओं को अब बंद कर दिया गया है। यही नहीं अब आर्थिक संकट के नाम पर बस किराया भी बढ़ाया जा रहा है और माताओं बहनों को दी जा रही आधा किराया की सुविधा भी छीनी जा रही है।

## छत्तीसगढ़ निवासी ने गलती से निगला जहर

**धर्मशाला।** सकोह में जहर खाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के 30 वर्षीय दर्श राम ने शराब के नशे में गलती से फिनायल की गोलियां खा लीं। सकोह में अचेत अवस्था में पड़े व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद पुलिस को सूचना देने के बाद धर्मशाला पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। अब व्यक्ति की हालत अब स्थिर है तथा खतरे से बाहर है। उधर, एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

# आर्य कॉजेल नूरपुर में विद्यार्थियों ने सीखा आपदाओं से निपटना

**संजीव महाजन, नूरपुर**

राजकीय आर्य महाविद्यालय की आपदा प्रबंधन समिति ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और संकाय को प्रभावी आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर और आपदा प्रबंधन समिति के संयोजक डॉ. सोहन कुमार के उद्घाटन भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने आज की दुनिया में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हरजीत भुल्लर ऊर्जा और आपदा प्रबंधन संसाधन केंद्र कांगड़ा के कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित थे। भुल्लर की प्रस्तुति कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता रही, जिसमें उन्होंने आकर्षक ऑडियो-वीडियो सामग्री का ऊपयोग किया। उन्होंने वास्तविक आपदा परिदृश्यों का उपयोग करके आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन के महत्वपूर्ण सिद्धांतों को प्रभावी ढंग से समझाया। अपने भाषण के दौरान, भुल्लर ने एक नई पहल की घोषणा की। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से राजकीय आर्य महाविद्यालय में एक कॉलेज प्रतिक्रिया टीम स्थापित की जाएगी। इस टीम को कांगड़ा स्थित जिला आपदा प्रबंधन केंद्र में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और प्रभावी आपदा प्रतिक्रिया और प्रबंधन में गहरी समझ प्राप्त होगी।



प्रस्तुति के बाद एक इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने प्रश्न पूछे और आपदा तैयारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस सत्र ने विचारों और व्यावहारिक समाधानों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया। जागरूकता कार्यक्रम ने न केवल प्रतिभागियों को शिक्षित किया, बल्कि समुदाय में आपदा प्रबंधन के प्रति एक सक्रिय दृष्टिकोण को भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में रेंजर और रोवर के अधिकारियों प्रोफेसर किरण बाला और डॉ. रोहित कुमार भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**आवाज**

### बीड़-बिलिंग में आयोजित बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने उठाई मांग

# साडा का या तो सरलीकरण किया जाए या इसे बंद कर दिया जाए

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

साडा क्षेत्र बीड़-बिलिंग के पंचायत प्रतिनिधियों और क्षेत्र के नागरिकों की एक बैठक रविवार को वन विश्रामगृह बीड़ में हुई। बैठक में साडा के कारण लोगों को आ रही परेशानियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

जानकारी देते हुए इस बैठक के संयोजक सतीश अबरोल ने बताया कि वर्ष 2003 से साडा की प्लानिंग शुरू हुई थी और दिसंबर 2018 से इसे यहां पर इंप्लीमेंट कर दिया गया है। इसके बाद से लोगों की मुश्किलें बहुत ही अधिक बढ़ गई हैं, जिसको लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में सभी सदस्यों ने एकमत से प्रस्ताव पास किया कि साडा का या तो सरलीकरण किया जाए या इसे बंद किया जाए और इसकी जगह पर नगर पंचायत बना दी जाए। साथ ही साडा द्वारा ली जाने वाली फीस स्थानीय दफ्तर के बाहर बोर्ड पर लिखी जाए। सभी सदस्यों का मानना था कि जिस कारण से साडा यहां पर लगाई गई है, वह लैंडिंग साइट और टेक ऑफ साइट पूरी तरह साडा के नियमों की अवहेलना कर रही है यानी वहां पर प्रतिदिन अवैध निर्माण हो रहे हैं। उन्हें साडा की तरफ से कोई नहीं रोक रहा, लेकिन आम आदमी अपनी पुश्तैनी जमीन पर भी कोई निर्माण करना चाहता है चाहे वह घरेलू हो या व्यावसायिक उसे तरह-तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं और विभाग उसे नोटिस दे रहा है। (अनंत ज्ञान)



#### साडा अवैध निर्माण कार्य रोकने में विफल

**लोगों** ने कहा कि साडा द्वारा हो रहे अवैध निर्माण कार्यों पर कोई भी अंकुश नहीं लगाया गया है जबकि जो लोग वैध तरीके से कार्य करना चाहते हैं, उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई कई महीनो तक उनके कागज लटके रहते हैं उस दौरान चीजों की कीमतें आसमान छूने लगती हैं, जिस कारण लोगों को निर्माण कार्य करने में भारी परेशानी होती है। इस सब के मध्य नजर आज की बैठक का आयोजन हुआ है और यह फैसला किया गया है कि इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र के प्रतिनिधि और जनता जल्द ही उपमंडल अधिकारी और साडा के अध्यक्ष श्री देवी चंद ठाकुर से मिलकर उन्हें इन समस्याओं बारे ज्ञापन सौंपेगी, जिसमें जल्द से जल्द कार्रवाई का आग्रह किया जाएगा। प्रशासन अगर इस विषय पर उसके बाद भी 10 दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं करता है तो जनता को संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ सकता है।

> **खुशी** कोई पहले से बनाई हुई चीज नहीं है। यह आपके अपने कार्यों से आती है। –दलाई लामा

## संपादकीय

# पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन

अच्छा प्रशासन आमतौर पर उसे कहा जाता है जो नागरिकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा करता है और जिसमें पारदर्शिता भी होती है। सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही, नैतिकता और अखंडता के अलावा कुशलता और प्रभावशीलता भी होनी चाहिए। सरकारी कार्यों को नागरिकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के अनुसार डिजाइन किया जाना चाहिए तभी समावेशी और न्यायसंगत प्रशासन दिया जा सकता है। स्थिरता और लचीलापन सरकारी कार्यों की रीढ़ होती है। अच्छा प्रशासन नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए काम करता है। हिमाचल की सुक्खू सरकार इसी मंशा से काम करना चाहती है। प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश के प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के लिए वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) प्रणाली में संशोधन करने का फैसला लेकर एक नई पहल की है। सीएम सुक्खू की ओर से घोषित इस ऐलान का मकसद सिर्फ अधिकारियों की जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाना है। हिमाचल में अब प्रशासनिक सचिवों और जिलों में तैनात उपायुक्तों सहित सभी अधिकारियों का मूल्यांकन केवल उनके एपीएआर के आधार पर किया जाएगा। यह मूल्यांकन सीधे सभी अधिकारियों के कार्य परिणामों से जुड़ा होगा। इसमें उत्कृष्ट, बहुत अच्छा, अच्छा और औसत जैसी पारंपरिक वर्णनात्मक श्रेणियों को एक संख्यात्मक ग्रेडिंग स्केल से बदल दिया जाएगा। उनकी वार्षिक कार्ययोजना की उपलब्धियां अन्य कार्य संबंधी विशेषताएं और व्यक्तिगत व कार्यात्मक विशेषताएं सुधारों में नकारात्मक अंकन भी इसमें शामिल रहेगा। दरअसल, प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन उनके द्वारा निर्धारित लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति की दर का मूल्यांकन करना होता है। इस मूल्यांकन के जरिए उनके नेतृत्व में टीम की प्रभावशीलता और सहयोग का मूल्यांकन किया जाता है। इससे अधिकारियों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। अधिकारियों के निर्णयों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता का मूल्यांकन जरूर होना चाहिए। अधिकारियों के संचार कौशल और टीम के साथ संवाद करने की क्षमता का मूल्यांकन भी जरूरी होता है। अधिकारियों को पेश आ रही समस्या तथा समाधान की क्षमता और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता का मूल्यांकन करना चाहिए।


यही नहीं, उनके कार्यों में नैतिकता और अखंडता का मूल्यांकन भी करना चाहिए। उनके द्वारा किए गए नवाचारों और सुधारों का मूल्यांकन तथा टीम का प्रबंधन करने की क्षमता का मूल्यांकन भी अवश्य है। संसाधनों का प्रबंधन करने की क्षमता का मूल्यांकन करना तथा अधिकारियों की ओर से निर्धारित परिणामों की प्राप्ति की दर का मूल्यांकन करना भी इसमें शामिल रहता है। इन मानदंडों का उपयोग करके प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन किया जा सकता है और उनके प्रदर्शन में सुधार के लिए कदम उठाए जा सकते हैं। वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट के जरिए मूल्यांकन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जा सकता है। इस संशोधित प्रणाली में कर्मचारियों के प्रदर्शन को अधिक सटीक रूप से मापा जा सकता है, जिससे उन्हें अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। संशोधित प्रणाली में कर्मचारियों के विकास के लिए अधिक अवसर प्रदान किए जा सकते हैं, जिससे वे अपने कौशलों में सुधार कर सकें और अपने करियर में आगे बढ़ सकें।

निश्चित रूप से प्रशासनिक क्षमता को बढ़ावा तभी दिया जा सकता है जब सरकारी कार्यों को अधिक कुशलता से पूरा किया जाए। संशोधित प्रणाली में जवाबदेही को बढ़ावा भी तभी दिया जा सकता है जब अधिकारी भी इसमें रुचि लें और अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह रहें। गलतियां सभी से होती हैं, लेकिन गलतियों से सबक लेना चाहिए और उन्हें दोबारा नहीं दोहराना चाहिए। इन संशोधनों से हिमाचल प्रदेश की सरकारी प्रणाली में सुधार हो सकता है और कर्मचारियों के प्रदर्शन में वृद्धि हो सकती है। पिछले कुछ समय में अक्षम नौकरशाही और बेलगाम भ्रष्टाचार ने सरकारी व्यवस्था के विरुद्ध माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके चलते सरकार को समस्या के समाधान नहीं, बल्कि समस्या के जनक के रूप में देखा जाने लगा था। इस नई एपीएआर प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है और इसमें रचनात्मक सुधार की गुंजाइश अभी बनी हुई है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


### पद्मश्री से सम्मानित वन्यजीव विशेषज्ञ

**रॉबिन** बनर्जी असम के गोलघाट के एक प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, पर्यावरणविद्, चित्रकार, फोटोग्राफर और दस्तावेजी फिल्म निर्माता थे। उन्होंने कुल 32 डॉक्यूमेंट्री बनाईं। उन्होंने वाइल्ड-लाइफ को बचाने और सहेजने के लिए खुद को इस तरह से समर्पित कर दिया था कि अपने मेडिकल प्रोफेशन को बिलकुल ही छोड़ दिया। प्रकृति और पर्यावरण के प्रति रॉबिन बनर्जी के इसी समर्पण के लिए उन्हें 1971 में 'पद्म श्री' से नवाजा गया। उन्हें अपनी वाइल्ड-लाइफ फिल्मों के लिए 14 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया था। डॉ. रॉबिन बनर्जी पेशे से एक डॉक्टर थे, जिन्होंने दूसरे विश्व युद्ध में रॉयल नेवी में अपनी सेवाएं दीं थीं। पेशे से पर्यावरणविद, एक फोटोग्राफर और डाक्यूमेंट्री फिल्ममेकर-जिन्होंने काजीरंगा का परिचय पूरी दुनिया से कराया। पश्चिम बंगाल के बहरामपुर में जन्मे डॉ. रॉबिन बनर्जी की प्रारंभिक शिक्षा शांति निकेतन से हुई। फिर उन्होंने 'कोलकाता मेडिकल कॉलेज' से डिग्री ली। इसके बाद की उनकी पढ़ाई लिवरपूल और एडिनबर्ग से हुई। साल 1937 में उन्होंने लिवरपूल में रॉयल नेवी को जॉइन किया। दूसरे विश्व युद्ध में ड्यूटी निभाने वाले डॉ. बनर्जी पर युद्ध का बहुत प्रभाव पड़ा। ■



**रॉबिन बनर्जी**
**जन्म :** 12 अगस्त, 1908
**मृत्यु :** 6 अगस्त, 2003

## कविता — एक शिक्षक की नई कविता



डॉ कौमार्या मनोज

*आ मेरे बच्चे तुमको अपनी ,*
*व्यथा मैं आज सुनाता हूं ।*
*तेरी कोशिश हीं मेरी कोशिश*
*तेरी हार से हार मैं जाता हूं ।।*
*तुम्हें जीताने के खातिर मैं ,*
*दिन-रात एक कर जाता हूं ।*
*पढ़ा लिखा उत्साह बढ़ाकर ,*
*तेरे को रोज सजाता हूं।।*
*तेरे सपनों में अपने सपने ,*
*हर रोज नई बुन पाता हूं।*
*तेरी कोशिश में मेरी कोशिश,*
*तेरी जीत से जीत मैं जाता हूं।।*
*आ मेरे बच्चे तुमको अपनी,*
*व्यथा मैं आज सुनाता हूं।*
*तू क्या जाने क्या मेरी व्यथा है,*
*मैं क्या-क्या कर पाता हूं ।*
*तुझे पढ़ाने के खातिर मैं ,*
*खुद की क्लास लगाता हूं ।।*
*हर रोज रात में यह सोचूं मैं ,*
*क्या कल नया बताऊं मैं ।*
*नित रोज नए प्रश्नों को बनाकर*
*तुझको रोज सिखाऊं मैं ।।*
*तब जाकर कोई रैंक निकलता ,*
*तू क्या समझे दर्द मेरी ।*
*पर उससे जो खुशियां मिलती ,*
*गर्मी में ठंडक , जैसे सर्द भरी ।।*
*आ मेरे बच्चे तुमको अपनी ,*
*व्यथा मैं आज सुनाता हूं ।*
*तेरी कोशिश हीं मेरी कोशिश ,*
*तेरी जीत से जीत मैं जाता हूं ।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सएप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# क्लिक से प्रगति तक : सतत् विकास के लिए युवा डिजिटल मार्ग

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष**

भारत सरकार द्वारा 'सतत विकास' के साथ-साथ 'विकसित भारत' के संकल्पित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों पर बल दिया जा रहा हैं। इस संदर्भ में जुलाई 2024 में पेश किया गया, केंद्रीय बजट भी विविध लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु दृष्टिगोचर रहा। इसी कड़ी में भारत की केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा युवाओं के विभिन्न मुद्दों पर प्रमुखता से प्रकाश डाला गया।

जिसके अंतर्गत अगले 5 वर्षों में लगभग एक करोड़ युवाओं को नौकरी पर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु इंटर्नशिप योजना के उद्देश्यों से देश को अवगत करवाया गया, जबकि इन्हीं 5 वर्षों की समय अवधि के तहत लगभग 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार, कौशल आदि प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री की 5 योजनाओं के लिए 2 लाख करोड़ रुपए परिव्यय का प्रावधान बताया गया। इसके अलावा, इसी समय अवधि में तकरीबन 20 लाख युवाओं को कौशल प्रदान करने हेतु वित्तीय प्रावधान आदि शामिल हैं। सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्षेत्र की बात करें, तो उसमें तकरीबन 1,16,342 करोड़ रुपए का व्यय रखा गया है। जिससे युवाओं को आईटी क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों हेतु बल प्रदान किया जा सकेगा और यही बल कहीं न कहीं इस बार के अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस को परिभाषित करता नजर आ रहा है। इस विषय को रेखांकित करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का कहना है कि 'सतत विकास' लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक बड़े बदलाव की आवश्यकता है – जो केवल तभी हो सकता है, जब हम युवाओं को सशक्त बनाएं और उनके साथ समान रूप से काम करें'। इस क्रम में यदि हम भारत की बात करें, तो 145 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश में लगभग 27 प्रतिशत से 29 प्रतिशत के आसपास का भाग, 18 से 35 वर्ष की आयु वाले युवा वर्ग का है। वहीं भारत की कुल आबादी में लगभग 65 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है जो डिजिटल मार्ग द्वारा 'सतत विकास लक्ष्यों' को प्राप्त करने हेतु भारतीय कार्यबल के प्रति अहम भूमिका निभाने में कारगर सिद्ध हो सकती है। डिजिटल मार्ग की ओर ध्यान केंद्रित करें, तो 01 जुलाई 2015 को भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई डिजिटल इंडिया योजना डिजिटल मार्ग के ही समता है।

यह वही योजना है जिसे हाल ही में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा खूब सराहा गया। इसी योजना के अनुरूप यदि हम युवा और उनके द्वारा डिजिटल मार्ग अपनाए जाने की ओर प्रकाश डालें तो हमें यह जानकारी प्राप्त होती है कि भारत देश की कुल आबादी में से लगभग 85 प्रतिशत से ज्यादा युवा डिजिटल मार्ग का निरंतर उपयोग करने लगे हैं। जो कार्यबल में वृद्धि कर सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में कहीं न कहीं सहायक सिद्ध हो सकते हैं। भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी सेवाओं का संचालन भी एक अनोखा एवं निपुण साधन माना जा रहा है, जिसके प्रयोग से निकट भविष्य में युवाओं द्वारा विकास की कई गाथाएं लिखी जा सकेंगी।



**लेखक : शिवालिक अवस्थी**
शिला चौक, धर्मशाला (कांगड़ा)

आज दूर-दराज के क्षेत्रों में संचार की सुविधाओं का पहुंचाया जाना भी डिजिटल इंडिया का ही एक सफल प्रयास है। बहरहाल, इस विषय में यदि गहन चर्चा करें, तो युवाओं को हर सुविधा प्रदान करने में देश-प्रदेश की सरकार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जो भविष्य में भी अपेक्षित ही होगा, किंतु कमी है तो उन सुविधाओं को सही मायने में अपनाने की। वर्तमान में हमारे समक्ष आंशिक युवा वर्ग के प्रति जो चुनौतियां सामने खड़ी हैं उनका निवारण करने हेतु हमें कई प्रयासों को अमल में लाने की बेहद अनिवार्यता है। नशा, उपलब्ध साधनों का दुरुपयोग और जागरूकता का अभाव आदि कई मुख्य चुनौतियां हैं, जिनके प्रति हमें एक होने की पुरजोर यानी अत्यधिक जरूरत है। यहां यदि हम युवाओं के प्रति पहली मुख्य चुनौती की बात करें तो वह है 'नशा'। एक ओर जहां हमने पूर्व में यह जानने का प्रयास किया कि हमारे भारत देश की कुल आबादी का लगभग 27 से 29 प्रतिशत भाग युवा वर्ग से घिरा हुआ है वहीं दूसरी ओर आपको यह जानकर बेहद आश्चर्य होगा कि सबसे ज्यादा नशे का सेवन भी इसी आयु वर्ग के युवाओं द्वारा किया जा रहा है। जो वास्तविकता में एक जटिल समस्या है।

नशा अपनाना जितना आसान है, उतना ही कठिन है इसकी लत से छुटकारा पाना। आज के युवा वर्ग को यह समझना होगा कि उनके भविष्य के साथ-साथ हमारे देश का भविष्य भी जुड़ा हुआ है और खुशहाल देश तभी बन सकेगा, जब हर युवा अपनी जिम्मेदारियों के प्रति खरा उतरने लगेगा। इसके लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़कर देश के युवाओं को इसका शिकार होने से बचाना होगा। अब हम दूसरी मुख्य चुनौती की बात करें तो वह है 'साधनों का दुरुपयोग'।

आजकल के इस बेहद आधुनिकी दौर में हमारे आसपास कई ऐसे प्रबल साधन मौजूद हैं, जो हमारे रोजमर्रा के कार्यों के लिए बेहद जरूरी हैं या यूं कहें तो इन साधनों के अभाव से कार्यबल की गति भी धीमी महसूस होने लगती है। यह साधन ही हैं जो हमें देश-दुनिया को सामाजिक अथवा आर्थिक तौर पर सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। सबसे प्रबल साधन की अगर हम बात करें, तो इंटरनेट टेक्नोलॉजी का नाम सबसे ऊपर आता है। भारत सरकार डिजिटल तकनीकी का चहुंमुखी विकास करने में कारगर साबित होती हुई नजर आने लगी है, किंतु देश के युवा वर्ग का कुछ हिस्सा कहीं न कहीं अपने भविष्य के प्रतिकूल, भ्रमक और तथ्यहीन विचारों को डिजिटल तकनीकी के माध्यम से लोगों तक फैलाने में लगा हुआ है। सरल शब्दों में कहें तो देश हित में कार्यबल की अपेक्षा व्यर्थ के कार्यों में समय नष्ट करने में लगा हुआ है। अन्य चुनौती पर बात की जाए, तो वह है युवाओं में 'जागरूकता का अभाव'।

सामाजिक दृष्टिकोण से एक युवा ही होता है जो सबसे अच्छा संदेशवाहक होता है। युवा अपने आस-पास की सभी गतिविधियों पर नजर रखता है और उन्हीं गतिविधियों को अमल में लाने का प्रयास करता है, इसलिए कहा जाता है कि युवाओं को सही दिशा पर अग्रसर करने के लिए सामाजिक उत्थान हेतु सभी को सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। दिशाहीन युवा को बेहतरीन दिशा प्रदान करने का अर्थ है कि आपने देश की प्रगति में एक नवीन अध्याय की रचना की। हालांकि उपरोक्त मुख्य चुनौतियों की बात करें तो यह देश हित में एकजुट होकर स्वत: ही ध्वस्त की जा सकती हैं और उन आंशिक युवाओं को लक्ष्य रहित राह से निकाल कर इनका भविष्य संवार सकती हैं। इसके लिए हम सभी को समाज का एक अच्छा मार्गदर्शक बनकर युवाओं को डिजिटल तकनीकों के प्रति प्रोत्साहित कर, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ बताकर उन्हें जागरूक करना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# यूपी से उत्तराखंड तक सक्रिय हैं बांग्लादेशी

उत्तर प्रदेश गैर भाजपा दलों की तुष्टिकरण की सियासत के चलते बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों के लिए सबसे सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। काफी बड़ी संख्या में अराजक तत्व संगठित अपराध की तरह घुसपैठियों के फर्जी आधार और अन्य जरूरी कागजात तैयार करने का धंधा चला रहे हैं, जिसके बदले में इनको मोटी रकम तो मिलती ही है, इसके अलावा कट्टरपंथी गजवा-ए-हिंद का सपना भी देखते हैं।

प्रदेश में साल दर साल मुस्लिम घुसपैठियों की तादाद बढ़ती जा रही हैं। पांच वर्ष पूर्व पुलिस ने प्रदेश में अवैध रूप से निवास कर रहे, बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों को चिन्हित करने के लिए सर्वे किया था। तब पुलिस ने अनुमान जताया था कि प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा बांग्लादेशी और करीब 3 हजार रोहिंग्या नागरिक अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया था कि केवल लखनऊ में ही करीब एक लाख बांग्लादेशी नागरिकों ने अपना ठिकाना बना लिया है। लखनऊ के फैजाबाद रोड स्थित अकबरनगर जैसे कई इलाकों इनका जमावाड़ा देखा जा सकता है। यह इलाके पुलिस की जांच में दायरे में भी हैं, हालांकि सर्वे के बाद ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी।




**लेखक : अजय कुमार**
वरिष्ठ पत्रकार

अधिकतर मामलों में पाया गया कि स्थानीय नेताओं ने ही उनके भारतीय नागरिकता के प्रमाण पत्र जैसे जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड बनवाने में मदद की थी। इनमें से अधिकतर ने असम के निवासी होने का दावा किया था, जिसकी पड़ताल के लिए पुलिस की टीमें भेजी गई थीं। लखनऊ की तरह ही मुरादाबाद, रामपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, बरेली जैसे जिलों सहित उत्तराखंड तक भी इन घुसपैठियों की बड़ी तादात पहुंच चुकी हैं, सबके जन्म प्रमाण पत्र से लेकर आधार कार्ड आदि तक बना दिए गए हैं।

ऐसा नहीं है कि यह सब बातें किसी से छिपी हुई हैं, लेकिन तमाम स्वयंसेवी संगठनों के विरोध के बाद भी यह मामला ठंडे बस्ते से बाहर नहीं निकल पाता है। बीते वर्ष एडीजी कानून व्यवस्था रहे प्रशांत कुमार के निर्देश पर रोहिंग्या नागरिकों की धरपकड़ के लिए कई जिलों में अभियान भी चलाया गया था। रायबरेली में फर्जी प्रमाण पत्र बनने के मामले का खुलासा होने के बाद पूरे प्रदेश में इसकी जांच के आदेश दिए गए हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो सभी जिलों के डीएम को जन्म प्रमाण पत्रों की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। वहीं डीजीपी मुख्यालय की ओर से पुलिस को भी जांच में सहयोग करने का आदेश दिया गया है। प्रमाण पत्र बनवाने में पीएफआई के सदस्यों की भूमिका की जांच का जिम्मा एटीएस को सौंपा गया है। बता दें कि रायबरेली में फर्जी प्रमाण पत्र बनने का बड़ा मामला सामने आने के बाद राज्य सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## मंजे हुए लोग



यादव किशोर गौतम, नालागढ़

*क्या नहीं जानते हैं लोग गहरी मूर्छा में*
*घुसकर भिंचे हुए दांतों के बीच*
*इंसान को जगाते आयें हैं चमचे*
*बखूबी घुसकर शेर के मुंह में*
*नाप दाढों का उसकी लायें हैं चमचे।*
*पर दस्तूर जमाने का नहीं समझ यादव की आया*
*आखिर जमाने ने क्यों बदनाम कराए हैं चमचे।*
*कोई प्रबंध करना जाने, आगोश में हैं चमचे*
*मिलता रहे खाने को कुछ, खामोश हैं चमचे*
*वर्ना कुतर-कुतर कर जड़ें मालिक की*
*धरती पर धढांम से गिराते हैं चमचे। ।*
*नजर पैनी सदा चमचों पर जो रखते हैं*
*पकड़ कर सलीके से हर स्वाद वो चखते हैं*
*कसौटी पर लगाना आ गया जिन्हे चमचों को*
*हुनर ऐसा वो यादव मंजे हुए लोग रखते हैं।*

# हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक प्रकोप की हो रही बरसात

हिमाचल में प्राकृतिक प्रकोप की बरसात हो रही है। जनजीवन अस्त व्यस्त है। पर्यटकों की आवाजाही बंद है। जान माल का नुकसान होने की शंका से लोग सहमे हुए हैं। बाढ़ से जहां-जहां नुकसान हो रहा हो रहा है, वहां राहत कार्य चलाए जा रहे हैं। प्रशासन मुस्तैद है। अनेक समाजसेवी संस्थाएं सेवा कार्यों में जुटी हुई हैं। पीड़ितों को भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। दरअसल वर्षों पहले इन पहाड़ों पर घने जंगल हुआ करते थे। चारों ओर हरियाली थी। प्राकृतिक झरनों, नदियों, नालों व तालाबों में शुद्ध पानी था। सभी पशु पक्षियों का जीवन सुखपूर्वक व्यतीत होता और सभी प्रकृति के नियमों का पालन करते। देवभूमि हिमाचल के लोग जल की पूजा किया करते। बरसात के मौसम में नदी नालों के पास नहीं जाने का नियम में रहता। मकान का निर्माण गांव में ऊंची धार पर किया जाता। खेत खलियान क्यार में मकान नहीं बनते। जमीन का उपयोग खेती के लिए होता था, खेतों में मकान बनाना अच्छा नहीं माना जाता था।

पेड़ों से पत्तियां पशुओं के चारे के लिए और सूखी लड़कियां चूल्हे में जलाने के लिए उपयोग में लाई जाती थीं। पेड़ों का काटना पाप माना जाता था। जैसे ही इन पहाड़ों में विकास की बयार बहने लगी, धीरे-धीरे प्रकृति के साथ छेड़छाड़ शुरू हुई। पहाड़ बड़ी-बड़ी मशीनों से काटे गए। सुरंगों का निर्माण हुआ। सड़कें चौड़ी बनाई जाने लगीं। नदी नालों पर बहुमंजिला मकान तैयार हो गए। जंगलों के बीच कंक्रीट के जंगल उगने लगे। मनुष्य अपनी इस विकास यात्रा पर खुशियां मना ही रहा था कि प्रकृति ने थोड़ा सा रौद्र रूप दिखलाकर चेतावनी दी। परंतु मनुष्य नहीं संभला। अंधा विकास, ठेकेदारी प्रथा, राजनेताओं अधिकारियों की कमीशन और अधिक पैसा कमाने का लालच प्रकृति को चोटिल करता रहा। धड़ल्ले से खनन माफिया फलता-फूलता रहा। पर्यावरण का संतुलन बिगड़ा, परंतु फिर भी किसी ने सीख नहीं ली।



**लेखक : डॉ. कर्म सिंह**
देव सदन गांव, जिला शिमला

जब एक बरसात में भारी तबाही हुई। जान माल का बहुत अधिक नुकसान हुआ। तब भी मकान को बचाने के लिए पेड़ काट डाले। मकान के नक्शे पास नहीं हैं, पानी की निकासी सही नहीं है, इस तरह की दलीलें दी जाती रहीं, जिसे प्रकृति ने पूरी तरह से अनसुना कर दिया। सरकार और लोगों द्वारा जो राहत राशि दी गई, उसका भी पूरी तरह से उपयोग नहीं हो सका। अगले साल की बरसात फिर आ गई। बरसात में जब पानी बहेगा, तो नुकसान तो होगा ही। पहले पेड़ों के होते से बरसात का पानी जमीन में रिस जाया करता था। अब जमीन पर पड़ते ही एकदम बाढ़ आने लगती है। पानी अपने पुराने रास्तों को खोजना है और जब रास्ते में मकान बने होते हैं, तो पानी अपना रास्ता बदल लेता है या उस मकान को बहा कर ले जाता है। यह कसूर पानी का नहीं।

उसे मनुष्य और तथाकथित विकास का है जो नदी नाले खंड में जाकर बहुमंजिला मकान बनाकर पानी के रास्ते में खड़ा हो गया है। बरसात तो इससे पहले भी बहुत अधिक हुआ करती थी। परंतु तब नदी नालों का पूजन किया जाता था। उनके रास्ते को रोका नहीं जाता था। अब निजी और सरकारी इमारतें नदियों, नालों व खड्डों में बनाई जा रही हैं। जब कभी बारिश अधिक होने से या बादल फटने से बाढ़ आती है, तो सब कुछ बह जाता है। फिर राहत कार्य शुरू होते हैं। लाशों की तलाश होती है। बहुत सारा धन खर्च होता है। राहत के पैकेज की राजनीति होने लगती है और फिर दोबारा नदी-नालों के किनारे मकान बना लिए जाते हैं। जब तक यह खेल यूं ही चलता रहेगा, प्राकृतिक आपदाएं आती रहेंगी और राहत पैकेज के नाम पर राजनीति होती रहेगी। पीड़ित दर-बदर भटकते रहेंगे, क्योंकि सरकार को विकास करना है। लोगों को मकान बनाने हैं। यह विनाश की अंतहीन लीला है, जिसका कोई छोर नहीं, क्योंकि कोई भी सबक लेने के लिए तैयार नहीं है, लेकिन प्रकृति को हरा पाना मनुष्य के लिए संभव भी नहीं है। मनुष्य प्रकृति के साथ मित्रता करके ही सुखपूर्वक जीवन बिता सकता है, छेड़छाड़ करके नहीं। न सालों में हिमाचल प्रदेश में कुदरत ने कहर बरपाया है। भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से जान-माल का खासा नुकसान हुआ है।

प्रदेश में इस हुई तबाही में अब तक सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। करोड़ों का नुकसान हुआ है। यहां सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ प्राकृतिक प्रकोप है या फिर मानव निर्मित आपदा? भारी बारिश और भूस्खलन की असल वजह क्या है? यह जानते सभी हैं, परंतु मानने को कोई तैयार नहीं है। साल 1980 के बाद 2023 में ही सबसे ज्यादा बारिश हुई है। कुछ ऐसे जिले हैं जहां पर 100 सालों का रिकॉर्ड टूटा। इतनी बारिश की क्या वजह है? इस सवाल का जवाब देते हुए विशेषज्ञ कहते हैं। मानसून करंट और वेस्टर्न डिस्टरबेंस दोनों के एक साथ सक्रिय होने से पहाड़ी क्षेत्रों में तबाही हुई है।

हमेशा मानसून में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव नहीं होता, लेकिन इस बार मानसून और वेस्टर्न डिस्टरबेंस दोनों एक साथ सक्रिय रहे। इस वजह से डबल इंजन करंट के कारण पहाड़ों पर तबाही हुई। फ्लैश फल्ड पर बात करते हुए मौसम विज्ञानियों का कहना है कि बारिश के कारण थोड़े समय में नदी नाले का जलस्तर एकदम बढ़ जाता है, जिसके कारण बाढ़ से क्षति होती है। खराब जल निकासी नालियों या पानी के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित करने वाले अतिक्रमण के कारण भी ऐसा होता है। मौसम में गर्मी बढ़ने लगी है, यह पूरे विश्व के लिए जनता का विषय है। चिंतन भी हो रहा है, परंतु इसे रोकने के उपाय कम ही देखने को मिलते हैं।

इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के हिमालय और तटीय क्षेत्र जलवायु परिवर्तन से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। हिमालय में, कम समय में अधिक बारिश होने का एक उल्लेखनीय पैटर्न है। तबाही के लिए अंधाधुंध निर्माण कार्य भी जिम्मेदार है। बिना नक्शे के गलत तरीके से बन रहे मकान और प्रवासी वास्तुकारों के कारण प्रदेश को आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज और हार्वेस्टिंग टैंक का पानी पहाड़ियों में रिसता जा रहा है, जिससे स्थिति नाजुक हो रही है। इस व्यवस्था का विकल्प तलाशने की किसी को फुर्सत नहीं है। विकास के कार्य यदि प्रकृति का विनाश करके किए जाएंगे तो प्राकृतिक आपदाओं से सामना करना ही पड़ेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पेड़ों की निरंतर घट रही संख्या मानव अस्तित्व के लिए भयंकर चुनौती

मानव जीवन का अस्तित्व इस धरती पर कब से है और कब तक रहेगा यह युगों-युगों से एक रहस्य है और शायद रहस्य ही रहेगा। यद्यपि वैज्ञानिक अनुसंधान और अध्ययनों ने काफी प्रयास किया है कि इस रहस्य को उजागर किया जाए, परंतु प्रकृति सर्वोच्च सत्ता है और उसके गूढ़ रहस्यों को शायद ही कभी भी समझ पाने की हैसियत मानव में विकसित हो पाए। आज जिस दौर से मानव पीढ़ी गुजर रही है वह निस्संदेह ही चिंता और सोचने का गंभीर विषय है, जिसमें बहुत से लोग और प्रकृति पुजारी, वैज्ञानिक और समाजसेवी अवश्य ही शामिल होंगे। आधुनिकता के बढ़ते प्रभाव ने निस्संदेह मानव बुद्धि और संवेदना को चेतनाहीन कर दिया है।

मानव इतना अहसान फरामोश और स्वार्थी हो गया है कि उसे अपनी सुख-सुविधाओं के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है कि इस वसुंधरा को कैसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जाए। आज आधुनिकता के नाम पर बड़े-बड़े उद्योग, शहरीकरण, फैक्ट्रियों, औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार की और वाहनों की बढ़ती संख्या के लिए सड़क सुविधाओं के विस्तारीकरण के लिए प्रकृति से किया जा रहा नासमझी से भरा हुआ खिलवाड़ निकट भविष्य में मानव पीढ़ी के लिए भयंकर साबित होकर रहेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। प्रतिदिन बढ़ती हुई आपदाओं, असमय वर्षा, भूस्खलन, बाढ़ की समस्या,बादल फटने की घटनाएं, भूमंडलीय तापमान में हो रही अप्रत्याशित वृद्धि हमें और हमारी आने वाली पीढ़ी के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं और मात्र पर्याप्त संख्या में पेड़ लगाकर ही हम ऐसी समस्याओं से निजात पा सकते हैं।



**लेखक : विक्रम वर्मा**
चंबा, हिप्र

सदियों से इस धरती पर पेड़ों का अतुलनीय योगदान रहा है और पेड़ों की पूजा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती रही है, क्योंकि हमारे ऋषि-मुनियों ने धरा पर पेड़ों की आवश्यकता और महत्व को भली-भांति महसूस किया था। पेड़ न केवल धरती की सुंदरता और शोभा को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य करते हैं, बल्कि मानव जीवन और सभी जीवधारियों के अस्तित्व के लिए उपयोगी और सबसे महत्वपूर्ण तत्व प्राणवायु का भी वातावरण में निष्पादन का दायित्व भी निभाते हैं। आज आधुनिकता के दौर में मानव पीढ़ी भौतिकवादी प्रवृत्ति के कारण सुख सुविधाओं के लिए इतनी आतुर हो रही है कि उसे इस बात का तनिक भी आभास नहीं है कि सभी सुख सुविधाओं से महत्वपूर्ण मानव जीवन और अस्तित्व है और इस अस्तित्व को बनाए रखने के लिए सांस ही हमारी एकमात्र सहायक और जीवनी शक्ति है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि मानव जाति को पेड़ों के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए और उनमें पौधारोपण के लिए अभिरुचि का विकास किया जाए, भले ही इसके लिए सरकार, प्रशासन और सरकारी विभागों और कर्मचारियों के दायित्व सुनिश्चित किए जाएं और उनकी अनुपालना के लिए आवश्यक मानदंड निर्धारित किए जाएं। जहां पर भी निर्माण कार्य किए जाएं और वनसंपदा को नष्ट किया जा रहा है, वहां पर उसकी क्षतिपूर्ति हेतु कई गुणा अधिक पौधरोपण के नियम बनाएं जाएं और इसके लिए विशेष मानदंड निर्धारित किए जाएं। यहां यह बात भी ध्यान में रखने योग्य है कि धरा पर पेड़ों की अत्यधिक घटती संख्या का उन लोगों पर किंचित मात्र भी प्रभाव नहीं पड़ता जो कृत्रिम सुख-सुविधाओं से लैस हैं, परंतु हम इस बात की भी कल्पना नहीं कर सकते कि प्रकृति का विनाश कर के हम मानव अस्तित्व को बनाए रखने में सफल हो सकेंगे। विश्व में ऐसे भी बहुत से क्षेत्र हैं जहां पर पेड़ों की भरमार है और ऐसे क्षेत्रों में भले ही लोग इस समस्या से अभी अछूते हों, परंतु हमें बात नहीं भूलनी चाहिए कि ऐसे क्षेत्रों की वनस्पति पर भी अत्यधिक बोझ पड़ रहा है, जो कि निकट भविष्य में अवश्य ही परिलक्षित होगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।

हमें यह बात हर हाल में समझ लेनी चाहिए कि इस धरा पर मानव जीवन और अस्तित्व को बनाए रखने में केवल और केवल पेड़ों का ही एकमात्र और अमूल्य योगदान है और पेड़ों की निरंतर घट रही संख्या मानव अस्तित्व के लिए भयंकर चुनौती साबित होगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। आज के दौर में मानव जीवन के लिए आवश्यक जीवनी शक्ति और प्राणवायु के अभाव में अनेक प्रकार की शारीरिक और मानसिक व्याधियां निस्संदेह मानव जीवन को खतरे में डाल रहीं हैं, भले ही हमें इसका अहसास और आभास हो या न हो परंतु देर-सवेर प्रकृति भिन्न -भिन्न रूपों में इसका अहसास करवा ही देती है। आज वृक्षारोपण को सभी प्रकार के विकास कार्यों से अधिक महत्व देने की आवश्यकता है, भले ही इसके लिए अन्य भौतिक विकास को दरकिनार और नजरंदाज करना पड़े, क्योंकि सभी प्रकार की सुख-सुविधाएं मानव जीवन के लिए हैं और मानव जीवन का अस्तित्व मात्र स्वस्थ शरीर, शुद्ध वातावरण और जीवनी शक्ति प्राणवायु से है जो किसी भी प्रकार की अन्य सुविधा से अधिक उपयोगी और महत्वपूर्ण है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जिले में आसमान से बरसी आफत, ऊना में रिकॉर्ड 221 मिलीमीटर बारिश

## बाथड़ी औद्योगिक क्षेत्र में भारी नुकसान, ऊना में लोगों के घरों में घुसा पानी, लोग दिनभर रहे परेशान, स्कूली बच्चों को भी झेलनी पड़ी परेशानी







जिले में रविवार को आसमान से ऐसी आफत बरसी कि ऊना के पुराना बस अड्डा चौक और जस्सल मार्केट, ऊना के वार्ड एक के समीप घरों और ऊना शहर की गलियों में पानी घुस गया जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिले में रविवार को आसमान से ऐसी आफत बरसी की लोगों की आह निकल गई। बाढ़ का ऐसा कहर बरपा कि ऊना जलमग्न हो गया। जिला मुख्यालय तो पहले ही ऐसे जख्म झेल चुका है। जिले के समीपवर्ती रक्कड़ कॉलोनी के लोगों को भी इस दफा बाढ़ जैसे हालातों के कारण नई मुसीबत ने घेरा है। बाथड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कई उद्योगों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया है।

सीजन की पहली भारी बारिश ने ऊना में लोगों को भारी परेशानियों में डाल दिया है। औद्योगिक क्षेत्र बाथड़ी का नक्शा बिगड़ गया है। यहां कई यूनिट बाढ़ से प्रभावित हो गए हैं और स्वां नदी का तट भी क्षतिग्रस्त हुआ है। हालत यह हुई कि जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी जलभराव की समस्या के कारण एक तरफ जहां कारोबार जगत को काफी नुकसान उठाना पड़ा, वहीं दूसरी तरफ घरों में भी बरसाती पानी ने जमकर कोहराम मचाया है।

वहीं, जिला की अधिकतर सड़कें व खेत पानी से लबालब भरे नजर आए। रविवार को भारी बारिश के चलते शहर भर में हुए जलभराव के बीच कारोबारियों को अपना सामान समेटने के लिए दुकानें खोलनी पड़ गईं। स्थानीय कारोबारियों ने बताया कि भारी बारिश के चलते बरसाती पानी उनकी दुकानों के अंदर तक मार कर गया है। इसके चलते दुकानों में रखा काफी सामान खराब हुआ है। जिले में अब तक एक दिन में 221 मिलीमीटर रिकॉर्ड बारिश दर्ज हुई है। रक्कड़ कॉलोनी में भी इस दफा पानी घरों तक पहुंच गया। ऊना में लोगों के घर जलमग्न हो गए। ऊना के नाले उफान पर थे। बाहरी राज्यों के मजदूर परिवार अपनी झुग्गी झोंपड़ियों से बाहर आ गए थे। झोपड़पट्टी में पानी भर गया था। स्वां की सहायक नदियां उफान पर थीं।

एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान ने बताया कि भारी बारिश के चलते कई जगहों पर जलभराव की समस्या सामने आई है, जिससे निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तुरंत फायर ब्रिगेड और जेसीबी की मदद से पानी की निकासी का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत जिला प्रशासन द्वारा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अलर्ट कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# डीसी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लिया हालात का जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने रविवार को जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और राहत कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने सरकारी मशीनरी को निर्देश दिए कि राहत और बचाव कार्य तेजी से और प्रभावी रूप से जारी रखें ताकि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दी जा सके।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की तत्परता और प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रभावितों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।



बाथड़ी में बारिश से नुकसान का जायजा लेते उपायुक्त ऊना जतिन लाल।

### प्रभावितों को हर संभव सहायता का दिया भरोसा

रविवार को हुई भारी बारिश से ऊना जिले में जानमाल का भारी नुकसान हुआ है. बाढ़ की चपेट में आने से अलग अलग दुर्घटनाओं में समाचार लिखे जाने तक 12 लोगों की मृत्यु और 3 लोगों के लापता होने की सूचना है। इसके अलावा, अनेक सरकारी परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं, वहीं औद्योगिक इकाइयों और रिहायशी इलाकों में भी जलभराव से क्षति पहुंची है।

**तत्परता से किया जा रहा कार्य :** उन्होंने बताया कि जिले में 335 बिजली के ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं, और 11 सड़कें बंद हो गई हैं, जिनमें से कुछ को आज शाम तक खोल दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बाढ़ के कारण जल आपूर्ति और सिंचाई योजनाओं को भी क्षति पहुंची है। हरोली उपमंडल में 22 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिनमें से 21 को अन्य योजनाओं के माध्यम से बहाल किया जाएगा, जबकि एक योजना बाथरी को कल तक बहाल कर लिया जाएगा। ऊना और थानाकलां उपमंडलों में भी कई जल आपूर्ति और सिंचाई योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिन्हें कल तक बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। बाथू-बाथरी औद्योगिक क्षेत्र में खड्ड के पानी के प्रवेश से औद्योगिक इकाइयों को नुकसान हुआ है और एक पेट्रोल पंप भी बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुआ है। जिला प्रशासन ने राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए राज्य आपदा रिस्पॉन्स बल की एक टीम को कांगड़ा जिले से ऊना बुलाया गया है, जो हरोली उपमंडल में तैनात की गई है।

# विधायक ने बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को बारिश हुए गांव का दौरा किया। ऊना जिला के अधिकांश इलाकों में शनिवार शाम से हो रही मूसलाधार बारिश का दौर रविवार दोपहर तक जारी है। भारी बारिश के चलते आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह से नुकसान की खबरें सामने आ रही हैं। मौसम विभाग ने अधिकांश क्षेत्रों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

रविवार को हुई भारी बारिश के चलते कुटलैहड़ के कोटला कलां समेत कई गांव में बारिश का पानी घुस गया, जिसके चलते कई घर पानी से भर गया है। पानी आने से करीब 10 से 12 घरों को खतरा पैदा हो गया है। वहीं, मदनपुर में भी बारिश का पानी भरने से कुछ रास्ते जलमग्न हो गई, खेतों का भी नुक्सान हुआ।

इसके चलते लाखों का नुकसान हुआ है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा सूचना मिलने पर अधिकारियों के साथ मौके पर गए। उन्होंने कहा कि मैंने अधिकारियों से पहले ही कहा था कि बारिश से सड़कों में जल भराव नहीं होना चाहिए था और जहां भी कोई नुकसान हुआ है, उसका आकलन करके मुआवजा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# चिंतपूर्णी मेले में न मेडिकल सुविधा, न सूचना केंद्र

### निष्काम सेवा समिति अमृतसर अव्यवस्थाओं से खिन्न

**अनंत ज्ञान, ऊना**

चिंतपूर्णी में जारी श्रावण अष्टमी मेले में लोग दूर-दूर से मां के दर्शनों के लिए आ रहे हैं। लोग खुशी-खुशी लंबी कतारों में घंटों खड़े होकर श्रद्धा भाव से दर्शन कर रहे हैं। उनके चेहरों पर थकान की कोई शिकन तक नहीं होती, लेकिन वह यहां व्याप्त अव्यवस्थाओं से बेहद खिन्न हैं।

चिंतपूर्णी में लंगर लगाने वाली निष्काम सेवा समिति अमृतसर के एक शिष्टमंडल ने मेले में पाई जानी वाली अव्यवस्थाओं को लेकर मंदिर प्रशासन पर आरोप जड़े हैं। एंटी करप्शन सोसायटी अमृतसर के जिला प्रधान पवन निश्चल ने बताया कि मेले में किसी तरह की कोई मेडिकल सुविधा नहीं है। यदि कोई बीमार हो जाए तो लोग कहां जाएं? कहां फर्स्ट एड लें। यही नहीं, यहां गुमशुदा होने वाले लोगों की जानकारी देने के लिए कोई सूचना केंद्र भी नहीं है। ऐसे में लोग सूचना कहां दें और कहां से प्राप्त करें?





चिंतूपर्णी में लंगर लगाने वाली निष्काम सेवा समिति अमृतसर का शिष्टमंडल।

उन्होंने बताया कि इतने बड़े मेले में सरकार या मंदिर ट्रस्ट को श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर जगह-जगह प्रबंध करने चाहिएं। इस मौके पर निष्काम सेवा समिति के शिष्टमंडल में प्रधान विजय महाजन, मुनीश बग्गा के अलावा अन्य ने भी मेले के दौरान पाई जानी वाली अव्यवस्थाओं को तुरंत सुधारने की मांग उठाई है।

# प्राकृतिक आपदा में सरकार के साथ काम करेगा राज्य नंबरदार कल्याण महासंघ : अश्वनी



जिला स्तरीय बैठक में भाग लेने पहुंचे महासंघ के पदाधिकारी।

**सन्नी पुरी, गगरेट**

प्रदेश में आफत की बरसात के चलते विभिन्न स्थानों पर आ रही प्राकृतिक आपदा के बीच हिमाचल प्रदेश राज्य नंबरदार कल्याण महासंघ प्रदेश सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रभावितों तक प्रदेश सरकार की हर मदद पहुंचाने में काम करेगा। रविवार को महासंघ की जिला ऊना इकाई की गगरेट में हुई बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कुवंर बृजपाल सिंह ने की जबकि महासंघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष नम्बरदार अश्वनी ठाकुर ने विशेष रूप से इसमें शिरकत की।

प्रांतीय उपाध्यक्ष अश्वनी ठाकुर ने कहा कि सीमित संसाधनों के बीच केंद्र सरकार की मदद के बिना बरसात से मिले जख्मों पर मरहम लगाना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन है। (अनंत ज्ञान)

# सर्पदंश से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** ग्राम पंचायत कठोह के गांव त्यार में कल रात करीब 2.30 बजे विक्की संधू पुत्र प्रकाश चंद को सांप ने काट लिया। घर वाले उसको सरकारी हॉस्पिटल ऊना ले गए, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दी गई। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी व एक बच्ची तीन व दूसरी बच्ची एक साल की है। गरीब विक्की संधू मजदूरी कर अपने परिवार का गुजर-बसर करता था, जिसके पूरे परिवार पर अब दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# चौआर में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**विवेक शर्मा, अंब।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य संबंधी जांच और निशुल्क दवाइयों के वितरण का कैंप उपमंडल अंब के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौआर के गांव चौआर में लगाया गया। इस स्वास्थ्य कैंप में भारी बारिश के बावजूद ग्रामीणों ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं मुफ्त में मिलने वाली दवाइयां का लाभ उठाया। इसमें डॉक्टर शशांक व उनके स्टाफ ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी विशेष रूप से जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष विजय सपइया, ग्राम पंचायत प्रधान यशपाल सिंह, जिला परिषद सदस्या रजनी मनकोटिया, बूथ अध्यक्ष चमन लाल शर्मा, बीएलए फकीर चंद, शशि मनकोटिया तथा सोशल मीडिया प्रभारी संजीव कुमार (कनेडी ) आदि उपस्थित रहे।

# आचार मांगने के बहाने घर में घुसे युवक ने युवती से की छेड़छाड़

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के एक गांव में आचार मांगने के बहाने घर में घुसे एक युवक ने घर में युवती को अकेली पाकर उससे छेड़छाड़ की। युवती द्वारा इसकी शिकायत गगरेट पुलिस थाना में की है।

युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शनिवार दोपहर करीब अढ़ाई बजे वह घर पर मौजूद थी, उसके माता-पिता हर रोज की तरह फैक्टरी गए हुए थे, उसकी दादी पड़ोस के घर गई थी तो भाई भी आसपास खेल रहा था। उसका दादा जो कि मानसिक रूप से अस्वस्थ है, वह घर में सो रहा था। इसी बीच गांव का एक लड़का आया और उससे आचार की मांग की। उसने जैसे ही उसे आचार दिया तो कहने लगा कि अगर उसने शादी करनी होगी तो उसे बताना।

इसके साथ ही उसने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खनन में संलिप्त वाहन चालकों से वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

बरसात के मौसम में जिले की सोमभद्रा नदी व इसकी सहायक खड्डों में खनन पर लगे पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद खनन गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है।

### खनन माफिया पर पुलिस की यह कार्रवाई जारी रहेगी : डीएसपी वसुधा सूद

गगरेट पुलिस लगातार खनन माफिया पर नकेल कस रही है और पिछले तीन-चार दिन में ही गगरेट पुलिस ने एक जेसीबी, टिप्पर व ट्रैक्टरों के चालान कर एक लाख रुपए से अधिक जुर्माना वसूल किया है। बरसात के मौसम के चलते जिला ऊना की सोमभद्रा नदी व इसकी सहायक खड्डों में एक जुलाई से लेकर पंद्रह सितंबर तक खनन पर पूर्ण प्रतिबंध रहता है, बावजूद इसके खनन माफिया अपने कृत्यों से बाज नहीं आता और चोरी छिपे से खनन सामग्री निकालने के लिए खनन गतिविधियों में संलिप्त रहता है। हाल ही में उद्योग मंत्री द्वारा जिला मुख्यालय पर बुलाई गई बैठक में खनन माफिया पर हर हाल में शिकंजा कसने के आदेश दिए थे, जिसके बाद पुलिस प्रशासन खनन माफिया की कमर तोड़ने में जुट गया है।

उपायुक्त जतिन लाल द्वारा स्वयं सोमभद्रा नदी में पहुंचकर खनन माफिया को रंगे हाथ पकड़ा था तो अब पुलिस भी कोई ढील देने के मूड में नहीं है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि खनन माफिया पर पुलिस की यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# लठियानी पंचायत में बेसहारा पशुओं से हर कोई हो रहा परेशान

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा की लठियानी पंचायत सहित स्थानीय बाजार में बड़े-बड़े लावारिस पशुओं के कारण लोगों को बहुत ही परेशानी हो रही है। यह बेसहारा पशु आने जाने वाले राहगीरों को मारने के लिए दौड़ते हैं तो राहगीर भागकर अपनी जान बचाते हैं।

इस कारण राहगीरों को बहु त ही परेशानी हो रही है। ये बेसहारा पशु कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्कूली छात्रों को भी इन बेसहारा पशुओं से परेशानी हो रही है। इन बेसहारा पशुओं के बड़े-बड़े सींग हैं,



लठियानी बाजार के समीप घूमते बेसहारा पशु।

अगर किसी को टक्कर मार दें तो ये उसकी जान भी ले सकते हैं।

वहीं, बाजार के एक छोर पर गंदगी की वजह से भी स्थानीय दुकानदार बहुत ही परेशान हैं जिससे बीमारियां फैलने का भी खतरा है। स्थानीय दुकानदारों जोगिंदर सिंह, रमेश चौधरी, मुनीष कुमार, विनोद शर्मा, रणजीत सिंह, अशोक कुमार, विजय कुमार, ईशर सिंह, मुनीष शर्मा, जगत राम, पंकज कुमार, रमेश चंद, भुट्टो का कहना है कि इन पशुओं को गोशाला में छोड़ना चाहिए, जहां पर इनके खाने-पीने के लिए भी प्रबंध हों। लठियानी पंचायत के प्रधान जोगिंद्र शर्मा व उपप्रधान निर्मल सिंह एवं पंचायत समिति के सदस्य जोगिंदर देव आर्य का कहना है कि बड़सर की ओर से लोग जंगल में रात के अंधेरे में पशुओं को छोड़ जाते हैं, जिसकी वजह से ये समस्या आ रही है।

इन बड़े-बड़े लावारिस पशुओं को तीन चार दिन पहले ही छोड़ा गया है, जिसकी वजह से यह परेशानी आ रही है। प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु व उपप्रधान ने कहा कि इन आवारा पशुओं को लोगों के सहयोग से पकड़ने की काफी कोशिश की, लेकिन ये पशु मारने के लिए पीछे भागते हैं। कई बार तो ये बेसहारा पशु सड़क पर आ जाने से वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। इनका कहना है कि इस से पहले भी कई बेसहारा पशुओं को पकड़ कर गो सेंक्चुरी थानाकलां में छोड़ कर आए हैं। इन्होंने प्रशासन व पशुपालन विभाग से आग्रह किया है कि इस समस्या का समाधान किया जाए जिससे कोई दुघर्टना ना घटे और कस्बा भी साफ-सुथरा हो। (अनंत ज्ञान)

# अमरोह गांव में एक सप्ताह से बाघ का आतंक, लोगों में आतंक

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा के तहत पड़ती उपतहसील जोल की ग्राम पंचायत कठोह के गांव अमरोह में पिछले एक सप्ताह से बाघ का आतंक देखने में आ रहा है । एक सप्ताह पूर्व इस गांव के जगदीश चंद पुत्र सुंका राम की पालतू बकरी को बाघ ने अपना शिकार बनाया जिसकी कीमत करीब 15000 रुपए थी । जगदीश चंद ने फॉरेस्ट विभाग को सूचित किया पर उनके द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कल रात फिर बाघ ने एक कुत्तिया को अपना शिकार बनाया जो कि पिटबुल नस्ल की थी जिसकी कीमत 25000 रुपए थी। पालतू जानवर के मालिक जगदीश चंद ने बताया कि कुत्तिया रात को बंधी हुई थी व बंधी हुई कुत्तिया को बाघ ने अपना शिकार बना लिया। उनकी प्रशासन से गुजारिश है कि उनको इसका मुआवजा दिलाया जाए व बाघ पर काबू पाया जाए ताकि मेरी तरह किसी और का नुकसान न हो।





# ज्वार में 75वां वन महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से किया आयोजित

**अनंत ज्ञान, अंब**

वन मंडल ऊना द्वारा रविवार को 75वां वन महोत्सव चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ज्वार में मनाया गया। इसमें विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और पौधरोपण किया।

बबलू ने कहा कि अगर प्रदेश को खुशहाल रखना है तो हर व्यक्ति यह प्रण ले कि वह हर साल कम से कम 10 पौधे लगाएगा, तभी हमारे वन सरंक्षित रह सकते हैं। विधायक सने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए की वनों को काटने वालों के खिलाफ विभाग सख्त कार्रवाई अमल में लाए। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग की ओर से लोगों को फलदार व औषधीय पौधे भी वितरित किए गए।

इस मौके पर डीएफओ सुशील राणा, आईएफएस ऑफिसर काहना राम, रेंज ऑफिसर अविनाश कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, पार्षद रितेश शर्मा, उपप्रधान मैड़ी सुरेंद्र कुमार काका आदि उपस्थित थे।



वन महोत्सव के तहत पौधरोपण करने के बाद मौजूद विधायक व अन्य।

**आयोजन** मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 112 देश लेंगे भाग

# जलवा दिखाने को तैयार कोहडरा के अश्विन

**विनोद शर्मा, लठियानी**

स्वीडन के गौंथनवर्ग में विश्व के मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 25 अगस्त तक आयोजित हो रही है। इस प्रतियोगिता में लगभग 112 देशों के मास्टर एथलीट आठ हजार के लगभग हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 83 धावक भारत की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसमें हिमाचल प्रदेश से तीन धावक जिला ऊना से अश्विन कुमार शर्मा, हमीरपुर से सुरेंद्र सिंह देहल व कुल्लू से द्वारका ठाकुर भी भारतीय टीम में शामिल हैं।

ऊना जिले से 66 वर्षीय अश्विन कुमार शर्मा कोहडरा के निवासी हैं। वह सुबह और शाम कोहडरा से लठियानी तक सड़क व गोबिंदसागर झील के किनारे जहां पर सही स्थान उपलब्ध हो, वहां पर दौड़ लगाकर कड़ा अभ्यास करते हैं, जिनके साथ कई युवा भी दौड़ लगाकर अभ्यास करते हैं, लेकिन इन्हें 66 वर्ष की उम्र में भी इनके जज्बे को देखकर नमन करते हैं।



विधायक विवेक के साथ अश्वनी शर्मा।

अश्विन कुमार शर्मा ने भारतीय सेना में सेवाएं देने के बाद ढंयूगली पंचायत के उपप्रधान भी रहे हैं। इसके बाद इन्होंने पंचायत सचिव के तौर पर बहुत अच्छी सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुए हैं। यह बहुत ही हंसमुख व समाजसेवी एवं शांत स्वभाव के धनी हैं। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा विक्कू ने कहा कि बड़े ही गर्व की बात है कि हिमाचल प्रदेश से तीन मास्टर एथलीट स्वीडन में होने जा रही प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रहे हैं। मैं तीनों को शुभकामनाएं देता हूं कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश व भारत का मान बढ़ाएंगे।

विवेक ने कहा कि यह बहुत ही गर्व की बात है कि ऊना जिले के कुटलैहड़ विधानसभा के एक छोटे से गांब कोहडरा से किसान का बेटा भारत देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। इनके हौसले को देखकर युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। मैंने ही उन्हें आज अश्विन कुमार शर्मा को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। युवाओं को भी खेलों की तरफ ध्यान देना चाहिए। खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और युवा वर्ग नशों से दूर रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### मल्टी टास्क वर्कर्स के लिए स्थायी नीति बनाएं

**कुल्लू।** देवभूमि विकलांग कल्याण संघ नग्गर खंड के अध्यक्ष अमर चंद प्रेमी ने कहा कि प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग मल्टी टास्क वर्कर्स के लिए स्थायी नीति बनाएं। वर्तमान समय में वर्कर्स को महज दस माह का वेतन दिया जा रहा है। इसमें भी प्रति माह बेहद कम वेतन मिल रहा है। इस वेतन से परिवार का पालन-पोषण करना संभव नहीं है। सरकार मल्टी टास्क वर्कर्स के हितों के बारे में विचार करें और वेतन वृद्धि का लाभ दे। शिक्षा विभाग के शिक्षा खंड कुल्लू-दो में कार्यरत मल्टी टास्क वर्कर्स ने ढालपुर में बैठक का आयोजन किया। बैठक देव भूमि विकलांग कल्याण संघ नग्गर खंड के अध्यक्ष अमर चंद प्रेमी की अध्यक्षता में हुई। अमरचंद प्रेमी ने कहा कि पूरे प्रदेश में 6,000 से अधिक मल्टी टास्क वर्कर्स शिक्षा विभाग में कार्य कर रहे हैं। उधर, मल्टी टास्क वर्कर्स लीला देवी ने कहा कम वेतन के कारण परिवार के पोषण में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### बागा गांव में खीर का लगाया भंडारा



**पतलीकूहल।** चतुर्थ सावन के अंतिम संध्या के अवसर पर रायसन के बागा गांव में खीर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों भक्तों व गांवों के लोगों ने भाग लिया। गांवों के गौरी देवता के कारदार पन्ना लाल ने बताया कि गांव में हर वर्ष सावन के अंतिम सप्ताह में खीर भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है और इस साल भी सभी ने मिल कर तय किया कि खीर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बागा गांव की ग्रामीण महिलाओं ने देर रात तक भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

### हाइड्रो प्रोजेक्ट से निचले क्षेत्रों में बढ़ा खतरा

**भुंतर।** पूर्व जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि सरकार बिजली परियोजनाओं से हो रहे नुकसान की भरपाई करे। जिले के ऊपरी क्षेत्रों में बने हाइड्रो प्रोजेक्ट के कारण निचले क्षेत्रों को खतरा बढ़ गया है। यह बात उन्होंने रविवार को भुंतर में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने हाइड्रो प्रोजेक्ट वालों के साथ एग्रीमेंट किए थे, तब हमने सरकार से कहा था यह प्रोजेक्ट हमारे लिए खतरा है। वहीं, लोगों को भी इस खतरे से आगाह किया था, लेकिन यहां के जो नेता थे, उन्होंने बजरी बेचने और सीमेंट में कमीशन लेने के खातिर लोगों से समझौता नहीं किया। आज स्थिति ऐसी है कि डैम फट रहे हैं, जिससे खतरा पनप रहा है। कुल्लू के मलाणा प्रोजेक्ट का डैम फटा, जबकि भाखड़ा, लारजी व पंडोह डैम नहीं फटे। लोगों को त्रासदी से बहुत कष्ट झेलने पड़ रहे हैं। यहां तक कि 3-3 किलोमीटर पैदल आना पड़ रहा है।

### 20 सालों से भुंतर में हो रहा भंडारे का आयोजन



**भुंतर।** पारला भुंतर में लाल पुल के नजदीक सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। स्थानीय श्रद्धालुओं ने बाबा बालक नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की भजन-कीर्तन का आनंद लिया। उसके बाद भंडारा की शुरुआत की, जिसमें सबसे पहले साधु संतों को भंडारा खिलाया गया। वहीं, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बड़ी ही श्रद्धा पूर्वक इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया और बाबा जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। स्थानीय जनता का कहना है कि हर वर्ष सभी मिलकर बाबा बालक नाथ मंदिर में भंडारे का आयोजन करते हैं। लगभग20 सालों से यह आयोजन किया जा रहा है। सबसे पहले सिद्ध बाबा बालक नाथ को मक्की का मीठा रोट व हलवा प्रसाद चढ़ाया जाता है, जो भी श्रद्धालु मंदिर बाबा के दर आशीर्वाद लेने आते हैं उन्हें यह प्रसाद रूप में दिया जाता है।

### धूमधाम से मनाया बागन शाऊंन मेला

**कुल्लू।** कुल्लू की लगघाटी के बागन में देवता अजय पाल व माता फुंगनी को समर्पित बागन शाऊंन मेला धूमधाम से मनाया गया। इस मेले में जहां देव परंपरा का निर्वहन किया गया। वहीं, रात्रि कार्यक्रम में हिमाचली लोक गायक कुशल वर्मा एवं लोक गायिका रेणुका सहित अन्य कलाकारों ने धूम मचाई। इस मेले में समाजसेवी सोनू चौहान मुख्यातिथि पधारे। उनके यहां पहुंचने पर अजयपाल युवक मंडल बागन के सदस्यों ने ढोल नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। मेला कमेटी के अध्यक्ष हरीश और सचिव बालकृष्ण, उपप्रधान अजय और युवक मंडल सदस्यों ने मुख्यातिथि को कुल्लवी टोपी और मफलर पहनाकर स्वागत किया गया।

### मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 20 ने दिखाया दम



**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में शनिवार को अंतर महाविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ, जिसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने जीवन में मुक्केबाजी के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने मुक्केबाजी रिंग पर शेड लगवाने का आवश्वासन दिया। अंतर महाविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन मुक्केबाजी के 10 मैचों में विभिन्न संकायों के 20 खिलाड़ियों ने दम दिखाया। इस दौरान डॉ. खेमचंद ने छात्रों की टीम का और प्रो. प्रोमिला ने छात्राओं की टीम का हौसला बढ़ाया।

### कबड्डी में तिंदी ने त्रिलोकनाथ को हराया



**केलांग।** लाहौल-स्पीति में 52वें जिलास्तरीय छात्रा वर्ग के अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन वॉलीबाल के सेमीफाइनल में तिंदी ने त्रिलोकनाथ को हराया। अब फाइनल में उदयपुर और तिंदी के बीच मुकाबला होगा। रविवार को लगातार हो रही बारिश के कारण कबड्डी और खो-खो मैच देरी से शुरू हुआ। कबड्डी में तिंदी की टीम ने त्रिलोकनाथ टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। खो-खो प्रतियोगिता में तिंदी व उदयपुर के बीच में सेमीफाइनल का मैच खेला गया, जिसमें तिंदी ने उदयपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन में मडग्रां ने तिंदी को हराया, जबकि चेस प्रतियोगिता में अर्पिता मडग्रां ने प्रथम, नंदिनी मडग्रां ने द्वितीय, आरती उदयपुर ने तृतीय स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स में 100 मीटर की दौड़ में तिंदी की ज्योति ने प्रथम, शकोली की दीया ने द्वितीय तथा त्रिलोकनाथ की दिव्यांशी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर हिमाचल गौरव पुरस्कार के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 'हिमाचल गौरव पुरस्कार-2024' से नवाजा जा रहा है।



यह पुरस्कार 15 अगस्त को कांगड़ा जिले के देहरा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस को मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंद्र सिंह सुक्खू के द्वारा प्रदान किया जाएगा। कुल्लू के नगगर ब्लॉक की पंचायत अरछंडी के गांव बड़ी दा ग्रां से संबंध रखने वाले केहर सिंह ठाकुर पिछले 26 वर्षों से कुल्लू में अपने नाट्य ग्रुप ऐक्टिव मोनाल कल्चरल ऐसोसिएशन के साथ रंगमंच के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। हिमाचली पृष्ठभूमि तथा संस्कृति से ओत-प्रोत अपने उत्कृष्ट



नाटकों का मंचन देश भर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय नाट्योत्सवों में सफलतापूर्वक करते आए हैं। उन्होंने अपनी संस्था के बैनर तले कुल्लू में ही अपनी ही संस्था के नाटकों का एक 'कुल्लू रंग मेला' एक जिला स्तरीय 'कुल्लू नाट्योत्सव' एक राज्य स्तरीय 'हिमाचल नाट्य महोत्सव' तथा एक राष्ट्रीय स्तरीय 'कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव' जैसे नाटयोत्सवों का कई वर्षों से प्रति वर्ष आयोजन करते आ रहे हैं।

### स्वर्गीय अमिताव व लेखिका नूर जहीर से ली शिक्षा

केहर की नाट्य क्षेत्र की शिक्षा दीक्षा गुरू शिष्य परंपरा में भारत के प्रसिद्ध रंगकर्मी स्वर्गीय अमिताव दास गुप्ता तथा रंग व्यक्तित्व व प्रसिद्ध लेखिका नूर जहीर के सानिध्य में हुई है। केहर समय-समय पर फिल्मों, सीरियलों तथा वेब सीरीज में भी बतौर अभिनेता अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते आए हैं।



प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर विभिन्न नाटकों के दौरान अभिनय करते हुए।

### 10 वर्षों से बच्चों को सीखा रहे नाटक के गुर

स्कूली छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हर साल आसपास के लगभग दस सरकारी स्कूलों में निशुल्क बाल नाट्य कार्यशालाओं का आयोजन कर उनसे पनपे लघु नाटकों के एक 'बाल नाटयोत्सव' का आयोजन पिछले दस वर्षों से निरंतर करते आ रहे हैं। इसके अलावा केहर द्वारा प्रशिक्षित दर्जन भर कलाकार मुंबई में बतौर अभिनेता फिल्मों में सक्रिय हैं।

### पुरस्कार के लिए चयन होने से और बढ़ा आत्मविश्वास

बकौल केहर सिंह ने कहा कि इस पुरस्कार के लिए उनका नाम चयनित होने से आत्मविश्वास और बढ़ा है और अपने कार्य क्षेत्र में दुगने उत्साह और ऊर्जा के साथ कार्य करने की शक्ति मिली है। मैं हिमाचल सरकार का धन्यवादी हूं कि मेरी 28 वर्ष की साधना को पहचानकर मुझे इस पुरस्कार के लिए चुना। कुल्लू के रंगकर्मियों में इस पुरस्कार के मिलने से विशेष खुशी और उत्साह है।

### कई पुरस्कारों से नवाजे गए

**कुल्लू** कॉलेज से बीएससी तथा इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय से पत्राचार एवं जनसंचार में पीजी डिप्लोमा प्राप्त किया है। नाटक के क्षेत्र में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से पहले स्कॉलरशिप 2001 में और फिर फैलोशिप-2010 में शोध कार्य के लिए प्राप्त हुई। देश के नाटक के क्षेत्र में दूसरे बड़े पुरस्कार 'बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार-2013' से केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी, दिल्ली द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा समय-समय पर देश व प्रदेश की गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा हिमतरू पुरस्कार, ठाकुर वेद राम पुरस्कार, आशियां सम्मान, नाटकबाज पुरस्कार, बैस्ट थिएटर प्रोमोटर ऑफ हिमाचल आदि दर्जनों पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। केहर की ओर से संचालित नाट्य संस्था ऐक्टिव मोनाल को वर्ष-2016 के हिमाचल की उत्कृष्ट स्वयं सेवी संस्था के हिमाचल अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

## चार किलोमीटर पैदल सफर कर विधायक ने लिया नुकसान का जायजा



लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा पैदल सुमदो की ओर जाते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

भारी भूस्खलन के कारण सड़क बहाल न होने के कारण लोगों को पेश आ रही दिक्कतों का हाल जानने लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा पैदल ही निकल पड़ी। रविवार को किन्नौर के निगुलसारी और खाब में भारी भूस्खलन हुआ है, जिस कारण सड़क बाधित हुई है। हालांकि बीआरओ सड़क बहाली में जुटा हुआ है, लेकिन सड़क बहाली की उम्मीद कम है।

विधायक ने जहां चार किलोमीटर का पैदल सफर कर हालातों का जायजा लिया। वहीं, उसके बाद गत दिनों स्पीति घाटी में बाढ़ की चपेट में आई सगनम गांव की एक महिला के परिवार और बाढ़ प्रभावित परिवारों का हाल जानने के लिए विधायक सुमदो होते हुए दोदिवसीय स्पीति दौरे पर गई हैं। रविवार को देर शाम विधायक सुमदो पहुंची। क्षेत्रफल की दृष्टि से पूरे हिमाचल में लाहौल-स्पीति सबसे बड़ा है। बावजूद इसके विधायक हर प्रभावित क्षेत्र तक पहुंच रही हैं।

रविवार को भूस्खलन वाले क्षेत्र को विधायक ने पैदल पार किया। लाहौल-स्पीति यूथ एवं काजा जनजातीय सलाहकार समिति के सदस्य केसांग रापचिक, तोद यूथ प्रभारी लोबसांग कपूर और जिला मीडिया प्रभारी छेवांग नमग्याल विधायक को लेने स्पीति से खाब पहुंचे, वहां से विधायक वाहन द्वारा समदो पहुंची। समदो पहुंचने पर लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि वह दो दिन बाढ़ प्रभावित परिवारों से मिलेंगी और उनका हाल जानेंगी। इस दौरान स्पीति घाटी में चल रहे विकास के कार्यों का भी जायजा लेंगी।

# बारिश भी नहीं रोक पाई भोले के भक्तों के कदम

## बिजली महादेव में उमड़ा आस्था का सैलाब, ट्रैफिक से जाम रहा रामशिला-बिजली महादेव रोड

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

सावन माह में कुल्लू के अधिष्ठाता देवता भगवान बिजली महादेव के शिवालय में भक्तों की खूब भीड़ लग रही।

खासकर रविवार को मंदिर में जहां सुबह से ही दर्शन के लिए लोगों की लंबी कतार लगी रही। वहीं, धार्मिक स्थल बिजली महादेव को जोड़ने वाली कुल्लू-बिजली महादेव सड़क भी सुबह से लेकर शाम तक ट्रैफिक से जाम रही। अवकाश के दिन धार्मिक स्थल बिजली महादेव में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बिजली महादेव के दर्शन किए। बिजली महादेव में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। खास बात यह रही कि सुबह द्वार खुलने से पहले ही मंदिर में लाइनें लग गई थीं। मंदिर में भजन-कीर्तन का भी दौर चला रहा। देवता बिजली महादेव के कारदार विनेंद्र जंबाल ने कहा कि सावन महीने में बिजली महादेव में माहौल भक्तिमय बना हुआ है। वहीं, भोले के भक्तों की ओर से





बिजली महादेव सड़क मार्ग में ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन (दाएं) बिजली महादेव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़।



यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। सुल्तानपुर से भोले की फौज और कुल्लू भुंतर ज्वैलर एसोसिएशन की ओर से भंडारा लगाया गया। सिंगल लेन सड़क होने के कारण जहां अकसर यहां पर वाहन चालकों को जाम की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। वहीं, रविवार को मंदिर में जाने वाले भक्तों के सैकड़ों वाहनों की लंबी कतार इस सड़क पर लगी रही। धाठ से लेकर हलैणी तक, चंसारी और देवधार की तरफ लंबा जाम लग गया। 23 किलोमीटर के सफर में वाहन चालक सुबह से शाम तक जाम में फंसे रहे। इस कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यात्री अपनी गाड़ी लेकर बिजली महादेव सड़क में अंतिम स्टेशन कराटे तक के लिए निकले थे, लेकिन तीन-चार किलोमीटर पीछे ही उन्हें अपनी गाड़ी खड़ी कर यहां से पैदल बिजली महादेव की ओर से निकलना पड़ा। दिनभर बिजली महादेव सड़क में वाहन सुबह से शाम तक दौड़ने की बजाय रेंगते रहे। लोग काफी परेशान हुए, लोगों ने पुलिस प्रशासन को कई बार सूचित भी किया, लेकिन पुलिस की कान में जूं तक नहीं रेंगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूली-शैंशर सड़क भूस्खलन के कारण अवरुद्ध

**अनंत ज्ञान, सैंज**

जिला कुल्लू की सैंज घाटी की दुर्गम पंचायतों को जोड़ने वाली न्यूली-शैंशर सड़क भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गई है। देवता मनु ऋषि के मंदिर से करीब 500 मीटर आगे पहाड़ी से भूस्खलन हुआ है। इससे छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है।

सड़क बंद होने से पंचायत शैंशर और देहुरीधार के लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। सड़क अवरुद्ध होने के कारण ग्रामीणों को पांच से सात किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ रहा है। भूस्खलन से किसान-बागवान देवी सिंह, बुद्धि सिंह, बिहारी लाल, मेघु राम के



खेत धंस गए हैं। इसके अलावा सेब के पौधे भी ढह गए। रुणबाई गांव में दीप चंद के घर के पास बारिश के कारण भू-स्खलन हुआ है। इससे घर को खतरा हो गया है। घाटी में लगातार हो रही बारिश से कभी बिजली, तो कभी सड़क बंद पड़ रही हैं। इससे हजारों ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण निमत राम, सोहन लाल आदि ने कहा कि भारी बारिश के कारण देवता मनु ऋषि के मंदिर से कुछ ही दूरी पर भूस्खलन हुआ है। इस कारण न्यूली-शैंशर सड़क बंद पड़ गई है। यहां से शैंशर तक का सफर करीब पांच किलोमीटर का है। लोक निर्माण विभाग से जल्द सड़क बहाल करने की मांग उठाई है। देहुरीधार के प्रधान भगत राम ने कहा कि पंचायत में जगह-जगह भूस्खलन से खेतों, बगीचों और घर को नुकसान पहुंचा है।

### क्षतिग्रस्त वर्षा शालिका का मरम्मत कार्य पूरा

**पतलीकूहल।** ग्राम पंचायत अरछंडी के तहत आने वाने राऊगी में क्षतिग्रस्त वर्षा शालिका का मरम्मत कार्य पूरा हो गया है। विगत वर्ष बरसात में क्षतिग्रस्त वर्षा शालिका की मरम्मत हो जाने से यात्रियों को राहत मिलेगी। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता केडी कश्यप ने कहा कि भारी बारिश के कारण वर्षा शालिका के पास लगा डंगा ढह गया था, जिसके कारण वर्षा शालिका भी क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन विभाग ने यात्रियों की सुविधा के लिए इसकी मरम्मत कर दी है। उन्होंने कहा कि अब बारिश और तेज धूप में यात्रियों को परेशानी नहीं होगी।

## 14 अगस्त को लवरंग गोंपा में मनाया जाएगा छेशु मेला



लाहौल के तिनन घाटी में स्थित लवरंग गोंपा।

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

लाहौल के तिनन घाटी में स्थित लवरंग गोंपा में जल्द ही छेशु मेला आयोजित होने जा रहा है। 14 अगस्त को लवरंग गोंपा में हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में छेशु मेला मनाया जाएगा।

इस पावन अवसर पर बौद्ध धर्मगुरु पलगा रिंपोछे विशेष रूप से छेशु मेले के आयोजन को अपनी मौजूदगी से सुशोभित करेंगे। इस दौरान बौद्ध धर्मगुरु पलगा रिंपोछे छेवांग छेडुप दीर्घायु अभिषेक का हिस्सा बनेंगे ओर इसे संपन्न करेंगे। इस अवसर पर बौद्ध धर्मगुरु उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचनों से निहाल करेंगे। इस अवसर पर तिनन घाटी के साथ-साथ अन्य घाटियों से भी आए लोग इस आयोजन में भाग लेंगे। दीर्घायु अभिषेक के संपन्न होने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए जलपान की पूरी व्यवस्था की जाएगी और इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लाहौल-स्पीति के लोकप्रिय लोकगायक रवि नेहमा अपने गीतों की प्रस्तुति से सभी का मनोरंजन करेंगे। इस अवसर पर घाटी के विभिन्न महिला मंडलों के द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। लवरंग गोंपा कमेटी के सदस्यों ने समस्त लाहौल वासियों से अनुरोध किया है कि वह 14 को लवरंग गोंपा में पधार कर छेशु मेले के आयोजन को सार्थक बनाएं ओर (छेवांग छेडुप) दीर्घायु अभिषेक ग्रहण कर पुण्य कमाएं। (अनंत ज्ञान)

### दिव्यांगों को 1150 की जगह 1500 रुपए पेंशन दे सरकार : विरेंद्र

**कुल्लू।** दिव्यांग भवन कुल्लू में रविवार को दिव्यांगों की जिला स्तरीय बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता दिव्यांग संघ के कार्यवाह अध्यक्ष अमरचंद प्रेमी ने की। इस दौरान दिव्यांगों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। कुल्लू ब्लॉक दिव्यांग संघ के सचिव विरेंद्र ने कहा कि सरकार दिव्यांगों को 1150 रुपए पेंशन दे रही है, इसे बढ़ाकर महिला सम्मान निधि की तर्ज पर 1500 रुपए किया जाए। सरकार 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग को 1700 रुपए पेंशन दे रही है, इसे भी बढ़ाकर 1900 रुपए किया जाए। दूरदराज क्षेत्र में दिव्यांग सेवादार के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## भाजपा ने लारजी में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, बंजार**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लारजी में भाजपा की तरफ से हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर भाजपा ने रविवार से लारजी में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत बंजार भाजपा मंडल में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। सुबह हुई बारिश के बाद तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाना है। लोगों में देशभक्ति की भावना व जोश भरने के लिए यह यात्रा निकाली गई। यात्रा में भाजपा बंजार विधानसभा विधायक सुरेंद्र शौरी, मंडल अध्यक्ष परमानंद ठाकुर, महामंत्री बलदेव महंत, ओम प्रकाश ठाकुर आदि के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय का उद्घोष कर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। भाजपा नेता व कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लिए सड़कों पर पैदल चल रहे थे।



बंजार भाजपा की ओर से लारजी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली यात्रा।




**प्रेरणा** — कास्ता गांव के ग्रामीण 15 दिनों से जान जोखिम में डाल नदी से कर रहे थे आवाजाही, तार स्पेन भी बाढ़ से हो गई थी क्षतिग्रस्त

# कास्ता गांव के ग्रामीणों ने मात्र 3 दिनों में तैयार किया वैकल्पिक पुल

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के कास्ता गांव के ग्रामीणों ने नदी पर वैकल्पिक पुल बनाकर कुकड़ी से कास्ता व काथी का संपर्क जोड़ दिया है। इन गांवों के लोग पिछले 15 दिनों से जान हथेली पर रखकर नदी पार कर रहे थे। कास्ता गांव की कमेटी ने निर्णय लेकर बिना प्रशासन की मदद के वैकल्पिक पुल का निर्माण किया।

कुकड़ी से कास्ता व काथी को जोड़ने वाले दोनों पुल पिछले दिनों आई बाढ़ की चपेट में आ गए थे, जिस कारण पिछले 15 दिनों से लोग वाया धमचिण अतिरिक्त छह किलोमीटर का सफर तय कर अपने गांव पहुंच रहे थे ओर कुछ लोग अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे थे क्योंकि इस स्थान पर लगी तार स्पेन भी बाढ़ की वजह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। मलाणा के लोगों से मिली प्रेरणा के कारण कास्ता गांव के शेर सिंह ने बताया कि गांव के युवाओं ने मलाणा गांव के लोगों द्वारा पुल तैयार करने व हेलिपैड बनाने वाला वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर देखा। इसी कारण उन्होंने प्रशासन का इंतजार करने की बजाए खुद ही पुल को बनाने का निर्णय लिया। (अनंत ज्ञान)

### सड़क से महरूम

**कास्ता** व काथी गांव के लोग अभी भी सड़क सुविधा से महरूम हैं। करीब दो दशक पहले फोजल कुकड़ी काथी सड़क का काम शुरू हुआ था, जो कि अभी तक कुकड़ी तक ही पूरा हो पाया है, मगर इस से आगे कास्ता व काथी तक सड़क पहुंच पाना बहुत बड़ी चुनौती है।



कास्ता गांव के ग्रामीणों द्वारा तैयार किया गया वैकल्पिक पुल।

### ये रहे शामिल

**कास्ता** गांव के लोगों को वैकल्पिक पुल को बनाने के लिए तीन दिन का समय लगा। इस काम में शेर सिंह, सौदागर, देवी सिंह, राम चंद, तुले राम, सूरत राम, रमेश, शिवराम, रोशन लाल, प्रेम चंद, गुर दयाल, सोभे राम, बुधराम, भागचंद, रामनाथ सहित गांव की महिलाओं ने भी अपना योगदान दिया।

### डापिन के पास भी बनाया वैकल्पिक पुल

**ग्रामीणों** ने कास्ता के पास नदी से कुछ दूरी पर भी डापिन से काथी के लिए एक वैकल्पिक पुल का निर्माण कर दिया है। काथी व डापिन गांव के बेली राम, टेकराम, बुद्धि सिंह, रामचंद्र, लालचंद, देवराज, प्रशोतम, चेतराम, संतराम, रामशरण सहित गांव के अनेक लोग वैकल्पिक पुल निर्माण में तीन दिनों तक लगे रहे।

### कुकड़ी सड़क की हालत खस्ता

**दो** दशक पहले से बन रही सड़क हालांकि कुकड़ी गांव तक बन चुकी है, परंतु यह सड़क बेहद जोखिम भरी है। लोड़ रा गोलू चट्टान को काटकर बनाई गई सड़क पर हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इस स्थान पर सड़क ठीक न होने के कारण अनेक दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

**मनाली** विधानसभा के अंतर्गत आने वाली पिछलीहार पंचायत के अंतिम गांव काथी को जोड़ने वाले दोनों पुल गत दिनों आई बाढ़ के कारण बह गए थे। इन स्थानों पर वैकल्पिक पुल का निर्माण ग्रामीणों द्वारा कर दिया गया है। आपदा की इस घड़ी में हमारे क्षेत्र के लोग एक दूसरे की हर संभव सहायता कर रहे हैं। प्रशासन व सरकार भी विपदा की इस घड़ी में जनता के साथ खड़ी है। काथी क्षेत्र में एक बड़े पुल बनाने की आवश्कता है, जिसके लिए संबंधित विभाग को आदेश जारी किए गए हैं। ग्रामीणों की मांग पर तार स्पेन सहित एक झूला वहां लगाया जा रहा है, जिसके लिए बजट भी जारी कर दिया गया है।

**भुवनेश्वर गौड़, विधायक मनाली विस क्षेत्र।**

## न्यूज ब्रीफ

### संगड़ाह में एसडीएम संपर्क मार्ग पर लगाए पौधे



**नाहन।** अखिल भारतीय ब्राह्मण की ओर से संगड़ाह में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक आयुक्त विकास खंड संगड़ाह चिराग शर्मा ने की और व्यापार मंडल के सदस्य पौधरोपण में शामिल हुए। ब्राह्मण महासभा की सिरमौर जिला ईकाई के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि एसडीएम आवास परिसर संपर्क मार्ग के आसपास देवदार व पापुलर के 100 पौधे लगाए गए। प्रदेश में बार-बार बादल फटने व बाढ़ से हो रहे भारी नुकसान को देखते हुए हर साल पौधरोपण का ब्राह्मण महासभा ने फैसला लिया है।

### जीवन में खेलकूद महत्वपूर्ण अंग : हेमराज



**दाड़लाघाट।** धार्मिक यूथ क्लब दाड़लाघाट की ओर से शिव मंदिर दाड़लाघाट में आस-पास के क्षेत्रों के युवाओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र गांधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता दाड़लाघाट पंचायत उपप्रधान हेमराज ठाकुर ने की। बैठक की शुरूआत में चेतन ने कहा कि धार्मिक यूथ क्लब दाड़लाघाट द्वारा समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है, जिसमें अंबुजा फाउंडेशन का भरपूर सहयोग मिलता रहता है, इसके लिए हम सभी अंबुजा फाउंडेशन का धन्यवाद करते हैं। हेमराज ने कहा कि युवाओं के लिए जीवन में खेलकूद व व्ययाम एक महत्वपूर्ण अंग है इससे युवाओं के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है।

### दाड़लाघाट शाखा के सदस्यों ने रोपे 50 पौधे



**दाड़लाघाट।** एकत्त्व वन अभियान के तहत दाड़लाघाट में पौधरोपण का आयोजन किया गया, जिसमें दाड़लाघाट शाखा के सदस्यों ने करीब 50 पौधे लगाए। इस मौके पर मिशन के अनुयायियों व सेवादारों ने ईएसआई अस्पताल से अंबुजा चौक दाड़लाघाट तक जागरूकता रैली भी निकाली। विद्यासागर ठाकुर ने बताया कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन दाड़लाघाट के तत्वाधान में आयोजित संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाड़लाघाट में पौधरोपण किया। इस अभियान में मिशन की देशभर की सभी शाखाओं ने पौधे लगाए और उन पौधों को कम से कम तीन वर्ष के लिए संरक्षित करने का प्रण भी लिया।

### संत निरंकारी मिशन ने रोपे देवदार के पौधे

**राजगढ़।** संत निरंकारी मिशन राजगढ़ के सौजन्य से वननेस वन हरित विश्व कार्यक्रम के तहत राजगढ़ के सोलन रोड पर नेरी गांव के समीप वन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें राजगढ़ निरंकारी मिशन के सेवादारों और साध संगत द्वारा एक सौ से अधिक देवदार के पौधे रोपित किए गए।



### हरिपुरधार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोपी हरियाली



**राजगढ़।** सिरमौर जिले के हरिपुरधार में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से राष्ट्र के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए गए राष्ट्रव्यापी एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग दो दर्जन युवा और कनिष्ठ व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद हमारा के निकट लगभग 100 देवदार के पौधों का रोपण किया। पौधरापेण के उपरांत जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने बताया कि जब-जब राष्ट्र में भाजपा सरकार सत्तासीन होती है, तब-तब पर्यावरण संतुलन की दिशा में इस इस प्रकार के राष्ट्रीय राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित होते हैं और आम लोगों में पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करने के अभियान चलाए जाते हैं।





सोलन मुख्यालय में रविवार को जमकर बारिश हुई। इससे कई जगह नुकसान भी हुआ। वार्ड-6 में डंगा गिर जाने से सड़क अवरुद्ध हो गई और निगम की दुकानों को नुकसान हुआ। बारिश से जिले की कई सड़कें आंशिक तौर पर बाधित हुईं।

# एमसी को सपरून में वेंडर जोन न देने की सिफारिश

## समिति की मांग पर डीआरओ ने नेशनल हाईवे को लिखा पत्र, 13 को बैठक में उठेगा मुद्दा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति की मांग पर जिला राजस्व अधिकारी ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी को पत्र लिखकर सपरून वेंडर जोन घोषित की गई एक्साइज ऑफिस के ऊपर खाली पड़ी जमीन की नगर निगम को एनओसी नहीं दिए जाने की सिफारिश की है। वेंडर मार्केट कमेटी ने इस जमीन को वेंडर जोन घोषित कर रखा है पर नगर निगम यहां पार्क का निर्माण करना चाहता है।

रेहड़ी चालकों को हाईवे से उठाए जाने के बाद इस वर्ग पर आजीविका कमाने की चुनौती खड़ी हो गई है। अब यह मुद्दा आगामी 13 अगस्त को नगर निगम में प्रस्तावित वेंडर मार्केट कमेटी की बैठक में उठेगा। बता दें कि शहर की सड़कों को वेंडर फ्री करने के लिए नगर निगम ने सपरून में वेंडर मार्केट बनाई है, लेकिन इसमें तकनीकी खामियां होने से दुकानदार दुकानें छोड़नें का मन बनाकर कर शहर के अन्य हिस्से में स्थायी ठिकाना देने की मांग कर रहे हैं। शहर में इस समय करीब 300 रेहड़ी-फड़ी चल रही हैं। इसमें कई ऐसे भी जो स्थायी होने के साथ पिछले 20 वर्षों से रेहड़ी चला रहे हैं। यह वर्ग भी वेंडर मार्केट में दुकान की मांग कर रहा है। रेहड़ी चालक कई वर्षों से रोजगार का स्थायी ठिकाना दिए जाने के लिए प्रदेश सरकार से मांग करते आ रहे हैं। निगम ने रेहड़ी चालकों को वेंडर मार्केट में बनी दुकानों के आवंटन तो किया पर सुविधाएं नहीं दी। (अनंत ज्ञान)



नगर निगम की वेंडर मार्केट।



सपरून में घोषित वेंडर जोन

### आधी अधूरी वेंडर मार्केट में दुकानों का आवंटन

नगर निगम ने सपरून में लाइसेंस धारक रेहड़ी चालकों को आधी अधूरी वेंडर मार्केट में दुकानों का आवंटन कर लावारिस छोड़ दिया। वेंडर मार्केट में निगम के वादे के मुताबिक सुविधाएं नहीं मिल पाई। इतना ही नहीं ग्राहक नहीं होने से अधिकतर रेहड़ी चालक दुकानें छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। इससे इस वर्ग पर रोजी रोटी का संकट आन पड़ा है। हैरानी की बात है कि पुराना स्थान छोड़ने के बावजूद निगम इस वर्ग की आजीविका के प्रति गंभीर नहीं है।

### प्रशासन ने भी नहीं सुनी

रेहड़ी चालकों ने ग्राहक बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन से वेंडर मार्केट के सामने लोकल बस स्टॉपेज बनाने की मांग की थी। डीसी के आश्वासन के बाजजूद आज तक यह व्यवस्था नहीं बन पाई। राजगढ़ की तरफ आने जाने वाली लोकल बसों और ऑटो का स्टोपेज वेंडर मार्केट के पास बनने से यहां ग्राहकों का आना शुरू होगा, जिससे इस वर्ग की रोजी रोटी का गुजारा हो सकता है।

### रेहड़ी-फड़ी विकास समिति ने उठाए सवाल

शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति वेंडर मार्केट को लेकर कई बार सवाल खड़े कर चुकी है। समिति के प्रधान महिताप सिंह सहित हीरा लाल, गोविंद राम, दयाराम व अन्य रेहड़ी धारकों का कहना है कि वेंडर मार्केट में सुविधाएं नहीं होने से रेहड़ी चालक दुकानें छोड़ रहे हैं। वहीं, बाकि बचे हुए रेहड़ी धारकों को उनके लिए चिन्हित स्थानों पर न तो विस्थापित किया जा रहा है और न ही मूल स्थान उन्हें दिया जा रहा है। प्रधान का कहना है कि रेहड़ी चालकों के लिए बनाई गई वेंडर कमेटी ने दस स्थान चिन्हित किए गए थे, उनमें से एक एक्साइज ऑफिस के ऊपर वाला हिस्सा भी है, जहां हम पहले रेहड़ी लगाते थे। प्रधान का आरोप है कि उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकतर रेहड़ी चालकों ने प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत लोन भी ले रखे हैं। काम नहीं होने से बैंक का लोन चुकाना मुश्किल हो चुका है।

## पति से तंग आकर पत्नी ने की थी आत्महत्या

**नाहन।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिरमौर हंसराज की अदालत ने सुनील कुमार पुत्र बाबूराम निवासी मथुरापुरा, मोतीपुर, जिला लखीमपुर (उत्तरप्रदेश) को अपनी पत्नी की मौत के मामले में दोषी करार दिया है। अदालत ने 306 आईपीसी के तहत दोषी को पांच साल की साधारण कैद और 20,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में दोषी को 4 महीने की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। इसके अलावा अदालत ने 201 आईपीसी के तहत एक साल की साधारण कैद और 5,000 रुपए का जुर्माना और 498 आईपीसी के तहत भी एक साल की साधारण कैद और 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत में मामले की पैरवी जिला न्यायवादी चंपा सुरील ने की। मामले के अनुसार आरोपी सुनील कुमार अपनी पत्नी के साथ पुरुवाला (पांवटा साहिब) में किराये पर रहता था।

4 मार्च, 2021 को पुलिस को सूचना मिली कि सुनील कुमार ने अपनी पत्नी के साथ कुछ गलत किया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कमरे का दरवाजा खुलवाया। कमरे में एक लोहे का बक्सा मिला, जिसमें उसकी पत्नी का शव था। जांच में पता चला कि सुनील कुमार अपनी पत्नी पर शक करता था और अकसर उसके साथ लड़ता था। 2 मार्च, 2021 को सुनील ने अपनी पत्नी के साथ लड़ाई की और उसकी पत्नी ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आरोपी ने शव को लोहे के बक्से में छिपा दिया था। इस मामले में अदालत ने 27 गवाहों और तमाम साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराते हुए अपना महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।

# खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत : अवस्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि हिमाचल के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने न केवल विश्व स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि को बढ़ाया है, बल्कि विभिन्न स्तरों की प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ियों को दी जानी वाली डाइट मनी में भी वृद्धि की है।

मुख्य संसदीय सचिव ने अर्की विधानसभा क्षेत्र के राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 14 वर्ष से कम आयुवर्ग की तीन दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि खेल व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ राष्ट्र एवं प्रदेश की छवि को सशक्त बनाने का बेहतर माध्यम हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को बेहतर खेल अधोसंरचना एवं प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।



मुख्य संसदीय सचिव अर्की विधानसभा क्षेत्र के राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता के अवसर पर बोलते हुए।

उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तरों की प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ियों को दी जाने वाली डाइट मनी में आशातीत वृद्धि की गई है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाना है, बल्कि उन्हें भविष्य की चिंता से मुक्त भी करना है। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं और नशे के विरुद्ध खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयास युवाओं को नशे से दूर रखने में सहायक होंगे। संजय अवस्थी ने राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की में शौचालय निर्माण के लिए 23 लाख रुपए प्रदान करने तथा छत की मरम्मत के लिए प्राकलन अनुसार धनराशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजकों को 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

## विधायक अजय आज करेंगे लैब का उद्घाटन

**नाहन।** नाहन के विधायक अजय सोलंकी आज डॉक्टर यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में न्यूरो इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी लैब का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे वार्ड एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स के लिए प्रमोशन ऑफ सिस्टर्स समारोह में भी शामिल होंगे। इस नए लैब के उद्घाटन से नाहन के लोगों को अब बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। विधायक ने कहा कि यह लैब नाहन के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात है। इसके अलावा विधायक सोलंकी ज्ञान-विज्ञान समिति नाहन द्वारा आयोजित यूवा दिवस समारोह में डाइट हाल में प्रात 11:30 बजे शामिल होंगे। 14 को वे हिमाचल प्रदेश स्टेट बिजली बोर्ड नाहन के नव निर्मित कार्यालय नया बाजार नाहन के उद्घाटन में प्रात: 11:30 बजे शामिल होंगे। इसके बाद, जेबीटी स्कूल नाहन में ट्री प्लांटेशन कार्यक्रम में 2:30 बजे शामिल होंगे।

## मुंबई मेट्रो लाइन परियोजना में असाधारण योगदान के लिए महिपाल प्रशंसा पत्र से सम्मानित

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की तहसील अर्की के एक छोटे से गांव मांजू के एक युवक महिपाल शर्मा ने मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) में अपनी योग्यता का लोहा मनवा कर केवल अपने क्षेत्र ही नहीं, बल्कि प्रदेश का नाम भी रोशन किया है, जिसके लिए मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने मुंबई मेट्रो लाइन-3 (कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज) परियोजना में असाधारण योगदान के लिए उन्हें प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया। महिपाल शर्मा जो कि यूजीसी-04 (भूमिगत मेट्रो पैकेज-04) परियोजना में गुणवत्ता आश्वासन और गुणवत्ता नियंत्रण प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना के सफल क्रियान्वयन में अपनी विशेषज्ञता, समर्पण और उच्च स्तरीय व्यावसायिकता का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।



महिपाल शर्मा के परिजनों व दोस्तों ने बताया कि महिपाल शर्मा बचपन से पढ़ाई में होनहार रहा है। परियोजना की गुणवत्ता नियंत्रण और आश्वासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर एमएमआरसीएल के कार्यकारी संचालक ने उनके नेतृत्व और चुनौतियों से निपटने की अद्वितीय क्षमता की विशेष रूप से सराहना की है। प्रशंसा पत्र में महिपाल शर्मा के लचीलेपन और परियोजना की बदलती जरूरतों के प्रति उनकी तत्परता का उल्लेख किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# पांवटा-शिलाई एनएच-707 पर खिसकी पहाड़ी, यातायात खुला

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब-शिलाई एनएच-707 पर शनिवार दोपहर बाद 1:30 बजे के आसपास भारी भू-स्खलन होने से बंद हो गया। सतौन के पास अवरुद्ध हुए एनएच से लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। हालांकि, एनएच को बहाल करने के लिए तीन बजे के आसपास मशीन लगाई गई है।

उम्मीद थी कि चार से 4:30 बजे के बीच सड़क को बहाल कर दिया जाएगा, मगर रविवार सुबह सात सड़क मार्ग खुला। यात्रियों को सारी रात वाहनों में काटनी पड़ी। बताया जा रहा है कि सतौन से एक किलोमीटर आगे कई पेड़ और मिट्टी का ढेर खिसकते हुए सड़क पर आ गिरे। इससे सड़क को भारी नुकसान हुआ है। सड़क बंद होने की सूचना निर्माणाधीन कंपनी के अधिकारियों को दी गई। इसके बाद सड़क को बहाल करने के लिए मशीनरी मौके पर भेजी गई। बता दें कि पांवटा साहिब-शिलाई एनएच का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इससे पहले भी सड़क कई बार भू-स्खलन के कारण बंद हो चुकी है। इस एनएच पर जगह-जगह लैंड स्लाइड जोन बने हुए हैं। यहां सड़क के निर्माण कार्य में जुटी कंपनियों पर कई बार स्थानीय लोग अवैज्ञानिक तरीके से खोदाई के आरोप लगा चुके हैं।



## खेल को खेल की भावना से खेलने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

निजी स्कूलों की अंडर-14 छात्र वर्ग की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता ईश्वरम्मा पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में शुरू हुई। इसमें 23 स्कूलों के 305 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ अंबुजा फाउंडेशन से राजेंद्र कुर्मी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अंबुजा फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। राजेंद्र कुर्मी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और खेलों से विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास होता है और वर्तमान समय में खेलें आधुनिक तरीके से खेली जा रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया।



खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे खिलाड़ी।

### खेलकूद प्रतियोगिता में 22 स्कूल हुए शामिल

**नाहन।** शिक्षा खंड संगड़ाह की 22वीं अंतर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में 22 विद्यालयों के 330 के करीब छात्र खिलाड़ियों ने भाग लिया। पहले दिन हुए वॉलीबाल क्वार्टर फाइनल में कोरग ने दिउड़ी को, हरिपुरधार ने संगड़ाह को, गत्ताधार ने लुधियाना को तथा मंडवाच ने लाना पालर को हराया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय समाजसेवी महेश जैन ने किया और मार्च पास्ट के बाद कुछ देर बारिश के चलते मैच देरी से शुरू हुए। प्रधानाचार्य हिरदाराम ने बताया कि मुख्यातिथि ने अपनी ऐच्छिक निधि से बच्चों के लिए 11000 की राशि भी जारी की।

## बैंक एटीएम से लूट मामले में आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के बागवानियां स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम से 19 लाख की लूट मामले में पकड़े दो आरोपियों को रविवार को पेश किया गया। आरोपियों को न्यायालय के द्वारा पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, अब पुलिस लूट मामले में मुख्य आरोपियों के बारे में पूछताछ करेगी, ताकि लूट की वारदात में शामिल सभी आरोपियों को पकड़ा जा सके और कैश की रिकवरी हो सके।

थाना प्रभारी मानपुरा श्याम लाल की अगुवाई वाली टीम ने लूट की वारदात में शामिल दो आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, बद्दी पुलिस की विभिन्न टीमें पंजाब व हरियाणा में आरोपियों को तलाश में छापेमारी कर रही हैं। पुलिस द्वारा जांचे गए क्लोज सर्किट कैमरे में सामने आया कि पांच नकाबपोश युवक कार में सुबह करीब तीन बजकर दस मिनट पर गैस कटर से लैस होकर आए और दो मशीनों को काटकर नकदी उड़ाने में कामयाब रहे, जैसे ही बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया, तो एसबीआई के मुंबई कार्यालय में थेफ्ट अलार्म बज गया और बैंक प्रबंधन ने तुरंत इसकी सूचना बद्दी पुलिस को दे दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही बदमाश फरार हो गए।

### जल्द गिरफ्तार होंगे आरोपी : एएसपी

जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि लूट मामले से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पांच अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें काम कर रही हैं। जज के समक्ष दो आरोपियों को पेश किया गया था, जहां से पांच दिन का रिमांड मिला है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

## आम लोगों से छीनकर दोस्त नेताओं की झोली भर रही सुक्खू सरकार : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भाजपा के प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर आम लोगों से जुड़ी योजनाओं के वित्तीय लाभों को छीनकर नेताओं की झोली भरने के आरोप लगाए हैं।



उन्होंने कहा कि बिजली, पानी के बाद अब महिलाओं और स्कूली विद्यार्थियों को एचआरटीसी की सेवाओं में दी जाने वाली छूट में कटौती के झटके की तैयारी सुक्खू की सरकार कर रही है। मुफ्त बिजली और ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त पानी के तुगलकी फरमान जारी करने वाली सरकार दोस्तों को मुख्य संसदीय सचिव व कैबिनेट का दर्जा देकर कर प्रदेश की आम जनता के हितों को निचोड़े का काम कर रही है। यह वही कांग्रेस की सरकार है, जिसने चुनावों में सत्ता हथियाने के लिए 100 रुपए लीटर दूध खरीदने की बात की थी। हर क्षेत्र में नाकाम सरकार इस कदर वित्तीय कंगाली से जूझ रही है कि अब पानी बेचने तक की नौबत आ चुकी है। बेतुके फरमानों से अब एचआरटीसी की बसों में सफर करने पर 18 हजार पुलिस कर्मियों की सैलरी से हर महीने 110 रुपए प्रति कर्मचारी काटे जाते हैं। ऐसे में एचआरटीसी को 19.80 लाख के करीब पुलिस कर्मियों की सैलरी से जाता था। इसलिए मुफ्त यात्रा कहना गलत है। सरकार को इस फैसले को तुरंत वापस लेना चाहिए।

## नगर परिषद तैयार करेगी परिवार रजिस्टर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में भी अब ग्राम पंचायतों की तर्ज पर ही परिवार रजिस्टर तैयार किए जाएंगे।

इसके लिए नगर परिषदों को दिए दिशा-निर्देशों के तहत सर्वेक्षण व पंजीकरण के कार्य को भी शुरू कर दिया गया है। नालागढ़ नगर परिषद के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में परिवार रजिस्टर के लिए सर्वे का कार्य जोरों पर है। अभी तक 4 वार्डों में कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, जिनमें वार्ड 1, 4, 8, 9 में सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। शेष वार्डों का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा और लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। जानकारी अनुसार सरकार के आदेशों की अनुपालना करते हुए नगर परिषद नालागढ़ में सर्वेक्षण कर लोगों का परिवार रजिस्टर तैयार करवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। क्षेत्र के लोगों के अपने परिवार का सारा ब्यौरा लोकमित्र के माध्यम से घर-घर जाकर निशुल्क डाटा लेकर पंजीकृत करवाया जा रहा है और उसके बाद सारे रिकॉर्ड को नगर परिषद द्वारा वेरीफाई किया जाएगा। उसके उपरांत यह सारा रिकॉर्ड शहरी विकास विभाग या फिर नगर परिषदों के पोर्टलों व वेबसाइट पर ऑनलाइन चढ़ाया जा सकेगा। इसका एक बड़ा लाभ यह होने जा रहा है कि लोगों को किसी भी तरह के प्रमाण पत्र के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं होगी।

### रजिस्टर तैयार करने के लिए सर्वेक्षण शुरू

नगर परिषद नालागढ़ की अध्यक्ष अल्का वर्मा ने कहा कि पंचायतों की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों में भी परिवार रजिस्टर बनाने के सरकार के निर्णय के तहत नगर परिषद नालागढ़ में भी लोगों के परिवार रजिस्टर तैयार किए जा रहे हैं। नगर परिषद नालागढ़ में परिवार रजिस्टर तैयार करने के लिए सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। नगर परिषद क्षेत्र में रहने वाले लोग अपने परिवारों के सही आंकड़े लोकमित्र केंद्र में प्रस्तुत करें। सभी संशोधन व सत्यापन पूरे होने पर तैयार किया गया परिवार रजिस्टर अनुमोदन के लिए सदन के समक्ष रखे जाने के बाद राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा। इसके उपरांत संबंधित अधिकारी के द्वारा परिवार रजिस्टर का डाटा ऑनलाइन मोड के माध्यम से आम जनता को उपलब्ध करवाया जाएगा।

## मेले समृद्ध संस्कृति के परिचायक

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** डीसी किन्नौर डॉ. अमित शर्मा ने पूह विकास खंड में तीन दिवसीय ग्रीष्म महोत्सव पूह का शुभारंभ किया गया।

उन्होंने कहा कि मेले एवं त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं और किन्नौर तो अपनी समृद्ध संस्कृति, वेश-भूषा, खान-पान व पहरावे के लिए पूरे विश्व में एक अलग पहचान बनाए हुए है। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम हमारी समृद्ध संस्कृति का पालन करते हुए इसे आने वाली पीढ़ी के लिए संजोए रखने में अपनी भूमिका अदा करें। (अनंत ज्ञान)

## बारिश से घरों में घुसा पानी

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन के वार्ड नंबर-5 के अमरपुर मोहल्ले में देर रात हुई भारी बारिश लोगों के लिए आफत बनकर आई। बरसाती पानी घरों और दुकानों में घुस गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों के घरों और दुकानों में बरसात का पानी घुसने से भारी नुकसान हुआ है। लोग रात भर जागते रहे और भारी बारिश के डर में रात बिताई। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस मामले में जल्द कार्रवाई करनी चाहिए और लोगों को राहत प्रदान करनी चाहिए। इस भारी बारिश के कारण लोगों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस मामले में जल्द कार्रवाई करेगा और लोगों को राहत प्रदान करेगा।

**एकजुटता** नाहन में आयोजित बैठक में एकजुट होकर कर्मियों की मांगें उठाने पर बनी रणनीति

# एक कड़ी में जुड़ा सेवानिवृत्त कर्मचारी का मंच और संगठन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला मुख्यालय नाहन में हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच और हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कल्याण संगठन एक मंच पर आ गया।

इस दौरान दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की जायज मांगों और उनके हितों को एकजुट होकर सरकार तक पहुंचाने का निर्णय लिया। बता दें कि सेवानिवृत्त कर्मचारी नेताओं की ओर से मंच और संगठन बनाकर अपनी मांगों को अलग-अलग तरीके से सरकार तक पहुंचा रहे थे। इस पर दोनों संगठनों के नेताओं ने एकजुट होने का निर्णय लिया। इसे लेकर नाहन में दोनों संगठनों की संयुक्त बैठक हुई, जिसमें 42 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह ठाकुर ने की। जबकि, संचालन महासचिव हरशरण शर्मा ने किया। बैठक में सेवानिवृत्त कल्याण संगठन के अध्यक्ष दलगंजन ठाकुर ने अपने समस्त सदस्यों समेत हिस्सा लिया। इस दौरान फैसला लिया गया कि नाहन क्षेत्र के ये दोनों संगठन मिलकर एक मंच से अपनी मांगों को सरकार के समक्ष उठाएंगे। बैठक में ये भी कहा गया कि राज्यस्तरीय दोनों कार्यकारिणी भी संगठित होकर सेवानृवित्त कर्मियों की मांगों को सरकार के समक्ष उठाएं, ताकि पेंशनर्स की समस्याओं का जल्द समाधान हो सके। इस मौके पर डीए का एरियर, मेडिकल बिलों के भुगतान, स्कैल एरियर और 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके कर्मियों के क्रमश: 5, 10 और 15 फीसदी किश्तों के भुगतान संबंधी मांगों को भी प्रमुखता से उठाया गया। इस मौके पर बृजभूषण, बलबीर सिंह, राजेश, यशवंत, श्यामलाल, अत्तर सिंह, अमन कुमरी, तरलोक सिंह, अशरफ अली, लायकराम, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।



बैठक में शामिल हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच और हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कल्याण संगठन के सदस्य।

## न्यूज ब्रीफ

### बैपटिस्ट के प्रिंसिपल ने श्रीलंका में यूनेस्को की एमजीआईईपी कार्यशाला में लिया भाग



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** भारत के समर्पित शिक्षाविदों की एक टीम ने हाल ही में श्रीलंका में यूनेस्को एमजीआईईपी (महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन फॉर पीस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट) द्वारा आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा (एसईएल) को बढ़ावा देने और डिजिटल शिक्षाशास्त्र को बढ़ाने के लिए नवीनतम रणनीतियों और उपकरणों से लैस करना है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा नामित प्रतिनिधियों में चंडीगढ़ बैपटिस्ट स्कूल के प्रिंसिपल अरुण मसीह ने कार्यशाला में भाग लिया। उनकी अंतर्दृष्टि और अनुभव निस्संदेह भारतीय स्कूलों में एसईएल प्रथाओं के सफल कार्यान्वयन में योगदान देंगे। इस कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान के साथ, भारतीय शिक्षाविद् देश भर में कक्षाओं को बदलने के लिए तैयार हैं। भविष्य में रोमांचक संभावनाएं हैं, क्योंकि वे भारत के स्कूलों में एसईएल प्रथाओं और डिजिटल शिक्षाशास्त्र को लाते हैं, अच्छी तरह से विकसित, सहानुभूतिपूर्ण और डिजिटल रूप से साक्षर शिक्षार्थियों का पोषण करते हैं।

### बारिश के बाद निगम के दावे हुए फेल : विनायक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर में दो घंटे बारिश के बाद रविवार को नगर निगम के रोड, गली और सीवर लाइन की सफाई के दावे फेल हो गए। जहां एक ओर शहर की सड़कें पानी से लबालब भर गईं। वहीं, कई सेक्टरों में लोगों के घरों में पानी भर गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चंडीगढ़ भाजपा युवा मोर्चा के मीडिया सह प्रभारी विनायक बंगिया ने नगर निगम के दावे का विरोध किया और कहा कि शहर में बारिश के मौसम की जानकारी होने के बाद भी नगर निगम की ओर से ड्रेनेज सिस्टम की सफाई नहीं हुई। इस कारण सेक्टर में पानी भर गया है और लोगों को परेशान होना पड़ा। नगर निगम की ओर से हर बार कागजी दावे किए जाते हैं कि ड्रेनेज सिस्टम साफ कराए जाएंगे, लेकिन हकीकत में यह साफ नहीं होते हैं। इससे बारिश के बाद लोग परेशान होते हैं।

### लॉरेंस को मॉल में आधी रात करवाई शॉपिंग


**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के मर्डर समेत कई मामलों में आरोपी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू के मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इंटरव्यू मामले में पुलिस की मिलीभगत के कई खुलासे हुए हैं। इंटरव्यू करवाने के लिए पुलिस अधिकारियों ने रिश्वत ली थी। वहीं, लॉरेंस को वीआईपी ट्रीटमेंट दी गई थी। पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि एसआईटी की जांच में यह भी सामने आया है कि सीआईए खरड़ के पूर्व थाना प्रभारी ने इस इंटरव्यू की एवज में रिश्वत ली थी, जिसे लेकर एसआईटी आने वाले दिनों में पूछताछ कर सकती है। इसके अलावा कई मामलों में दिल्ली में पेशी के दौरान लॉरेंस पुलिस अफसरों को वीआईपी ट्रीटमेंट भी उपलब्ध कराता था।

### लुधियाना में भाजपा नेता पर एफआईआर दर्ज



**चंडीगढ़।** पंजाब के लुधियाना में भाजपा नेता और जूतों के कारोबारी गुरविंदर सिंह उर्फ प्रिंकल के खिलाफ थाना सदर की पुलिस सिख कथावाचक के खिलाफ सोशल मीडिया गाली-गलौज करने और उसे धमकाने का मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी अभी फरार है। प्रिंकल अक्सर सोशल मीडिया में किसी ने किसी मुद्दे को लेकर विवादों में रहता है। कथावाचक हरप्रीत सिंह मक्खू ने पुलिस को बताया कि उसने अमृतपान किया हुआ है। देशों-विदेशों में वह सिख धर्म का प्रचार करता है।

### मध्य प्रदेश में फैक्टरी से हथियार बरामद



**मुरैना (मप्र)।** मध्य प्रदेश पुलिस ने मुरैना जिले में अवैध हथियार बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक महिला देशी पिस्तौलों को चमकाने के लिए उन्हें साबुन से धोती हुई नजर आ रही है। महुआ के थाना प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि वीडियो के सत्यापन के बाद पुलिस की टीम ने गणेशपुरा इलाके में एक घर पर छापा मारा और वहां से महिला के पति शक्ति कपूर सखवार और ससुर बिहारीलाल सखवार को गिरफ्तार किया।

### मणिपुर में उग्रवादियों के साथ गोलीबारी, 4 की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में उग्रवादियों और एक ही समुदाय के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी में चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मोलनोम इलाके में मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट (यूकेएलएफ) के एक उग्रवादी और एक ही समुदाय के तीन ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत हो गई। इसके जवाब में ग्रामीण स्वयंसेवकों ने यूकेएलएफ के स्वयंभू प्रमुख एस एस हाओकिप के आवास को फूंक दिया। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के पीछे पलेल इलाके में उगाही पर नियंत्रण की वजह हो सकती है।

### बम धमाके में पूर्व विधायक की पत्नी की गई जान

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक बम धमाके में एक पूर्व विधायक की पत्नी की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सैकुल के पूर्व विधायक यमथोंग हाओकिप के घर के पास स्थित एक मकान में शनिवार शाम को बम धमाका हुआ। धमाके में हाओकिप की दूसरी पत्नी सपम चारुबाला घायल हो गईं। चारुबाला को सैकुल के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### जयपुर में कार और ट्रक की टक्कर, 3 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक ट्रक और कार की टक्कर में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई। थाना अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि महल रोड पर एनआरआई चौराहे के पास तेज गति से आ रही एक कार यू-टर्न ले रहे ट्रक से टकरा गई, जिससे कार में सवार अमीश वाधवा (19), वेदांत अहलूवालिया (19) और विकास (20) की मौत हो गई। वेदांत लंदन के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था और छुट्टियां मनाने के लिए जयपुर आया था, जबकि अमीश जयपुर के एक निजी कॉलेज में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम का छात्र था।

# ट्राईसिटी में झमाझम बारिश

## शहर की सड़कों पर एक फुट तक पानी, घर भी हुए जलमग्न

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**





जलमग्न हुई सड़क पर छाता ओढ़े खड़े लोग तथा (इनसेट) बारिश से लगा जाम।

ट्राईसिटी में जोरदार बरसात हो रही है। रविवार सुबह 4 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक चंडीगढ़ में 139.1 एमएम बारिश हुई है। दोपहर में ट्राईसिटी में बारिश ने जोर पकड़ा और पूरे शहर में झमाझम वर्षा हुई। बारिश के बाद शहर की सड़कें जलमग्न हो गई हैं। शहर की कई सड़कों पर एक फुट तक पानी भर गया है। वहीं मोहाली में घरों में पानी घुस गया है। अब बारिश लोगों के लिए आफत बन गई है।

शहर में रविवार सुबह अच्छी बरसात हुई है। चंडीगढ़ में सुबह चार बजे से 11.30 बजे तक 35.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसके बाद दोपहर एक बजे फिर तेज बारिश शुरू हो गई। सुबह 11.30 से दोपहर 2.30 बजे तक 103.5 एमएम बारिश हुई है। मोहाली के फेज-1 में एचएम मकानों में बारिश का पानी घुस गया है। इस वजह से वहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलानी पड़ी है। पंचकूला में भी कई जगह जलभराव की स्थिति है। मौसम विभाग केंद्र चंडीगढ़ के अनुसार शहर में सुबह 4.10 बजे से बारिश शुरू हुई और सुबह 8.30 बजे तक 28.8 एमएम बरसात हुई है। इसके बाद सुबह 8.30 से सुबह 11.30 से 6.8 एमएम बारिश हुई।

## बारिश ने खोली महापौर के दावों की पोल : नरेश अरोड़ा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा ने चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि महापौर और उनकी सारी टीम सिर्फ बयानबाजी पर ही विश्वास करती है, धरातल से उनका कोई लेना-देना नहीं है। महज कुछ घंटे की बारिश ने ही चंडीगढ़ की सड़कों पर सैलाब ला दिया।

नरेश अरोड़ा ने कहा कि चंडीगढ़ की गठबंधन की सरकार के मेयर और सांसद सड़कों पर निकल के देखें तो उनको पता चलेगा की उनके नेतृत्व में सुंदर चंडीगढ़ का 2 घंटे की बारिश ने क्या हाल कर दिया। बारिश का पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया और नगर निगम का कोई भी अधिकारी और मेयर देखने और लोगों का हाल पूछने के लिए भी अपने घरों से बाहर नहीं निकला। उन्होंने कहा कि अभी मानसून का मौसम काफी रहता है और उनसे निवेदन है कि वह अपने घरों से निकले और राजनीति से ऊपर उठकर जो जनता को वादे उन्होंने किए हैं उनको पूरा करें, वरना आने वाले नगर निगम चुनाव में जनता उनको इस वादाखिलाफी का सबक जरूर सिखाएगी।

## भाजपा ने पंजाब में की 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर भाजपा ने पंजाब में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत पंजाब के मोहाली में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली।

सुबह हुई बारिश के बाद तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाना है। पंजाब के हर जिले में भाजपा की तरफ से तिरंगा यात्रा निकालने की योजना है।

यात्रा फेज-7 से शुरू हुई जो शहर के विभिन्न फेजों से होकर गुजरी। लोगों में देशभक्ति की भावना व जोश भरने के लिए यह यात्रा निकाली गई। यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष शर्मा और प्रधान संजीव वशिष्ठ के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान यात्रा में शामिल लोगों ने 'भारत माता की जय' का उद्घोष कर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। भाजपा नेता व कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लिए सड़कों पर पैदल चल रहे थे।

## सदाबहार फिल्मी गानों से सजी महफिल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



जया गोयल सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सावन मास के उपलक्ष्य पर सदाबहार गानों से सजी महफिल का आयोजन समाज सेवी व सोसायटी की प्रेसिडेंट जया गोयल के नेतृत्व में मनीमाजरा के एक होटल में आयोजित किया गया। जिसमें ट्राईसिटी सहित पंजाब, हरियाणा से आए अव्यवसायिक गायकों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर सदाबहार गानों को श्रोताओं को समक्ष प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

गायकों ने लता मंगेशकर, किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, आशा भसोले जैसे प्रतिष्ठत गायकों द्वारा गाए गानों को अपनी आवाज में प्रस्तुत करने का एक बेहतर प्रयास किया। कार्यक्रम में 25 से अधिक अव्यवसायिक गायकों ने भाग लिया और इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर कर्नल (रिटायर्ड) सीएम शर्मा, कर्नल विक्रम सिंह तथा समाजसेवी प्रियंका राठौर ने शिरकत की। इस दौरान उनका स्वागत कार्यक्रम के आयोजक, समाजसेवी सोसायटी की प्रेसिडेंट जया गोयल, तथा सोसायटी के सदस्य उमेश कुमार गोयल व सुशील कुमार गोयल ने पुष्पगुच्छ देकर किया, जिसके उपरांत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

समाजसेवी व सोसायटी की प्रेसिडेंट जया गोयल ने अपने प्रारंभिक भाषण में सोसायटी द्वारा किए गए समाज कल्याण कार्यों का विवरण दिया और जया गोयल ने कार्यक्रम में आए सभी गणमान्य और श्रोतागणों का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वे ओम संस और जेपी हेल्थकेयर का आभार प्रकट करती हैं। जया ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य अव्यवसायिक गायकों को मंच प्रदान करना था, ताकि वे अपने अंदर के छुपे हुनर को जगजाहिर कर सके। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सदाबहार गानों को गाना प्रतिष्ठित गायकों को भावपूर्ण श्रद्धांजली देना भी था।

इस आयोजन में एक ओर जहां आंगनबाड़ी महिलाओं ने हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध लोक नृत्य नाटी दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब प्रशंसा बटोरी। वहीं, दूसरी ओर अव्यवसायिक गायकों द्वारा एक से बढ़कर एक सदाबहार फिल्मी गाने गाकर श्रोताओं का घंटों समां बांधा और खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम के अंत में आयोजक जया गोयल व गणमान्यों द्वारा कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संगीत का प्रबंधन राजबीर द्वारा किया गया था जबकि मंच का संचालन कंचन भल्ला ने किया।

# देश-विदेश

## रोहिंग्या मुसलमानों पर ड्रोन और तोपों से हमला, 200 मरे

**एजेंसी, म्यांमार**



**बांग्लादेश की ओर भाग रहे थे रोहिंग्या**

**म्यांमार** के मुस्लिम रोहिंग्या अल्पसंख्यक समुदाय के कम से कम 200 नागरिक पश्चिमी राज्य रखाइन में एक तोपखाने और ड्रोन हमले में मारे गए हैं। जीवित लोगों ने हमले के लिए अराकन आर्मी को जिम्मेदार बताया है। अराकन आर्मी म्यांमार में राखीन जातीय समूह की सैन्य शाखा की एक सैन्य शाखा है।


हालांकि, इस आर्मी ने हमले की किसी भी तरह की जिम्मेदारी से इनकार किया है। यह हमला तब हुआ जब कुछ रोहिंग्या मुसलमान बांग्लादेश की सीमा से सटे इलाके में एक नटी के पास नाव का इंतजार कर रहे थे. ये हमला म्यांमार के पश्चिमी रखाइन राज्य में बांग्लादेश की सीमा के पास हुआ है। लोग बचने के लिए सीधे नदी में कूद गए। ये लोग बांग्लादेश में नफ नदी पार करके माउंगडॉ शहर में भीषण लड़ाई से भागने की कोशिश कर रहे थे। म्यांमार की केंद्र सरकार से स्वायत्तता की मांग कर रही अराकान आर्मी ने नवंबर, 2023 में अपना राखीन आक्रमण शुरू किया और पड़ोसी चिन राज्य में एक सहित 17 टाउनशिप में से नौ पर नियंत्रण हासिल कर लिया है।

### बांग्लादेश में सेना के काफिले पर किया हमला, कई घायल

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बन जाने के बाद भी हिंसा और प्रदर्शन का दौर जारी है। हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हुए हमले की अंतरिम सरकार के नेता मोहम्मद यूनुस ने कड़ी निंदा की है। इसके बावजूद देश में हिंसा की खबरें मिल रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने गोपालगंज इलाके में सेना पर हमला कर दिया जिसमें पांच से ज्यादा सैन्यकर्मी घायल हो गए हैं। शनिवार को सेना के जवानों और अवामी लीग के समर्थकों के बीच हुई तीखी झड़प के बाद भीड़ ने सेना के एक वाहन को आग लगा दी। इस घटना में सेना के जवानों और स्थानीय लोगों सहित करीब 15 लोग घायल हो गए हैं।

## रूस में घुसकर हमला कर रही यूक्रेनी सेना : जेलेंस्की

**एजेंसी, कीव**



**रूस**-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी सेना रूस के कुर्स्क क्षेत्र के अंदर घुसकर हमला कर रही है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी सेना आक्रमणकारियों के क्षेत्र में युद्ध को आगे बढ़ा रही है।

जेलेंस्की का यह बयान रूस के कुर्स्क ओब्लास्ट में यूक्रेन की सीमा पार घुसपैठ की पहली सार्वजनिक स्वीकृति को दर्शाता है, जो कथित रूप से 6 अगस्त से शुरू हुई थी। यूक्रेनी सेना की घुसपैठ ने रूस को चौंका दिया है। यूक्रेनी सेना रूस की सीमा के 10 किमी अंदर तक पहुंच गई है। यूक्रेन के 1 हजार से ज्यादा सैनिक, 20 बख्तरबंद गाड़ियां और 11 टैंक रूस में मौजूद हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन के 1 हजार से ज्यादा सैनिक 20 बख्तरबंद गाड़ियां और 11 टैंक रूस में मौजूद हैं। उन्होंने कई गांवों पर कब्जा कर लिया है। रूसी प्रांत कुर्स्क के गवर्नर एलेक्सी स्मर्नोव ने बताया कि हमलों को देखते हुए 76 हजार लोग घर छोड़ कर जा चुके हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार 7.53 अरब डॉलर बढ़कर 674.92 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**एजेंसी, मुंबई**



**विदेशी** मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 2 अगस्त तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.53 अरब डॉलर बढ़कर 674.93 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर घटकर 667.4 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 2 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 592.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.4 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 60.1 अरब डॉलर हो गया।

## मेरे चुनावी वादों की नकल कर रही हैं हैरिस: ट्रंप

**एजेंसी, वाशिंगटन**




**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वर्तमान उपराष्ट्रपति और आगामी चुनाव में उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस पर उनके अभियान में ट्रंप के विचारों की नकल करने का आरोप लगाया।

ट्रंप ने अपने सोशल नेटवर्क टुथ सोशल पर कहा कि कमला हैरिस, जिनकी 'हनीमून' अवधि समाप्त हो रही है और चुनावों में उन्हें झटका लगना शुरू हो गया है। कमला हैरिस ने अभी-अभी मेरी टिप्स पर कोई कर नहीं वाली नीति की नकल की है। अंतर यह है कि वह ऐसा नहीं करेंगी, वह इसे सिर्फ राजनीतिक उद्देश्यों के लिए यह बोल रही है। यह ट्रंप की सोच है उनके पास कोई विचार नहीं है, वह केवल मेरे विचारों की चोरी कर सकती हैं। कमला हैरिस ने नेवादा में एक रैली में कहा कि अगर वह चुनाव जीतती हैं, तो वह न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि करने के साथ-साथ टिप टैक्स को निरस्त कर देंगी।

**हरकत** उत्तर कोरिया कचरे वाली हरकत से नहीं आ रहा बाज

## उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया में भेजे कचरे से भरे 240 गुब्बारे


**एजेंसी, सोल**



**उत्तर** कोरिया ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया में कचरे से भरे गुब्बारे भेजे हैं। उत्तर कोरिया कचरे वाली हरकत से बाज नहीं आ रहा है। अधिकारियों ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से दक्षिण कोरिया में कचरे से भरे लगभग 240 गुब्बारे भेजे गए हैं। इनमें से 10 दक्षिण क्षेत्र में उतरे हैं।

दक्षिण कोरिया की सेना के हवाले से एजेंसी ने बताया कि शनिवार को उत्तर कोरिया की ओर से ऐसे गुब्बारे भेजे गए थे। हालांकि, सुबह 10 बजे तक कोई भी गुब्बारा हवा में उड़ता दिखाई नहीं दिया। इनमें से कुछ गुब्बारे सोल के उत्तरी क्षेत्र के ग्योंगगी में उतरे जो सोल से लगा हुआ है। ग्योंगगी बुक्बू प्रांतीय पुलिस एजेंसी ने कहा कि उसे उत्तर कोरिया के गुब्बारों से संबंधित दो रिपोर्ट मिली हैं। दक्षिण कोरिया के ज्वॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि गुब्बारों में कागज के टुकड़े और प्लास्टिक की बोतलें थीं और उनमें कोई खतरनाक पदार्थ नहीं था। उत्तर कोरिया ने दो सप्ताह के अंतराल बाद शनिवार को अपना कचरा भरा गुब्बारा अभियान फिर से शुरू किया है। संख्या की बात करें तो इस साल अब तक कुल 11 कचरे से भरा गुब्बारा उत्तर कोरिया से भेजा जा चुका है। जुलाई में भी कुछ गुब्बारे सोल में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय परिसर में उतरे थे।

### कमला अगले सप्ताह नीति मंच करेंगी जारी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति एवम डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अगले सप्ताह अपना नीति मंच जारी करने का वादा किया है। हैरिस ने कहा कि नीति मंच अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और कीमतें कम करने पर केंद्रित होगा। देश भर में मुद्रास्फीति और कीमतों में वृद्धि के लिए रिपब्लिकन डेमोक्रेटिक प्रशासन को दोषी मानते हैं। आर्थिक नीति घोषित समाजशास्त्रियों के अनुसार, महंगाई को कम करने का मुद्दा मतदाताओं के लिए मुख्य है। निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने दूसरे कार्यकाल के लिए पुनर्मिलन नहीं करने का फैसला किया है।

## अत्याधुनिक डेडिकेटेड फीटल मेडिसिन सेंटर का हुआ शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मदरहुड हॉस्पिटल में अत्याधुनिक डेडिकेटेड फीटल मेडिसिन सेंटर का शुभारंभ करते डॉ. पूनम गर्ग, साथ हैं अन्य।

मदरहुड हॉस्पिटल ने आज एक अत्याधुनिक डेडिकेटेड फीटल मेडिसिन सेंटर के शुभारंभ की घोषणा की। सेंटर में फीटल मेडिसिन विशेषज्ञ न केवल किसी भी विकार का निदान करने के लिए रेडियोलॉजिस्ट की तरह अल्ट्रासाउंड कर सकते हैं, बल्कि इन स्थितियों को रोक और इलाज भी कर सकते हैं।

इसके परिणामस्वरूप अधिक व्यापक और समन्वित देखभाल मदरहुड फीटल मेडिसिन सेंटर में एक ही छत के नीचे प्राप्त होती है। तीन दशकों के अनुभव के साथ प्रतिष्ठित प्रसव विशेषज्ञ डॉ. पूनम गर्ग के नेतृत्व में मदरहुड फीटल मेडिसिन सेंटर के विशेषज्ञों की टीम ने परिष्कृत तकनीक और उन्नत उपचार के माध्यम से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं में प्रीक्लेम्पसिया को सफलतापूर्वक रोका है, जिसके परिणामस्वरूप मां और नवजात शिशु में जटिलताओं की रोकथाम हुई है।

प्रीक्लेम्पसिया एक गंभीर बीमारी है जो लगभग 10 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को प्रभावित करती है। यह मातृ रोगों जैसे दौरे, बहुअंग विफलता, लगातार उच्च रक्तचाप, इस्केमिक हृदय रोग और मस्तिष्क स्ट्रोक का कारण बनता है।

डॉ. पूनम गर्ग ने बताया कि प्रीक्लेम्पसिया वाली मां से पैदा होने वाले शिशुओं में समय से पहले जन्म, जन्म के समय कम वजन, श्वास रोग का खतरा बढ़ जाता है और बाद में उनमें हृदय रोग और मधुमेह विकसित हो सकता है। भ्रूण चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. हरप्रीत कौर ने बताया कि केंद्र ने विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ एक बहु-विषयक पेरिनेटल बोर्ड भी स्थापित किया है।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 40 | 27 | 24 | 91 |
| 02. | अमेरिका | 38 | 42 | 43 | 123 |
| 03. | जापान | 19 | 12 | 13 | 44 |
| 04 | ऑस्ट्रेलिया | 18 | 18 | 15 | 51 |
| 05. | फ्रांस | 16 | 25 | 22 | 63 |
| 06. | ग्रेट ब्रिटेन | 14 | 22 | 29 | 65 |
| 07. | नीरदलैंड | 14 | 07 | 12 | 23 |
| 08. | कोरिया | 13 | 09 | 10 | 32 |
| 09. | जर्मनी | 12 | 12 | 08 | 32 |
| 10. | इटली | 11 | 13 | 15 | 39 |
| 71. | भारत | 00 | 01 | 05 | 06 |

## न्यूज ब्रीफ

### मनु भाकर और पीआर श्रीजेश ने बढ़ाई भारत की शान

**अनंत ज्ञान, पेरिस।** तीन सप्ताह तक चले पेरिस ओलंपिक के खेलों के महाकुंभ में मनु भाकर और दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ध्वजवाहक बनकर भारत की शान बढ़ा गए। मनु भाकर ने भारत के लिए इस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीते। वहीं, भारतीय हॉकी टीम के दीवार माने जाने वाले पीआर श्रीजेश के प्रयासों से टीम ने कांस्य पदक जीता। ओलंपिक 2024 का समापन समारोह पेरिस के स्टेड डी फ्रांस में भारतीय समयानुसार सोमवार रात 12:30 से शुरू होगा। भारत का पेरिस ओलंपिक में अभियान एक सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज सहित कुल 6 पदकों के साथ समाप्त हो गया। इस पेरिस ओलंपिक में भारत ने संयुक्त रूप से अपना दूसरा सबसे बड़ा दल (117) भेजा था। पेरिस ओलंपिक में भारत को अब तक के संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा मेडल भी मिले हैं। भारत मेडल टेली में 71वें पायदान पर रहा।



### मुक्केबाजी रिंग में उज्बेकिस्तान का दबदबा

**पेरिस।** उज्बेकिस्तान के प्रिय मुख्य मुक्केबाजी कोच तुलकिन किलिचेव को पेरिस ओलंपिक में अपनी टीम के पहले स्वर्ण पदक का जश्न मनाने के बाद ब्रिटेन के ट्रेनिंग स्टाफ के दो सदस्यों ने दिल का दौरा पड़ने से बचाया। देश के मुक्केबाजों ने इसकी पुष्टि की। उज्बेकिस्तान की टीम ने पेरिस खेलों में पांच स्वर्ण पदक जीते जो 20 वर्षों में किसी भी ओलंपिक टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस तरह किलिचेव के मुक्केबाजों ने अपने कोच को जश्न मनाने का मौका दिया जो पेरिस के एक अस्पताल में भर्ती हैं। बखोदिर जलोलोव ने अपना दूसरा सुपर हैवीवेट स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, ''(किलिचेव) वास्तव में एक कोच या पिता से कहीं अधिक हैं।'' उन्होंने कहा, ''उन्होंने हमें पाला है, हमें शिक्षित किया है और हम तक खेल भावना पहुंचाई है। वह हमेशा मेरे दिल में रहे हैं और हम उनसे अस्पताल में मिलने जाएंगे।''



### चीन ने टेबल टेनिस में 300वां ओलंपिक स्वर्ण जीता

**पेरिस।** चीन ने पेरिस खेलों में टेबल टेनिस का महिला टीम स्पर्धा का खिताब जीतकर ओलंपिक इतिहास में देश का 300वां स्वर्ण पदक जीता। चीन ने महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में जापान को 3-0 से हराकर लगातार पांचवां स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले शुक्रवार को पुरुष टीम ने यह उपलब्धि हासिल की थी। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सुन यिंगशा ने कहा, ''हमारे में से प्रत्येक ने आज अपना सब कुछ झोंक दिया और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया।'' दक्षिण कोरिया ने जर्मनी पर 3-0 की जीत के साथ कांस्य पदक जीता जो 2008 में बीजिंग खेलों के बाद टीम स्पर्धा में उसका पहला पदक है। टेबल टेनिस में चीन प्रमुख शक्ति है जिसने पेरिस में पांचों ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते। चीन ने 1988 में सियोल ओलंपिक में टेबल टेनिस को शामिल किए जाने के बाद से इस खेल में दिए गए 42 स्वर्ण पदक में से 37 जीते हैं।

### रूबलेव शीर्ष वरीय सिनर को हराकर सेमीफाइनल में

**मांट्रियल।** पांचवें वरीय आंद्रे रूबलेव ने शनिवार को यहां शीर्ष वरीय गत चैंपियन यानिक सिनर को कड़े मुकाबले में 6-3, 1-6, 6-2 से हराकर वर्षा से प्रभावित नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रूबलेव ने इससे पहले शनिवार को ही ब्रेंडन नाकाशिमा को 6-2, 6-2 से हराया था जबकि सिनर ने एलेजांद्रो तेबिलो को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी थी। उष्णकटिबंधीय तूफान डेबी के कारण हुई बारिश से वीरवार रात और शुक्रवार को मैच नहीं खेले जा सके थे और इन्हें शनिवार को खेला गया। टूर्नामेंट अब रविवार की जगह सोमवार को खत्म होगा।



### सबालेंका को हराकर एनिसिमोवा सेमीफाइनल में

**टोरंटो।** अमांडा एनिसिमोवा ने शनिवार को यहां उलटफेर करते हुए दूसरी वरीय एरिना सबालेंका को सीधे सेट में 6-2, 6-2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। एनिसिमोवा की शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ लगभग दो साल में यह पहली जीत है। एनिसिमोवा क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली अमेरिका की पांच खिलाड़ियों में से एक थी। इस 22 वर्षीय ने पिछले साल टेनिस से मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक लिया था। एनिसिमोवा ऑल अमेरिकन सेमीफाइनल में आठवीं वरीय एम्मा नवारो से भिड़ेंगी। नवारो ने साथी अमेरिकी खिलाड़ी टेलर टाउनसेंड को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी। तीसरी वरीय गत चैंपियन जेसिका पेगुला ने एक अन्य ऑल अमेरिकी क्वार्टर फाइनल में पेटोन स्टर्न्स को 6-4, 7-5 से शिकस्त दी।



# मेरा विकल्प खोजने के लिए प्रतिभा मौजूद : श्रीजेश

**एजेंसी, पेरिस**

लगभग दो दशक तक भारतीय गोल पोस्ट के सामने दीवार की तरह खड़े रहने के बाद दूसरे ओलंपिक कांस्य पदक के साथ हाल ही में संन्यास लेने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश का मानना है कि भारतीय हॉकी में उनका उपयुक्त विकल्प खोजने के लिए काफी प्रतिभा मौजूद है।

**नहीं पता कि मैं हॉकी के अलावा क्या करूंगा**

पेरिस ओलंपिक में श्रीजेश ने शानदार प्रदर्शन किया और कांस्य पदक के मैच में भारत की स्पेन के खिलाफ 2-1 की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीजेश ने कहा, ''कोई खालीपन नहीं होगा। मेरी जगह कोई और आएगा। सभी खेलों में ऐसा ही होता है। सचिन तेंदुलकर थे और अब विराट कोहली हैं और कल कोई और उनकी जगह लेगा। इसलिए श्रीजेश कल थे लेकिन कल कोई और आएगा और उनकी जगह लेगा।''

श्रीजेश को भारतीय जूनियर टीम में मार्गदर्शक (मेंटर) की भूमिका निभाने का प्रस्ताव दिया गया है। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों में उनका जीवन हॉकी के इर्द-गिर्द घूमता रहा है और अब जब वह संन्यास ले चुके हैं तो उन्हें नहीं पता कि वे क्या करेंगे।



उन्होंने कहा, ''यह जीवन की कमी खलना जैसे है। मैं हॉकी के अलावा कुछ नहीं जानता। 2002 में जब मैं पहले दिन शिविर में गया था, तब से लेकर अब तक मैं उनके साथ रहा हूं।'' श्रीजेश ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि मुझे किन चीजों की कमी खलेगी, शायद जब मैं घर पहुंचू तो मुझे पता चले। सुबह से ही मैं उनके साथ बाहर रहता हूं ङ्क ट्रेनिंग, जिम, मैदान पर ङ्क हमेशा एक मजेदार माहौल होता है। उत्साहवर्धक बातचीत, टीम बैठक, आपको उन पर चिल्लाना पड़ता है, यहां तक कि उन्हें बुरा-भला भी कहना पड़ता है।'' उन्होंने कहा, ''जीत के बाद जश्न मनाना या हार के बाद साथ में रोना, यह मेरी जिंदगी रही है। शायद हम नहीं जानते कि इससे बाहर रहना कैसा होता है।''

भारत ने यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अंतिम आठ के मुकाबले में किया जब टीम ने दूसरे क्वार्टर में 10 खिलाड़ियों तक सिमट जाने के बावजूद ब्रिटेन को पेनल्टी में 4-2 से हराया। हालांकि टीम सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन और अंततः रजत पदक जीतने वाले जर्मनी से 2-3 से हार गई और उसे कांस्य पदक के लिए खेलना पड़ा। श्रीजेश ने कहा, ''हां, सेमीफाइनल में जर्मनी से हारना थोड़ा निराशाजनक था, लेकिन हम कम से कम पदक लेकर लौट रहे हैं, जो बड़ी बात है।''

श्रीजेश ने कहा कि हॉकी इंडिया द्वारा जूनियर राष्ट्रीय कोच की नौकरी की पेशकश करने से पहले वह अपने परिवार से बात करेंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा है कि श्रीजेश जूनियर इंडिया टीम के कोच बनने के लिए तैयार हैं। श्रीजेश ने कहा, ''मुझे अभी प्रस्ताव मिला है। मैंने भोला सर से बात की है। अब बस घर वापस जाने, अपने परिवार से बात करने और कोई फैसला लेने का समय आ गया है।''

## अभिनव बिंद्रा ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित



**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनके 'विशिष्ट योगदान' के लिए प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया। बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बने बिंद्रा को शनिवार को यहां अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 142वें सत्र के दौरान यह सम्मान प्रदान किया गया।

बिंद्रा ने कहा, ''जब मैं छोटा था तो ये ओलंपिक रिंग्स ही थे, जिन्होंने मेरे जीवन को अर्थ दिया। उन्होंने कहा, ''और दो दशक से अधिक समय तक अपने ओलंपिक सपने को पूरा करने में सक्षम होना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी।



# स्वदेश वापसी पर नदीम का भव्य स्वागत

**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम का स्वदेश वापसी पर प्रशंसकों ने जोरदार स्वागत किया और वह अपने परिवार से मुलाकात के दौरान काफी भावुक नजर आए। नदीम जब यहां पहुंचे तो उनका स्वागत 'वाटर कैनन सैल्यूट' से किया गया।

यह एक राष्ट्रीय नायक का स्वागत था क्योंकि हजारों प्रशंसक नदीम की एक झलक पाने के लिए बेताब थे और धक्का-मुक्की के बीच उनके नाम के नारे लगा रहे थे।

नदीम ने पेरिस खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में 92.97 मीटर की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता था। यहां पहुंचने पर नदीम ने अपनी मां, पिता और बड़े भाई को गले लगाया। अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लाउंज के अंदर एक भावनात्मक पुनर्मिलन के दौरान उनके परिवार उन्हें माला पहनाई। बाद में उन्होंने अपने परिवार के अन्य सदस्यों और कुछ ग्रामीणों से भी मुलाकात की जो पंजाब प्रांत के ग्रामीण खानेवाल क्षेत्र में उनके गृह नगर मियां चन्नू से आए थे। जैसे ही नदीम और उनका परिवार टर्मिनल के निकास द्वार पर पहुंचा तो जो तख्तियां और पोस्टर लिए हुए लोग उन्हें माला पहनाने के लिए दौड़ पड़े और उन्हें अपने कंधों पर उठाने की कोशिश करने लगे।

# मुक्केबाज लिन यू-टिंग ने स्वर्ण पदक जीता



**पेरिस।** ताइवान की लिन यू-टिंग ने पूरे पेरिस ओलंपिक मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दौरान संयमित और शांत रहने की लड़ाई लड़ी और इन खेलों का अंत स्वर्ण पदक के साथ किया। वह तब भी संयमित रहीं जब ऐसा लग रहा था कि दुनिया के अधिकांश लोग उन्हें बदनाम कर रहे हैं, उन्हें गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं और उनके अस्तित्व की पकृति पर ही सवाल उठा रहे हैं। यू-टिंग ने फाइनल में पोलैंड की जूलिया सेरेमेटा को 5-0 से हराकर अपने देश के लिए पहला ओलंपिक मुक्केबाजी स्वर्ण पदक जीता। इस फ्लाइवेट मुक्केबाज ने अपना सोशल मीडिया बंद कर दिया, अपनी ट्रेनिंग जारी रखी और एक के बाद एक शानदार जीत हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन जब उन्होंने पोडियम पर अपने गले में स्वर्ण पदक के साथ खड़े होकर ताइवान का राष्ट्रगान सुना तो यू-टिंग भावुक हो गईं। यू-टिंग ने शनिवार रात अपने भार वर्ग में वर्चस्व स्थापित किया। एक दिन पहले इमान खेलीफ के बाद उन्होंने भी रिंग के अंदर और दुनिया भर में उनके नारीत्व के बारे में गलत धारणाओं का शानदार जवाब दिया।



## प्रज्ञानानंदा को सेंट लुई रेपिड में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा यहां शुरू हो रहे सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से भिड़ेंगे। हाल के टूर्नामेंट में प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट के बावजूद प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर की अंतिम तालिका में पोडियम पर जगह बनाना चाहेंगे। इससे उन्हें बोनस नकद पुरस्कार राशि भी मिलेगी। अब तक के समग्र टूर परिणामों में तीसरे स्थान पर चल रहे प्रज्ञानानंदा के पास अपनी स्थिति सुधारने के लिए लगातार दो टूर्नामेंट हैं। वह रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट के तुरंत बाद वह सिंकफील्ड कप में हिस्सा लेंगे जहां उनके साथ हमवतन और विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश भी चुनौती पेश करेंगे। रोमानिया के बुखारेस्ट और क्रोएशिया के जाग्रेब में दो लगातार जीत के साथ पिछले साल के टूर विजेता अमेरिका के फैबियानो करुआना 22.25 अंक के साथ शीर्ष पर हैं।

# अमृतसर में भारतीय हॉकी खिलाड़ियों का स्वागत

**एजेंसी, चंडीगढ़**



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्यों का रविवार को अमृतसर हवाई अड्डे पर परिवार के सदस्यों और उत्साही प्रशंसकों ने ढोल बजाकर जश्न मनाते हुए जोरदार स्वागत किया। पेरिस खेलों में स्पेन को 2-1 से हराकर भारत ने ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता।

खिलाड़ियों के विमान से उतरने के तुरंत बाद परिवार के सदस्यों ने उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और गर्मजोशी से गले मिले। इसके बाद मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल और कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला जैसे राज्य के राजनेताओं ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह स्वागत से अभिभूत थे और उन्होंने भविष्य में अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की उम्मीद जताई। अमृतसर के तिम्मोवाल गांव के रहने वाले हरमनप्रीत ने कहा, ''हम भविष्य में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, ताकि इस खेल को और अधिक प्यार मिले।''

इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को प्यार से 'सरपंच' कहा जाता है। हरमनप्रीत ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इस भारतीय टीम का नेतृत्व करने का मौका मिला। उन्होंने समाज को एक व्यापक संदेश में युवाओं से खेल को अपनाने, अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और नशीली दवाओं से दूर रहने का आग्रह किया। हरमनप्रीत के साथ राज्य के अन्य खिलाड़ी जैसे मनदीप सिंह, मनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह और हार्दिक सिंह भी पहुंचे। बाद में खिलाड़ी प्रार्थना करने के लिए स्वर्ण मंदिर गए।

## दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर 154 रन की बढ़त बनाई

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के वर्षा से प्रभावित चौथे दिन 154 रन की कुल बढ़त हासिल कर ली लेकिन ड्रॉ से बचने के लिए उसे अनुकूल मौसम की जरूरत होगी। शनिवार को शुरुआती छह घंटे का खेल बारिश के कारण धुलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने मेजबान टीम को 233 रन पर आउट करके पहली पारी में 124 रन की बढ़त हासिल की और फिर दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोए 30 रन बनाकर 154 रन की कुल बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 145 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन आखिरी छह विकेट सिर्फ 60 रन जोड़कर 233 रन तक गंवा दिए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की जीत की उम्मीद बंधी। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि जीत दर्ज करने के लिए अंतिम दिन बारिश नहीं होने की प्रार्थना करनी होगी। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने 19 रन देकर चार विकेट चटकाए। दिन का खेल खत्म होने पर टोनी डी जॉर्जी 14, जबकि एडेन मार्करम नौ रन बनाकर खेल रहे थे। पहले टेस्ट मैच का प्रत्येक दिन बारिश से प्रभावित रहा है। पहले दिन केवल 15 ओवर फेंके जा सके।

## ताहिला मैकग्रा के अर्द्धशतक से ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने भारत 'ए' को सात विकेट से हराया



**ब्रिसबेन।** ताहिला मैकग्रा की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया महिला 'ए' टीम ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी-20 क्रिकेट मैच में भारत 'ए' को सात विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो मैच क्रमशः पांच रन और आठ विकेट से जीते थे। भारत के 121 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ताहिला की 22 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों से नाबाद 51 रन की पारी के बदौलत सिर्फ 13.5 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर जीत दर्ज की।




**प्रतिक्रिया** टोक्यो में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा बोले-

# अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ भारत में प्रतिस्पर्धा करना मेरा सपना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को उम्मीद है कि पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद वह जल्द ही भारत में अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे।

नीरज ने पेरिस में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर तक भाला फेंककर ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 88.54 मीटर के थ्रो से तीसरे स्थान पर रहे। स्पर्धा में जूलियन वेबर, याकूब वाडलेच और जूलियस येगो जैसे कुछ शीर्ष खिलाड़ी भी प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

नीरज ने कहा, ''भारत में अन्य अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ प्रतिस्पर्धा करना मेरा सपना है। उम्मीद है कि भारत में जल्द ही एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी और मैं ऐसा कर पाऊंगा।'' टोक्यो में स्वर्ण के बाद पेरिस में रजत पदक के साथ लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीतने वाले नीरज ने कहा कि वह अपने खेल के कुछ क्षेत्रों पर काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं अब एक नए सत्र में प्रवेश कर रहा हूं इसलिए मेरे पास ट्रेनिंग विधियों या तकनीक को बदलने के लिए इतना समय नहीं है, लेकिन मुझे कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की उम्मीद है, खासकर भाला फेंकने की लाइन में।''



नीरज ने कहा, ''भाला फेंकने का सही कोण ताकि मुझे अपने थ्रो में अधिक शक्ति मिले। मैं निश्चित रूप से इस पर काम करूंगा।'' इस भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस खेलों में शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं होने के बावजूद वह फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते थे। उन्होंने कहा, ''शरीर काफी अच्छी स्थिति में नहीं था। लेकिन जब अरशद ने वह थ्रो किया...मैं अपना सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाया क्योंकि मेरे दिमाग में यह विचार था कि मुझे सर्वश्रेष्ठ थ्रो करना है क्योंकि प्रतिस्पर्धा पहले से ही बहुत कठिन हो गई थी।''